CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 23° C

बरेली, गुरुवार 21 अगस्त 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 266 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 26 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश को पुलिस स्टेट बनाने की साजिश :ओवैसी पेज 2



वनडे बैटर्स रैंकिंग से रोहित-कोहली गायब खेल टाइम्स



जननायक राहुल गांधी का एक और दांव सम्पादकीय



हमारे कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं: रूस पेज 12

# अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण, रेंज 5000 किमी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**चीन और पाकिस्तान तक मार करने की क्षमता, भारत की पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल**

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण कर लिया है। ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में बुधवार को इसकी टेस्टिंग हुई।

यह मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) टेक्नोलॉजी से लैस है। यानी इसे एक साथ कई टारगेट्स पर लॉन्च किया जा सकता है। इसका पहला परीक्षण अप्रैल 2012 में हुआ था। अग्नि-5 की रेंज 5000 किमी है। ऐसे में यह मिसाइल पाकिस्तान, चीन, तुर्की जैसे कई देशों तक मार करने की क्षमता रखती है। मिसाइल 7500 किलोग्राम के बंकर बस्टर वारहेड ले जाने और जमीन में 100 मीटर की गहराई तक जाकर दुश्मनों के न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कंट्रोल सेंटर, हथियार स्टोरेज को तबाह कर सकेगी। डिफेंस मिनिस्ट्री ने बुधवार को अग्नि-5 के सफल परीक्षण की जानकारी दी। अग्नि-5 भारत की पहली और एकमात्र इंटर कान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। ये भारत के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइलों में से एक है।

## भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि एक हाई लेवल मीटिंग में फाइटर जेट की खरीद को अंतिम मंजूरी दे दी गई।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता पर हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सीएम आवास में जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ।

दिल्ली सीएम ऑफिस ने बयान में कहा कि बुधवार को जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पर हमला किया। उसे दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ की जा रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आरोपी ने सीएम का हाथ पकड़कर खींचा। वे मेज के कोने से टकराईं। सिर पर चोट आई है। मीडिया में चल रही थप्पड़ वाली बात गलत है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी पर अटेम्प्ट टू मर्डर (हत्या की कोशिश) का केस दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी को बुधवार को ही कोर्ट में पेश भी किया गया। आरोपी का नाम राजेशभाई खीमजीभाई सकरिया (41) है। वह गुजरात के राजकोट का रहने वाला है।




## NCERT ने ऑपरेशन सिंदूर पर स्पेशल मॉड्यूल किया जारी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) ने दो स्पेशल मॉड्यूल जारी किए हैं। इन्हें क्लास 3 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर शामिल किया गया है। मॉड्यूल में बताया गया है कि पाकिस्तान भले ही पहलगाम आतंकी हमले में किसी भी तरह से शामिल होने से इन्कार करता है, लेकिन यह हमला पाकिस्तान की सैन्य और राजनीतिक लीडरशिप के सीधे आदेश पर हुआ था। ये मॉड्यूल स्कूली बच्चों के बीच भारत की सैन्य शक्ति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से बनाए गए हैं। क्लास 3 से 8 के लिए मॉड्यूल का टाइटल ऑपरेशन सिंदूर-वीरता की गाथा और 9 से 12 तक के लिए मॉड्यूल का टाइटल ऑपरेशन सिंदूर- सम्मान और बहादुरी का मिशन है। एनसीईआरटी के स्पेशल मॉड्यूल रेगुलर कोर्स का हिस्सा नहीं होते। इसे कोई खास टापिक बच्चों को समझाने के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर तैयार किया जाता है।

# नया विधेयक: 30 दिन हिरासत में रहे, तो माननीय खो देंगे पद

## सरकार लाई बिल, मंजूरी के लिए जेपीसी को भेजा गया

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की, सदन में गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले फेंके**

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री की गंभीर अपराध में गिरफ्तारी और 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रखे जाने पर उन्हें पद से हटाने के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक तथा दो अन्य विधेयकों को विपक्ष के भारी विरोध और हंगामे के बीच संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया।

क्षुब्ध विपक्षी सदस्यों ने सदन में गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले भी फेंके। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी विरोध के बीच संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 संसद में पेश किया। विपक्षी दलों ने इन विधेयकों को विपक्षी दलों की सरकारों को लक्ष्य कर बनाया गया विधेयक करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की। विधेयक में प्रावधान है कि पांच वर्ष या उससे अधिक की सजा वाले गंभीर अपराधों में अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी अन्य मंत्री को 30 दिन की हिरासत में रखा जाता है, तो इसके अगले दिन ही उसे पदमुक्त समझा जाएगा। हिरासत से छूटने के बाद ऐसे व्यक्ति को फिर से पद दिया जा सकता है। श्री शाह ने विधेयक को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया जिसे ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया गया।

## टीम इंडिया की स्पॉन्सर ड्रीम-11 हो सकती है बैन

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच ऑनलाइन खेल संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक को लेकर कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी हाल के कुछ वर्षों में तेजी से फैल रही है। इससे शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में सीखने के अनेक आसान उपाय एवं साधन उपलब्ध हुए हैं और लोगों के सीखने की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक ई-स्पोर्ट और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करता है।

# अब्बास अंसारी की विधायकी होगी बहाल



**■ हाईकोर्ट ने दो साल की सजा पर रोक लगाई**

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में बुधवार को मुख्तार अंसारी के बेटे पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी की याचिका को मंजूर कर लिया और उनको एमपी- एमएलए स्पेशल कोर्ट मऊ से मिली दो साल की सजा रद्द कर दी है। बता दें कि अब्बास अंसारी ने सजा रद्द करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस समीर जैन ने अब्बास अंसारी की 2 साल की सजा को रद्द कर दिया है। अब अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल हो जाएगी।

## मोदी की स्नातक डिग्री विवाद मामले में फैसला टला

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पीएम मोदी की स्नातक डिग्री विवाद से संबंधित मामले में बुधवार को अपना फैसला टाल दिया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था। उन्होंने यह भी कहा कि डीयू को अदालत को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है। हाईकोर्ट ने डीयू की याचिका पर सुनवाई के बाद 23 जनवरी, 2017 को सीआईसी के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीआईसी ने 21 दिसम्बर, 2016 को आवेदक नीरज को उन सभी विद्यार्थियों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दी थी, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से 1978 में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

# राज्यपाल-सरकार रिश्ते पर सुप्रीम नजर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ अदालत ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा- संविधान निर्माताओं का सपना, हकीकत से कितना दूर**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आजादी के बाद से देश संविधान निर्माताओं की उस उम्मीद पर खरा उतरा है, जिसमें राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य और आपसी परामर्श की व्यवस्था की कल्पना की गई थी।

यह टिप्पणी पांच जजों की संविधान पीठ ने की, जिसकी अध्यक्षता चीफ जस्टिस बीआर गवई कर रहे हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंद्रचूड़कर भी शामिल हैं। वहीं सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से पेश होकर कहा कि संविधान सभा में राज्यपाल की नियुक्ति और उनकी शक्तियों को लेकर गहन बहस हुई थी। अक्सर आलोचना होती है कि राज्यपाल का पद राजनीतिक शरण लेने वालों का ठिकाना है, लेकिन असल में यह पद संवैधानिक जिम्मेदारियों और कुछ निश्चित शक्तियों से जुड़ा हुआ है। पीठ राष्ट्रपति के उस राष्ट्रपति संदर्भ पर सुनवाई कर रही है, जिसमें सवाल उठाया गया है कि क्या सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकता है कि वे राज्य विधानसभाओं से पास हुए बिलों पर तय समय सीमा के भीतर फैसला लें। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अटॉर्नी जनरल से यह पूछा था कि आखिर क्यों कई राज्यों के विधानसभा से पास हुए बिल साल 2020 से ही राज्यपालों के पास लंबित पड़े हुए हैं। यह चिंता का विषय है, लेकिन अदालत संवैधानिक दायरे में रहकर ही अपनी राय देगी।



## संक्षिप्त समाचार

### राजीव गांधी की 81वीं जयंती, संसद में श्रद्धांजलि दी गई

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बुधवार को 81वीं जयंती थी। इस मौके पर संसद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई सांसद शामिल हुए। इधर, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली के वीर भूमि पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस पूर्व पीएम के जन्मदिवस को दिवस के रूप में मना रही है। राहुल गांधी ने एक्स पर पापा राजीव गांधी की फोटो शेयर कर लिखा कि एक ऐसा भारत जहां हर नागरिक को सम्मान मिले, जहां सद्भावना हो, लोकतंत्र और संविधान से देश मजबूती से खड़ा हो। पापा, आपके देखे इस सपने को पूरा करना ही मेरा जीवन लक्ष्य है। पीएम मोदी ने कहा कि आज उनकी जयंती पर, पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को मेरी श्रद्धांजलि।

### मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज दफ्तर बंद

**नई दिल्ली।** मुंबई में तेज बारिश का बुधवार को तीसरा दिन था। 24 घंटे में यहां 300 एमएम बारिश हुई। मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद रहे। मुंबई लोकल की 34 ट्रेनें (17 जोड़ी) कैंसिल हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है। मंगलवार शाम मुंबई में एक मोनोरेल से करीब 800 लोगों को रेस्क्यू किया गया। मैसूर कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे एक मोनोरल एलिवेटेड ट्रैक पर अटक गई थी। इसमें मौजूद 582 यात्रियों को विंडो तोड़कर क्रेन की मदद से करीब 40-50 फीट की ऊंचाई से रेस्क्यू किया गया।

# अधर्म के खिलाफ जारी रहेगा युद्धः अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा-भाजपा वोट चोर है, चुनाव आयोग-जिलाधिकारी इनके साथी

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने वोटी चोरी के मामले में भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि यूपी में 2022 के विधानसभा चुनाव में नाम काटने को लेकर हमने जो 18000 शपथपत्र दिए थे, भाजपा सरकार उनमें से एक का भी जवाब सही तरीके से देना नहीं चाहती है। यहां तक की चुनाव आयोग ने भी कह दिया कि उन्हें कोई शपथपत्र नहीं मिला।

अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग की बात को यूपी के 3 जिलाधिकारियों ने झूठा करार दे दिया है। उन्होंने 18000 शपथपत्र मिलने की बात स्वीकारी है। जिस तरह कासगंज, बाराबंकी, जौनपुर के डीएम हमारे 18000 शपथपत्रों के बारे में अचानक अति सक्रिय हो गए हैं, उसने एक बात तो साबित कर दी है कि जो चुनाव आयोग कह रहा था कि एफिडेविट की बात गलत है' एफिडेविट नहीं मिले, उनकी वो बात झूठी निकली। अब सतही जवाब देकर खानापूर्ति करने वाले इन जिला. धिकारियों की संलिप्तता की भी जांच होनी चाहिएख कोर्ट संज्ञान ले, चुनाव आयोग या डीएम में से कोई एक तो गलत है ही न? जो सीसीटीवी पर पकड़े गए हों उनके द्वारा अपने घपलों पर दी गई सफाई पर किसी को भी रत्ती भर विश्वास नहीं है। ऐसे भ्रष्ट लोग न तो अपने ईमान के सगे होते हैं, न परिवार, न समाज के, तो फिर भला अपने साझेदारों के कैसे होंगे।

ये बेईमान लोग देश और देशवासियों से ताउम्र दगा करते हैं और अंततः पकड़े जाने पर अपमान से भरी जिंदगी जीने की सजा काटते हैं। भाजपा सरकार, चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत वो 'चुनावी तीन तिगाड़ा' है, जिसने सारा काम बिगाड़ा है, देश के लो. कतंत्र पर डाका डाला है। अब जनता इस 'त्रिगुट' की अदालत लगाएगी। जिलाधिकारी को आगे करके चुनाव आयोग बच नहीं सकता। इस मामले की गहन जांच-पड़ताल हो। डीएम साहब दिखाएं कि नाम काटते समय जो 'मृतक प्रमाणपत्र' लगाए गए थे वो कहां हैं, अगर ये झूठ नहीं है तो ये सफाई देने में इतने साल क्यों लग गए? अखिलेश ने कहा कि किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। सरकार किसानों को खाद तक नहीं दे पा रही है। अयोध्या में किसान खाद के लिए घंटों लाइनों में खड़े हैं, ये लोग किसानों की आय दोगुनी करने की बात करते थे, लेकिन आज किसान लागत भी नहीं निकाल पा रहे। आलू किसान बुरी तरह से परेशान हैं।

राहुल गांधी के साथ यूपी चुनाव लड़ने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि यह धर्मयुद्ध है और इसमें साथ आना पड़ेगा। चुनाव आयोग पर बोलते हुए उन्होंने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया कि भाजपा वोट चोर है। ये लोग वोटों को त्रिकोण बनाकर चोरी करते हैं, जिसमें चुनाव आयोग और अधिकारी तक शामिल हो जाते हैं, लेकिन, 2027 का चुनाव हम कार्यकर्ताओं के सहयोग से लड़ेंगे और वोट चोरी नहीं करने देंगे।

# देश को पुलिस स्टेट बनाने की साजिश

## पीएम-सीएम व मंत्रियों को हटाने वाले विधेयक पर बोले ओवैसी

नई दिल्ली, वार्ता



■ इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज व जल्लाद दोनों बन जाएं

लोकसभा में बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन अहम विधेयक पेश किए, जिन पर संसद के अंदर तीखी बहस और हंगामा देखने को मिला।

एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इन तीनों विधेयकों का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह बिल संविधान में निहित शक्ति-विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है और जनता के जरिए चुनी हुई सरकारों के अधिकार को कमजोर करता है। ओवैसी ने कहा कि इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज और जल्लाद दोनों बन जाएं। ओवैसी ने संसद में कहा कि यह सरकार किसी भी कीमत पर देश को 'पुलिस स्टेट' में बदलने पर तुली हुई है। उनके अनुसार यह कदम चुनी हुई सरकारों पर सीधा हमला है और लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाला है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इन विधेयकों को लागू किया गया, तो यह भारत के लोकतंत्र पर 'डेथ नेल' (अंतिम वॉर) साबित होगा। ओवैसी ने इसे संविधान के साथ छेड़छाड़ कर जनता की आवाज दबाने की को. शिश बताया। ओवैसी के बयान के बाद विपक्षी दलों ने भी सरकार पर निशाना साधा। उनका आरोप है कि भाजपा सत्ता के केंद्रीकरण और कार्यपालिका को असीमित ताकत देने का काम कर रही है। विपक्ष का कहना है कि इससे न्यायपालिका की भूमिका कमजोर होगी और लोकतंत्र केवल नाम का रह जाएगा। इन विधेयकों को लेकर संसद के बाहर भी राजनीतिक टकराव तेज हो गया है और आने वाले दिनों में यह मुद्दा बड़ी बहस का कारण बनेगा।

# राधाकृष्णन ने उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया

नई दिल्ली, वार्ता

■ राजग के 160 सदस्य नामांकन के समय उपस्थित रहे

उप राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस ऐतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री उप राष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के प्रस्तावक बने।

इस अवसर पर उनके साथ मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और राजग सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेता तथा जनता दल यूनाइटेड से ललन सिंह और संजय झा, लोजपा (रामविलास) से चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के अलावा और भी कई केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे। श्री राधाकृष्णन का नामांकन चार सेटों में दाखिल हुआ है। जिनमें से प्रत्येक पर 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों के हस्ताक्षर हैं। पहले सेट में मुख्य प्रस्तावक के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के हस्ताक्षर हैं, जबकि बाकी सेटों में केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ राजग नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जो गठबंधन में व्यापक सहमति को दर्शाता है। उप राष्ट्रपति उम्मीदवार राधाकृष्णन के इस ऐतिहासिक मौके पर संसद भवन में नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान मंत्रियों और सांसदों सहित राजग के लगभग 160 सदस्य उपस्थित रहे।

## दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में 10 अन्य को भी नोटिस

# यूपी के तीन जिलों के कृषि अधिकारी सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ खाद की कमी पर सवाल उठाए जाने पर मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा अखिलेश को बोलने का कोई हक नहीं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि पदीय दायित्वों का निर्वहन में लाप. रवाही बरतने के आरोप में तीन जिलों के जिला कृषि अधिका. रियों को निलंबित करने के साथ ही दस अन्य लोगों को नोटिस जारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नोटिस उन लोगों को जारी की जा रही है, जिनके पास खेत कम है और उन्होंने खाद ज्यादा उठा ली है। यहां कृषि भवन में बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कृषि मंत्री  ने कहा कि जिन जिला कृषि अधिकारियों को निलंबित किया गया है। उनमें मंजीत कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी बलरामपुर प्रकाश चंद्र विश्वकर्मा और अशोक प्रसाद मिश्र जिला कृषि अधिकारी श्रावस्ती शामिल है। प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में खाद की कालाबाजारी को लेकर रिपोर्ट मंगाई जा रही है। जांच के बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा खाद की कमी पर सवाल उठाए जाने को लेकर कृषि मंत्री ने कहा कि अखिलेश को बोलने का कोई हक नही है। उनके समय मे खरीफ सीजन में केवल 91.45 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में खरीफ फसलों की बुवाई हुई थी, जबकि किसानों को समय से उन्नत बीज खाद पानी सिंचाई संसाधनों में निरंतर वृद्धि के परिणाम स्वरुप वर्ष 2023 24 में खरीफ के फसलों का आच्छादन बढ़कर 101-आई 8 हेक्टेयर हो गया है। 2024 में यह क्षेत्रफल 105.93 लाख हेक्टेयर हो गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार बनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 36000 किसानों की ऋण माफी की थी। कृषि मंत्री ने बताया कि महाराजगंज में जून माह के दौरान 186 लोग ऐसे पाए गए हैं। जिन्होंने एक मीट्रिक टन से लेकर 2.375 मीट्रिक टन तक यूरिया का क्रय किया गया है। इन लोगों के द्वारा चार बार से लेकर 13 बार तक खाद का क्रय किया गया है। जांच के दौरान यदि कालाबाजारी पाई जाती है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### राज्य कर विभाग ने बीमा कंपनियों को जारी किया नोटिस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह विभाग के राजस्व वृद्धि को बढ़ाने की कवायद के तहत रियल एस्टेट और खनन जैसे क्षेत्रों की तर्ज पर बीमा कंपनियों पर अपना ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। राज्य कर विभाग ने उत्तर प्रदेश में राज्य जीएसटी के तहत पंजीकृत सभी बीमा कंपनियों को नोटिस जारी कर लगभग 40 प्रश्नों के उत्तर मांगे हैं, ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि क्या वे प्रीमियम पर ग्राहकों से वसूला गया पूरा जीएसटी जमा कर रही हैं अथवा नहीं। पहली बार, विभाग ने अपने मुख्यालय में एक संयुक्त आयुक्त के अधीन सेंटर भी स्थापित किया है ताकि यह जांच की जा सके कि क्या बीमा कंपनियां कर-संबंधी शिकायतों में लिप्त हैं या किसी प्रकार की अनियमितता में लिप्त हैं जिससे राज्य के खजाने को राजस्व का नुकसान हो रहा है।



सेंसेक्स 81857.84
निफ्टी 25000



सोना रु. 98803
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 111225
प्रति किलो



# आईटी, एफएमसीजी में लिवाली से गुलजार हुआ शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



आईटी, एफएमसीजी और रियलिटी क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (सूचकांक) का निफ्टी-50 सूचकांक करीब चार सप्ताह बाद 25,000 अंक के पार बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 213.45 अंक (0.26) प्रतिशत की तेजी के साथ 81,857.84 अंक पर पहुंच गया। आईटी सेक्टर में लिवाली से इंफोसिस और टीसीएस के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक कारोबार की समाप्ति पर 69.90 अंक यानी 0.28 फीसदी की बढ़त में 25,050.55 अंक पर रहा। यह गत 24 जुलाई के बाद पहली बार 25 हजार अंक के पार बंद हुआ है। दोनों प्रमुख सूचकांकों में सुबह मामूली उतार-चढ़ाव था, लेकिन बाद में उनका ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। मजबूत निवेश धारणा के कारण सेंसेक्स और निफ्टी-50 लगातार पांचवें दिन मजबूती के साथ बंद हुए हैं। आईटी कंपनियों में निवेशकों ने जमकर लिवाली की और निफ्टी आईटी 2.69 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी रियलिटी में भी एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बैंकिंग, वित्तीय सेवा, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स 27.08 अंक की तेजी के साथ 81,671.47 अंक पर खुला। खुलने के तुरंत बाद यह 81,494.50 अंक तक उतर गया। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 81,985.62 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 14.85 अंक की गिरावट में 24,965.80 अंक पर खुला। यह नीचे 24,929.70 अंक और ऊपर 25,088.70 अंक तक गया। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक भी 0.30 अंक की बढ़त में रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी मिडकैप-50 में 0.57 फीसदी और स्मॉलकैप-100 में 0.46 फीसदी की तेजी रही।

# सोने और चांदी के भाव में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को भारी गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 365 रुपए गिरकर 98,803 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी 2,400 रुपए कम होकर 1,11,225 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,625 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,003,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,950 रुपये रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,200 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,850 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,641 रुपए बढ़कर 98,803 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 25,208 रुपए बढ़कर 1,11,225 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# गेहूं महंगा, चावल हुआ सस्ता, दालों व खाद्य तेलों में रही तेजी



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं में तेजी देखी गयी। चीनी के भाव में लगभग टिकाव रहा, जबकि दालें और खाद्य तेल महंगे हो गए। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 24 रिंगिट फिसलकर 4,497 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51.51 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 14 रुपए फिसलकर 3,819.41 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं चार रुपए प्रति क्विंटल बढ़कर 2,841.09 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। वहीं, आटा 3,293.57 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन करीब 72 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। मूंगफली तेल 54 रुपए फिसल गया, जबकि वनस्पति में 65 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। पाम ऑयल आठ रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 44 रुपए की तेजी रही। सोया तेल भी 57 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन दो रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गयी। तुअर दाल और मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपए और उड़द दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब चार रुपए बढ़ गयी। चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा।

# भारतीय प्रबंधन संस्थान विधेयक राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने असम के गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान खोलने से संबंधित भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 बुधवार को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही विधेयक पर संसद की मुहर लग गई है। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग नहीं माने जाने पर जोरदार हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन किया। विपक्ष के हंगामे के कारण दो बार के स्थगन के बाद पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने अपराह्न दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक चर्चा और पारित करने के लिए कहा। प्रधान के बोलने के लिए खड़े होते ही विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूची के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी। विपक्षी सदस्य आसन के निकट आकर नारेबाजी करने लगे। इस पर कलिता ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अपनी बात रखने की अनुमति दी। खड़गे ने मतदाता सूची के मुद्दे को उठाने की कोशिश की, लेकिन आसन ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। आसन ने कहा कि आप इस विधेयक के अलावा और किसी विषय पर बात नहीं रख सकते। विपक्ष के सदस्य इसके विरोध में नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। इसके बाद सदन ने संक्षिप्त चर्चा और शिक्षा मंत्री द्वारा उसका जवाब दिए जाने के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक के कुछ प्रावधानों पर संशोधन के प्रस्ताव दिए थे, लेकिन सदस्यों के सदन से अनुपस्थित रहने के कारण इन्हें सदन में नहीं रखा जा सका। विधेयक में गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना का प्रावधान है। संस्थान के पहले निदेशक मंडल के गठन तक इसका कामकाज केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति संभालेंगे। इस संस्थान पर 5500 करोड़ रूपए की लागत आएगी। विधेयक में भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम 2017 में संशोधन के साथ-साथ भारतीय प्रबंधन संस्थानों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान घोषित करने और उनके कामकाज को विनियमित करने के प्रावधान किए गए हैं।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# भ्रूण लिंग परीक्षण में दम्पति समेत छह पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल में मंगलवार को हरियाणा स्वास्थ्य विभाग और अमरोहा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक घर में चल रहे अवैध भ्रूण लिंग परीक्षण केंद्र का पर्दाफाश किया था। जिसमें हरियाणा के रोहतक जिले के पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ विश्वजीत ने अमरोहा पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ दिनेश कुमार सक्सेना के साथ मिलकर यह कार्यवाही की थी। इस छापा मार कार्यवाही में एक घर के कमरे में पोर्टेबल अल्ट्रासाऊंड मशीन से हरियाणा और पंजाब से आने वाली गर्भवती महिलाओं का भ्रूण लिंग परीक्षण किया जा रहा था। टीम ने मौके से एक अल्ट्रासाउंड पोर्टेबल मशीन तथा 25 हजार रुपए की नगदी बरामद की थी। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि अमरोहा के पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार सक्सेना की तहरीर पर देवेंद्र उसकी पत्नी पूनम महिला दलाल सुधा निवासी पिलखुवा अमन,राहुल एवं धीरू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी देवेंद्र,पूनम एवं सुधा को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### बीते दिन हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने मारा था छापा



### विभाग की शह पर तो नहीं किया जा रहा था भ्रूण लिंग परीक्षण ?

# स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर सवालों के घेरे में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हसनपुर में पकड़े गये भ्रूण लिंग परीक्षण को लेकर स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इतना बड़ा मामला पकड़े जाने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि कहीं न कहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी इसमें शामिल हैं।

पिछले कई वर्षो से स्वास्थ्य विभाग लगातार चर्चाओं में है। पूर्व में जब सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह ने हसनपुर में कई अवैध अस्पताल व अल्ट्रासाउंड केन्द्र सील कराये थे तो भाजपा नेता एवं जिला पंचायद सदस्य पति पिंटू भाटी ने सीएमओ की गाड़ी को सड़क पर रोक. कर उनसे जमकर नोकझोंक की थी तथा अपने चेहते का अस्पताल की सील तोड़ने के लिए सीएमओ पर दबाव बनाया था। काफी फजीहत के बाद सीएमओ ने तीसरे दिन इस मामले में भाजपा नेता समेत उसके साथियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जो आज तक ठंडे बस्ते में पड़ी है। चर्चा है कि सीएमओ डा. सत्यपाल ने भाजपा नेता से माफी मांगकर अपना पिंड छुड़ाया है। भाजपा नेता पिंटू भाटी ने सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह पर गंभीर आरोप लगाये थे। उनका कहना था कि जिले में सैकड़ो अवैध अस्पताल व अल्ट्रासाउंड केन्द्र तथा झोलाछापों से प्रति माह स्वास्थ्य विभाग पर करोड़ो रूपये की वसूली का आरोप लगाया था। जिस पर डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने नोडल अधिकारी डा. शरद कुमार को उनके पद से हटाकर जिलेभर के एमओआईसी का झोलाछाप व अवैध अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जिम्मेदारी सौंपी थी। उधर हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव करनखाल में अवैध गर्भपात के मामले में एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की किरकिरी की है। बीते दिन हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में छापा मारकर अवैध भ्रूण परीक्षण करने वाले डाक्टर दम्पति को गिरफ्तार करवाया था। बताया जाता है कि यह काम यहां वर्षो से किया जा रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि जिले का स्वास्थ्य विभाग इससे अंजान था या अधिकारियों की साठगांठ के चलते यहां अवैध भ्रूण परीक्षण का धंधा फल फूल रहा था। इस मामले में महिला समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**हरियाणा के रोहतक की टीम ने डाक्टर दम्पति को पकड़ा रंगेहाथ**

## जमीन के बंटवारे को लेकर भिड़े दो पक्ष

**जोया।** थाना क्षेत्र के असगरीपुर गांव में वुद्धवार को जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस विवाद में एक युवक घायल हो गया। स्व इस्तेकार का बेटा मोहम्मद अरमान, जो राजस्थान में मस्जिद में इमामत करते हैं। अपने घर पर मकान का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान परिवार के अन्य सदस्यों ने विरोध किया। देखते ही देखते बात बढ़ गई और गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में मोहम्मद अरमान घायल हो गए। घायल मोहम्मद अरमान ने थाने पहुंचकर अपने तहेरे भाई तुफैल, अनवर, अरशद, मुजम्मिल और चाचा लल्ला सहित पांच लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जोया के सरकारी अस्पताल भिजवाया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# नुमाइश मेले के विरोध में उतरे सभासद

### डीएम को ज्ञापन सौंप बतायीं समस्याएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पंचायत जोया के सभासदों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम निधि गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि जोया में परंपरागत रूप से भादो माह में दो दिन का छड़ी मेला लगता था। लेकिन वर्तमान में ठेकेदार, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और बड़े बाबू की मिलीभगत से 40 दिन का रात्रिकालीन नुमाइश मेला लगाया जा रहा है। सभासदों ने चि ता जताई कि जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बीच रात्रिकालीन मेला नगरवासियों के लिए समस्या बन सकता है। मेले में लगने वाले ऊंचे झूले और मौत का कुआं जैसे खतरनाक खेल पहले भी नुकसान का कारण रहे हैं। तेज साउंड सिस्टम से हृदय रोगियों को परेशानी हो रही है। आसपास की लाइब्रेरी, मदरसे, अस्पताल और स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बताया कि मेले में अब तक दो बार झगड़े हो चुके हैं और दो गुट बन गए हैं। इससे गोल. ीबारी की आशंका है। मेले के पास से गुजरती हाई टेंशन लाइन भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। सभासदों ने डीएम से नुमाइश मेले की अनुमति रद्द कर पारंपरिक दो दिवसीय छड़ी मेले की अनुमति देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सभासद मोहम्मद वाजिद, वीरवती सैनी, अताउर्रहमान, मंगेश, भूरा, रफीक, अमरवती आदि मौजूद रहे।

# गौकशी के तीन दोषियों को साढ़े तीन साल की सजा

### अदालत ने दस-दस हजार का जुर्माना भी सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गोकशी में अदालत ने तीन लोगों को दोषी करार दिया। तीन साल छह महीने जेल की सजा सुनाई है तथा 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। तीनों दोषी जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मृत्यु हो गई थी।

तीन जून 2019 की घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र की थी। पुलिस ने मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव फंदेड़ी सादात निवासी जीशान हैदर, कस्बे के मोहल्ला गूला तालाब निवासी सरताज हैदर, मोहल्ला हाता वाला निवासी अली मोहम्मद तथा शहर के मोहल्ला काजीजादा निवासी हैदर नकवी को गोवंशीय पशु का वध करते हुए रंगेहाथ पकड़ा था। मामले में तत्कालीन दरोगा सुरेश पाल ने आरोपियों के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने बाद में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। मुकदमे की सुनवाई एसीजेएम प्रथम की अदालत में चल रही थी। सुनवाई के दौरान आरोपी सरताज हैदर की मृत्यु हो गई थी। मंगलवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने जीशान हैदर, अली मोहम्मद व हैदर नकवी को दोषी करार दिया। तीनों को तीन साल छह महीने जेल की सजा सुनाई तथा 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# सर्पदंश से नवविवाहिता की मौत

### तीन माह पहले हुई थी शादी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** थाना क्षेत्र के भवालपुर माफी गांव में सर्पदंश से एक विवा. हता की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक का माहौल है। भवालपुर माफी गांव निवासी फहीम की 25 वर्षीय पत्नी रूकसार मंगलवार तड़के परिवार के साथ आंगन में सो रही थी। कुछ देर बाद वह उठकर कमरे में पड़ी खाट पर लेट गई। इसी दौरान अचानक सांप ने पहले उसके कूल्हे और फिर हाथ पर डंस लिया। रूकसार को भनक तक नहीं लगी और वह सामान्य रूप से उठकर खाना बनाने लगी। तभी उसके शरीर में तेज नशा फैलने लगा।स्वजन घबराकर उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल अमरोहा लेकर पहुंचेद्य जहां उपचार के दौरान रूकसार ने दम तोड़ दिया। सैंदरी गांव निवासी रूकसार की शादी मात्र तीन महीने पूर्व भवालपुर माफी फहीम से हुई थी। पति फहीम विदेश बहरीन में रहकर हेयर सैलून का काम करता है।बुधवार सुबह गमगीन माहौल में मृतका को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

### अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# नए तहसील भवन में बने उपनिबंधक कार्यालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सदर तहसील बार एसोसिऐशन पदाधिकारियों ने डीएम निधि गुप्ता वत्स को ज्ञापन सौंपकर नवीन तहसील भवन में उपनिबंधक कार्यालय, उपजिलाधिकारी कार्यालय और नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय स्थापित कराने की मांग की। बुधवार को एसोसिऐशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एडवोकेट के नेतृत्व सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान तहसील परिसर में उपनिबंधक कार्यालय, नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय, उपजिलाधिकारी व तहसीलदार कार्यालय एक ही स्थान पर उपलब्ध है। किंतु गुलड़िया में निर्माणाधीन तहसील भवन में यह कार्यालय प्रस्तावित नहीं है। इन कार्यालयों का निर्माण अलग-अलग स्थानों पर प्रस्तावित है। जिनकी आपस में दूरी लगभग 8 से 10 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र में है। तहसील परिसर अमरोहा में स्थित समस्त कार्यालयों का अलग अलग स्थापित किये जाने से जनता को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। एसोसिऐशन की मांग है कि नवीन तहसील परिसर में ही उपनिबंधक कार्यालय, उपजिलाधिकारी कार्यालय और नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय स्थापित किए जाएं। इसके अलावा अधिवक्ताओं के लिए स्थाई चौंबर्स एवं बार भवन का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में महासचिव सतेंद्र पाल सिंह एडवोकेट, शमीम अहमद एडवोकेट, हबीब अहमद एडवोकेट, प्रमोद भटनागर एडवोकेट, चंद्रपाल सिंह एडवोकेट, अशोक चौहान एडवोकेट, सऊद आसिफ एडवोकेट, गौरव शर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्ता।

# पालनपुर में अम्बेडकर की प्रतिमा खंडित की

### गांव में तनाव का माहौल, पुलिस की तत्परता से टला बवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पालनपुर में असामाजिक तत्वों ने मंगलवार देर रात संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया। ग्रामीणों का कहना था कि यह कृत्य समाज में वैमनस्य फैलाने और शांति भंग करने की सोची-समझी साजिश है। लोग हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। स्थिति को गंभीर होता देख पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया और हर हाल में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों के सहयोग से प्रतिमा की तत्काल पुनर्स्थापना कराई गई। इसके बाद माहौल धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। प्रतिमा को पुन: सही कर दिया गया है। वर्तमान में गांव में कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि प्रतिमा की मरम्मत और पुलिस की तत्परता से मामला शांत हो गया, लेकिन ग्रामीणों में अब भी रोष है। उनका कहना है कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर नकेल नहीं कसी गई तो आने वाले दिनों में बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है।

## क्विज प्रतियोगिता में विवेक व रिवेश प्रथम



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** क्विज प्रतियोगिता में विवेक कुमार व रिवेश कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों को एक हजार रूपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में कुंदन माडल इंटर कालेज में विज्ञान क्विज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें विवेक कुमार व निवेश कुमार ने पहला, कनिष्क व साइमीन ने दूसरा, यश कुमार व अमित तीसरे स्थान पर रहे। प्रथम आने वाले को एक हजार, द्वितीय को 750 व तृतीय को पांच सौ रूपये का नकद पुरस्कार व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सीपी सिंह, प्रयांशु आर्य, संतराम सिंह यादव, महेश शर्मा, सतेन्द्र चौहान, अमित सिरोही आदि मौजूद रहे।

# गांव कचिया में तेंदुआ दिखाई देने से दहशत

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कैलसा क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए की दस्तक से दशहत का माहौल बना है। अब क्षेत्र के गांव कचिया में जंगल के बीचोबीच एक खेत में बनी कोठरी पर तेंदुआ बैठा हुआ दिखाई दिया है। मंगलवार रात गांव से गुजर रहे लोगों ने तेंदुए को बैठे देख मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद से आसपास गांवों के लोगों में दहशत का माहौल बना है। वन अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी गई है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर रात अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कचिया से कुछ लोग कार में सवार होकर गुजर रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही उनकी कार की हेडलाइट की रोशनी खेत में बनी कोठरी पर पड़ी तो उस पर तेंदुआ बैठा हुआ दिखाई दिया। तेंदुए को देख कार में सवार लोग सहम गए, उन्होंने कार के भीतर से ही मोबाइल द्वारा तेंदुए का वीडियो बना लिया। इसके बाद कार सवार लोगों ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को जंगल में तेंदुए के होने की जानकारी दी। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडों लेकर उसी कोठरी के पास जमा हो गए जिसकी छत पर तेंदुआ बैठा हुआ दिखाई दिया था। लेकिन चहल-पहल होने पर तेंदुआ छत से कुलांच मारकर गन्ने के खेत में छिप गया। काफी देर तलाश की लेकिन तेंदुआ फिर दिखाई नहीं दिया। ग्रामीणों के मुताबिक इससे पूर्व भी जंगल में तेंदुए को देखा जा चुका है। वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई है। पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। तेंदुए के पकड़े नहीं जाने पर ग्रामीणों ने बड़ी घटना होने की आशंका जताई है।

# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में खुलेगा प्लेसमेंट सेल



### छात्रों को डिग्री के बाद मिलेगा रोजगार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** मुरादाबाद के जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने कहा कि छात्रों को डिग्री के बाद रोजगार की दिक्कत न हो इसके लिये विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल का गठन किया जायेगा। जेएस हिन्दू पीजी कालेज में प्रो. सचिन माहेश्वरी पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में परास्नातक कक्षाओं हेतु ऑन लाइन प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। विश्वविद्याय द्वारा जल्द 31 नये पाठक्रम संचालित किये जायेंगे। भविष्य में मेडिकल व कृषि विज्ञान के कक्षाओं को शुरू कराया जायेगा। उन्होंने भरोसा दिया कि विश्वविद्यालय में नकलविहीन, शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी परीक्षा कराई जायेगी। श्री माहेश्वरी ने कहा कि डिग्री हासिल करने के बाद छात्रों को रोजगार के लिये न भटकना पड़े इसके लिये विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल का गठन किया जायेगा। कालेज के प्राचार्य प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने कुलपति सचिन माहेश्वरी व कुलसचिव गिरीश कुमार द्विवेदी को स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया।

# पुरानी पेंशन बहाली को शिक्षकों का धरना

### प्रदेश सरकार पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुरानी पेंशन बहाली व अन्य मांगों को लेकर शिक्षकों ने जिला विद्यालय कार्यालय पर धरना दिया। उन्होंने ज्ञापन सौंप प्रदेश सरकार पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।

माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री डा. जीपी सिंह ने धरने को संबोधित करते कहा कि सरकार शिक्षकों की अनदेखी कर रही है। जिला कार्यकारिणी सदस्य अतुल शर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल की जाये ताकि बुढ़ापे पर शिक्षकों को सहारा मिल सके। जिलाध्यक्ष गुरनाम सिहं ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों की मांगें मानना तो दूर उन्हें मिल रही सुविधाओं को भी कम करती जा रही है। जिला महामंत्री बालक राम ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षकों की जायज मांगों को जल्द पूरा किया जाये। जिला कोषाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह ने कहा कि वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिये समान वेतन दिया जाये। धरना देने वालो में महिपाल सिंह, दानिश हबीब खान, आसिम अब्बासी, हसनैन नवाज, चारू शर्मा, डा. नरेश कुमार, लोके कुमार, एजाज हसन, जसवंत सिंह, शिवराज सिंह, सिद्धार्थ पांडेय, शिव शंकर यादव, डा. कलीम सूरी, चंदन नकवी, पुष्पा शामिल थी।



## कुत्ते से टकराकर बाइक सवार घायल

**हसनपुर।** अचानक कुत्ते के आ जाने के कारण बाइक उससे टकराकर सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया गया है। जनपद संभल के एक गांव निवासी सुमित गजरौला की आरसीएल कंपनी में कार्य करता है। बुधवार की शाम वह अपने साथी शोभित चौहान ग्राम दाउदपुर के साथ बाइक पर ड्यूटी पूरी करने के बाद घर लौट रहा था। उनकी बाइक जब दीप पुर गेट के समीप पहुंची तो अचानक आया कुत्ता बाइक से टकरा गया। जिससे सुमित बाइक समेत सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया।

## किसान के घर से 70 हजार का माल चोरी

**हसनपुर।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव को ओगपुरा में बीती रात अज्ञात चोर किसान ओमपाल के घर में घुस गये। चोरों ने किसान के घर के मुख्य द्वार को खोला तथा भीतर चले गये। उन्होंने संदूक में रखी 50 हजार की नगदी चांदी का कुल्हा को चोरी कर लिया। उस समय किसान अपनी पत्नी मालवती और बच्चों के साथ घर से 500 मीटर दूर अपनी मां कश्मीरी के घर गया हुआ था। और रात को किसान परिवार के साथ वही सो गया था। चोरों ने इसी बात का फायदा उठाया और चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। किसान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना आदमपुर पुलिस को तहरीर दे दी है।पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

## किसानों की समस्याओं का करें निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एडीए न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप ने कहा कि अधिकारी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका समाधान करें। कलेक्ट्रेट में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम धीरेन्द्र प्रताप ने गन्ना भुगतान, चकबंदी विभाग, बैंक, विद्युत, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिये। इसके अलावा किसानों को पशु, कृषि, उद्यान, मंडी, बैंक आदि द्वारा चलायी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी। इस मौके पर उप कृषि निद. ेशक डा रामप्रवेश, जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. आभा दत्ता, जिला गन्ना अधिकारी मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को दी साइबर अपराध की जानकारी

## यातायात के नियमों का करें पालनः एसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** एसपी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया तथा उन्हें साइबर क्राइम से बचने, यातायात नियमों का पालन करने हेतु जाग रुक करते हुए अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने की अपील क बुधवार को गांव डिडौली पहुंचे एसपी अमित कुमार आनंद ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्होंने बढ़ रहे साइबर क्र इम के संबंध में जागरुक किया। बताया कि किसी अंजान व्यक्ति से अपना बैंक खाता/एटीएम से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा न करें। ना कोई ओटीपी शेयर करें। वहीं, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदर्शित किए जाने वाले लुभावने विज्ञापनों से प्रभावित होकर वस्तुओं के खरीदने से बचें या खरीदने से पहले विक्रेता का भलि-भांति सत्यापन करने को कहा। एसपी ने कहा कि यदि किसी के साथ साइबर फॉड होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 या फिर नजदीकी थाने पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते ऐसे मामलों में कार्रवाई की जा सके। यातायात नियमों के पालन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। इसके साथ ही एसपी ने ग्रामीणों से भयमुक्त रहने और अफवाहों से बचने की अपील की। बताया कि रात्रि में अज्ञात व्यक्ति को चोर समझकर उसकी पिटाई करना अपराध है, इससे निर्दोष व्यक्ति की जान पर भी संकट आ सकता है। ऐसी स्थिति में संदेह होने पर तत्काल 112 पर सूचना दें, जिससे पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर सके। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह मौजूद रहे।



जोया। ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति सचेत करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

# बाजार से लौट रहे युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सिहाली जागीर के साप्ताहिक बाजार से रात को दस बजे वापस लौट रहे युवक को बाइक रोककर चार युवकों ने पीटकर घायल कर दिया। घायल की बहन की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

■ चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

जानकारी के अनुसार मौहल्ला आजादनगर निवासी गौरव पुत्र समरपाल साप्ताहिक बाजार करके रात के करीब दस बजे बाइक से लौट रहा था। घर के पास पहुंचने पर चार युवकों ने उसकी बाइक को रोक लिया और गौरव के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर युवक की मां उर्मिला और भाभी लता पहुंची तो चारों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल की बहिन सीनू की तहरीर पर पुलिस ने आकाश, शिवम, जितेश व कोशिक के विरूद्ध संबधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## साइबर अपराध के प्रति किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** डिजिटल युग में बढ़ते साईबर अपराध और सड़क हादसों से बचाव के लिए नगर के एम.एस. पब्लिक स्कूल में बुधवार को पुलिस की विशेष पाठशाला लगी। पुलिस अधीक्षक अमित आनंद ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को साईबर सुरक्षा व यातायात नियमों पर व्यवहारिक जानकारी देकर सबको सतर्क कर दिया। एसपी ने बताया कि फिशिंग, व्हाट्सएप हैकिंग, फर्जी प्रोफाइल, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, बैंकिंग ठगी, ओटीपी फ्रॉड और ई-कॉमर्स स्कैम जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी किसी अनजान के साथ साझा करना खतरनाक साबित हो सकता है। किसी भी प्रकार की ठगी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन 1930 या साइबर क्राइम की बेवसाइट पर शिकायत करें। प्रिंसिपल अंजिली चौधरी ने आभार जताते हुए कहा कि पुलिस की पाठशाला में एसपी ने बच्चों को न सिर्फ साईबर अपराधों से बचने की सीख दी बल्कि यातायात नियमों के पालन का भी संकल्प दिलाया।

# जागेश ने संभाली रामलीला समिति की कमान

## पुराना विवाद फिर भी बरकरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर की ऐतिहासिक रामलीला इस बार शुरू होने से पहले ही सुर्खियों में है। एक ओर रामलीला प्रबंध समिति के गठन को लेकर चले लंबे विवाद की गूंज अभी थमी नहीं है, वहीं दूसरी ओर नवचयनित समिति ने सक्रियता दिखाते हुए तैयारियों का मोर्चा संभाल लिया है।

बुधवार को आजीवन सदस्यों द्वारा चुनी गई नई रामलीला प्रबंध समिति के अध्यक्ष जागेश अग्रवाल अपनी टीम के साथ मंदिर महादेव परिसर पहुंचे और रामलीला मंच का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए और मंचन को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए टेंट, सजावट और अन्य कार्यों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान उनके साथ पवन गुप्ता, अवनीश कुमार, वीरेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, राजू बादशाह, पुनीत मांगलिक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से रामलीला समिति के गठन को लेकर दो गुटों में खींचतान चल रही है। निवर्तमान समिति और आजीवन सदस्यों के बीच तनातनी ने मामला इतना बढ़ाया कि पुलिस और प्रशासन को बीच में आना पड़ा। दोनों पक्षों के कुल 49 लोगों पर शांति भंग की आशंका जताते हुए भारी मुचलके से पाबंद करने की सिफारिश तक हो चुकी है। इसी बीच आजीवन सदस्यों द्वारा गठित नई समिति ने कार्यभार संभालते हुए मैदान में उतरकर यह संकेत दिया कि आयोजन की जिम्मेदारी वे किसी भी हाल में निभाएंगे। नगरवासी जहां विवाद से परेशान हैं, वहीं अब नई समिति की सक्रियता से उम्मीद जगी है कि इस बार रामलीला का मंचन विवादों की आग से निकलकर भक्ति और सांस्कृतिक आस्था की रोशनी में नहा सकेगा। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन दोनों गुटों को साथ लाने में सफल होता है या फिर नई समिति अकेले ही रामलीला के आयोजन का भार उठाएगा।

## आवारा पशुओं को गौशाला भिजवाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने आवारा पशुओं को पकड़कर उन्हें गौशाला भिजवाये जाने की मांग की है। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन इंडिया की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष कमरुल इस्लाम के गांव गंगवार स्थित आवास पर आयोजित की गई। बैठक में आवारा पशुओं, बिजली के बिल, और गांव की बदहाली जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में किसानों ने आवारा पशुओं की समस्या को उठाया। जिस पर ग्राम विकास अधिकारी ने जल्द ही इन पशुओं को गौशाला भेजने का आश्वासन दिया। बैठक में लोकेश बिधूड़ी, तेजपाल सिंह प्रजापति, कमरुल इस्लाम, टिंकू गुर्जर, केंद्र सैनी, अमित कुमार, मजा. हिर हुसैन, रामचंद्र, और अरुण कुमार सहित कई किसान मौजूद थे। बैठक का संच. ालन मोहम्मद साजिद व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लोकेश बिधूड़ी ने की।

## भागीरथी देवी में एनसीसी कैडेट्स का चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** 33 वाहिनी एनसीसी अमरोहा के कर्नल सुनील कॉल के आदेश पर बुधवार को भागीरथी देवी महाविद्यालय में आयोजित एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में छात्र-छात्राओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। भर्ती में पंजीकृत 90 छात्र-छात्राओं में से 60 ने आवेदन पूर्ण किया। इनमें 10 छात्राएं और 45 छात्र चयन प्रक्रिया में शामिल हुए। भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत दस्तावेज सत्यापन से हुई। इसके बाद ऊंचाई का मापन, मेडिकल फिटनेस और शारीरिक दक्षता की परीक्षा कराई गई। सभी चरणों में सफल रहने वाले छात्र-छात्राओं की अंत में लिखित परीक्षा हुई, जिसमे प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। भर्ती प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए 33 वाहिनी से ट्रेनिंग जेस. ीओ सूबेदार ज्ञान सिंह, सूबेदार शिंदे गौतम, नायब सूबेदार फारूक अहमद और दलजीत सिंह मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने चयन प्रक्रिया में शामिल सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। वहीं प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं को अनुशासन और राष्ट्र सेवा की राह पर ले जाती है। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट संजीव कुमार, चीफ प्रॉक्टर डॉ. अनिल कुमार सिरोही, मोहम्मद जीशान, सुनील कुमार, डॉ. अवनीश कुमार, ललित कुमार, देवांग शर्मा, डॉ. राजधानी गोला, राजन गर्ग, संजय गुप्ता, सुरेंद्र कुमार और बृजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## परिवर्तनशील शिक्षा से होगा छात्रों का विकास



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** ईएसएस दिल्ली के प्रबंध निदेशक नवीन गोस्वामी ने कहा कि वर्तमान समय में दी जा रही बुनियादी शिक्षा पर्याप्त नहीं है। बच्चों के भविष्य के लिए परिवर्तनकारी शिक्षा की जरूरत है। जेएस हिन्दू पीजी कालेज में आईटी अपस्किल एंड प्लेसमेंट गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ईएसएस दिल्ली के प्रबंध निदेशक नवीन गोस्वामी ने छात्रों को कैरियर संबंधी टिप्स दिये। उन्होंने एआई व कौशल विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी में सुधांशू शर्मा, डा आभा सिंह, डा. अनुराग पाण्डेय, नीरज त्यागी, गीतांजलि, अमित भटनागर, गौतम अरोड़ा, सलमान अख्तर, डा. विकास मोहन आदि मौजूद रहे।

# बूथ अध्यक्ष कार्य समिति का सत्यापन कराएं: पूरन

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** 'मतदाता बूथ सत्यापन' को लेकर भारतीय जनता पार्टी की मंडलस्तीय बैठक का

■ भाजपा की मंडल स्तरीय बैठक आयोजित

आयोजन ब्लॉक सभागार में हुआ, जिसमें जिला महामंत्री पूरन सिंह सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर एक दूसरे का सहयोग करते हुए मंडल को मजबूत बनाने का व सभी बूथ अध्यक्षों से उनके कार्य समिति का सत्यापन करने का आह्वान किया।



कहा कि आज कार्यकर्ताओं के दम पर भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओं वाली पार्टी बन चुकी है। केन्द्र व प्रदेश की सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी ईश्वर चंद, विधानसभा संयोजक रामवीर सिंह खंडसाल, मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, मंडल प्रभारी सुमन सैनी, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव, होरी सिंह, राजेंद्र सिंह, चौ. तेजपाल सिंह, सौरभ जैन, गजराज सिंह, रवि चौधरी, महिपाल चौहान, सतपाल सिंह पाल, चंद्रपाल पाल, दिनेश कुमार अग्रवाल, विजय प्रजापति, हो. शियार सिंह दिवाकर, शंकर सैनी, चौ.हरेंद्र सिंह, यशवंत सिंह चौहान, चौ.तेजपाल सिंह, शंकर सैनी आदि उपस्थित रहे।

# बाढ़ ग्रस्त गांवों में दुश्वारियां बरकरार

**समस्या**

● फसलें जलमग्न, कुछ सड़कों का डामर भी टूटा, किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गंगा धाम तिगरी का जलस्तर बुधवार को आंकड़ो के हिसाब से स्थिर रहा, यहां पर गेज मंगलवार की ही तरह बुधवार को भी 200.70 मीटर गेज रहा। पिछले कई दिनों से जलस्तर में दस सेमी की घटोत्तरी अथवा वृद्धि का क्रम जारी है, तो वहीं बिजनौर स्थित बैराज से भी पिछले कई दिनों से एक लाख क्युसेक से अधिक ही पानी छोड़ा जा रहा है। गंगा का पानी गांवो में पिछले कई दिनों से भरा होने के कारण ग्रामीणों के समक्ष समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, वहीं पानी की जद में आई कुछ सड़कों का डामर व मिट्टी भी कट चुकी है। बाढ़ का पानी कई कई दिन से गांवो में भरा होने के कारण संक्रामक रोग पनपने का खतरा बना हुआ है।

बिजनौर बैराज से लगातार भारी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है, इस कारण गंगा खादर क्षेत्र के गजरौला के गांव मंदिर वाली भुड्डी, शीशो वाली, दारानगर, अलीनगर, चकनवाला ऐतवाली, सुल्तानपुर, ओसिता जगदेपुर, कांकाठेर, तिगरी, , हसनपुर तहसील के गांव सिरसा गुर्जर की मढैया, सतैडा की मढैया, गंगानगर, पौरारा, दियावली व धनौरा क्षेत्र के गांव रसूलपुर भंवर, रसूलपुर एहतमाली, देवीपुर उर्फ मोहसनपुर, पपसरी खादर, मुक. रामपुर, शाहजहांपुर छात, रमपुर खादर, चांदरा फार्म, रानी बसतौरा, बिसाबली, कुई वाली, देव वाली, पट्टी खादर, झुंडपुरा आदि में बाढ़ का पानी घुसा हुआ है। बिजनौर बैराज से लगातार एक लाख क्युसेक से अधिक पानी ही छोड़ा जा रहा है, इस कारण गंगा के जलस्तर में अत्यधिक कमी नहीं आ पा रही है। खादर क्षेत्र के ग्रामीणों की परेशानियां बरकार हैं, हालांकि सांसद चौ.कंवर सिंह तंवर, विधायक राजीव तरारा व प्रशासनिक अधिकारियों ने बाढ़ ग्रस्त लोगों को राहत सामग्री भी पहुंचवाई है। गंगा के बाढ़ के पानी के कारण फसलें जलमग्न होकर खराब हो चुकी हैं तो वहीं कई स्थानों पर सड़कें भी टूट रहीं हैं। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि बुधवार को जलस्तर 200.70 मीटर गेज पर स्थिर रहा, बिजनौर बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा 1,42,577 क्युसेक रहा। सभी तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित हैं और बाढ़ चौकियां अलर्ट हैं।

## युवक से बीस हजार की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** साइबर ठगों ने कम्पनी का रैपर पैक कराने का झांसा देकर युवक से बीस हजार छह सौ रूपये ठग लिये। पीड़ित ने चौकी पर तहरीर दे दी है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव अजीजनगर का है। यहां के रहने वाले हाकिम पुत्र साकिब के पास अंजान नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले ने हाकिम को झांसे में लेकर कम्पनी का रैपर पैक कराने की मशीन लगाने का वादा किया। युवक इनकी बातों में आ गया तथा बीस हजार छह सौ रूपये साइबर ठगों के बताए खाते में ट्रांसफर कर दिया। जब दोबारा हाकिम ने फोन मिलाया तो मोबाइल स्विच था। पीड़ित ने चौकी पहुंच मामले की सूचना पुलिस को दी है।

# बैठक से नदारद अधिकारियों के वेतन पर रोक

## समय से पूरा करें सौर ऊर्जा प्लांट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने निर्देश दिये कि पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत ठेकेदारों को जो टारगेट दिया गया है उसे रजिस्ट्रेशन कराकर सोलर प्लांट लगवाये जायें।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने विकास कार्यो एवं पचास लाख से अधिक निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि जो अधिकारी बैठक में नहीं हैं उनका वेतन तीन माह के बाद दिया जाये। पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत ठेकेदार रजिस्ट्रेशन कराकर प्लांट लगवायें। फैमिली आईडी पर



अधिकारी प्रमुखता से ध्यान दें। पीएम आवास योजना, सीएम आवास योजना, पीडीएफ गोदाम, तालाबों की प्रगति, ओडीएफ प्लस के बारे में भी निर्देश दिये गये। उन्होंने गोवंश एवं बेसहारा पशुओं को गौशाला भिजवाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, पीडी डीआरडीए अमरीश कुमार भी मौजूद रहे।

## फिर सजने लगी अवैध ईट मंडी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** आदमपुर थाना क्षेत्र के कस्बा ढबारसी में पिछले कई वर्ष से नेहरू मेमोरियल इंटर कॉलेज के सामने सड़क किनारे ईटो के कई ट्रेक्टर ट्राली खडे हो रहे थे। जिससे छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोगो को भी आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन कुछ महीनों से सड़क सहित कस्बे के अंदर जाने वाला संपर्क मार्ग अबैध ईट बाजार ने पूरी तरह बंद कर दिया गया है। टैक्टरों की संख्या भी बढ़ कर 50 के लगभग पहुंच चुकी है। उक्त ट्रेक्टरों से अबैध वसूली कस्बे के ही रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा की जा रही है। बाईपास मार्ग पर अबैध रूप से लगे ईट बाजार से ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं को कस्बे के अंदर जाने के लिए मुख्य बस स्टैड का चक्कर लगा कर जाना पड़ता है। गणेश शोभा यात्रा के संयोजक आदित्य त्यागी ने बताया की आने वाली 27 तारीख को बिजलीघर वाले शिव मन्दिर से झांकियां निकाली जायेगी। बाईपास मार्ग व मुख्य मार्ग पर टैक्टरों के खड़े होने के कारण झाकियों के वाहनों को निकालने में असुविधा हो सकती है।

# नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश

## दूध कारोबारी की हत्या के खुलासे को जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** गांव अटारी मुरीदपुर में दूध कारोबारी की हत्या के खुलासे के लिए थाना पुलिस जुटी हुई है। नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है, वहीं आसपास सड़कों पर लगे सीसीटीवी भी चेक कराये जा रहे हैं, डिजिटल एविडेन्स भी जुटाए जा रहे हैं।

बता दें कि गांव हाफिजपुर थाना रजबपुर निवासी 22 वर्षीय सौरभ पुत्र रामवीर दूध के कारोबार के साथ-साथ बीकाम तृतीय वर्ष का भी छात्र था। सोमवार की दोपहर में सौरभ घर के लिए एक एलईडी खरीदने के लिए गजरौला कस्बे में आया था। लेकिन, इसके बाद वह वापस गांव नहीं लौटा। शाम सात बजे तक उसकी परिजनों से बातचीत भी हुई। तब तक सबकुछ ठीक था। लेकिन, रात में करीब नौ बजे सौरभ घायलावस्था में गांव में पुलिया के पास पड़ा हुआ मिला। कुछ दूरी पर उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हालात में थी। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे। पहले वह मुरादाबाद के प्राइवेट अस्पताल में ले गए। वहां से मृत घोषित करने के बाद फिर स्थानीय सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर भी डाक्टरों ने सौरभ को देखकर मृत घोषित कर दिया और पुलिस को जानकारी दी। परिजनों ने इस मामले में गांव निवासी अनित के विरुद्ध सौरभ का गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। एसएसआई ब्रजेश कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है, वहीं आसपास सड़कों पर लगे सीसीटीवी भी चेक कराए जा रहे हैं, डिजिटल एविडेन्स भी जुटाए जा रहे हैं

## खनन करते डम्पर सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** अवैध खनन की शिकायत पर पहुंचे खनन अधिकारी ने डम्पर को सीज कर दिया। जिससे खनन माफियाओं में हड़कम्प मच गया। बताते चलें कि थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है। खनन अधिकारी मनोज कुमार को सूचना मिली कि मनौटा मार्ग पर खनन से भरा डम्पर ले जाया जा रहा है। खनन अधिकारी ने डम्पर रोक लिया तथा उसे सीज कर दिया।

# पुलिस ने ट्रक, कार और छह लाख की शराब पकडी

**मथुरा।** थाना शेरगढ पुलिस ने 150 पेटी हरियाणा मार्का शराब पकडी है | जिसकी अनुमानित कीमत करीब छह लाख रूपये है | शराब को ट्रक में पॉलीविनाइल क्लोराइड के बोरो में छुपा कर लाया जा रहा था | ट्रक में 26 बोरे बोरे श्रीराम पॉलीविनाइल क्लोराइड के भरे हुए थे | घटना में प्रयुक्त एक ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है | महिन्द्रा कार में सवार पांच लोगों को पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है | थाना शेरगढ़ पुलिस ने बुधवार को छाता रोड तुलाराम की धर्मशाला कस्बा शेरगढ़ थाना क्षेत्र शेरगढ़ से आबिद पुत्र दीन मौहम्मद निवासी जैत अलका थाना पुन्हाना जिला नूंह मेवात हरियाणा, असलम पुत्र दीन मौहम्मद निवासी जैत अलका थाना पुन्हाना जिला नूँह मेवात हरियाणा, साजिद पुत्र असलू निवासी तिगाँव थाना पुन्हाना जिला नूंह मेवात हरियाणा, यासिर पुत्र जान मौहम्मद निवासी नेमखेडा खोयरी थाना पुन्हाना जिला नूंह मेवात हरियाणा व शहजान पुत्र हनीफ निवासी जैत अलका थाना पुन्हाना जिला नूँह मेवात हरियाणा गिरफ्तार किया

# मध्यस्था से 56 वादों का निस्तारण

## तीस सितम्बर तक चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान में अब तक 56 वादों का निस्तारण किया जा चुका है। अभियान में पक्षकार वीडियो कांफ्रेंस के जरिए भी उपस्थित हो सकते हैं। प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायिक अधिकारी ज्योति ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लंबित प्रकरणों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से कराना है। घरेलू हिंसा, चौक बाउंस, वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावें, सेवा एवं वाणिज्यिक विवाद, शमनीय आपराधिक, ऋण वसूली, संपत्ति के बटवारे से संबंधित वाद समझौते के आधार पर निस्तारित कराए जा सकते हैं। अभियान एक जुलाई से 30 सितंबर तक चलना है। इनमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय का वाद नसीम अहमद बनाम इनामुल हक आदि, परिवार न्यायालय का वाद सीमा वर्मा बनाम सागर सैनी, अमित बनाम भूरी, एसीजेएम प्रथम न्यायालय का वाद नेमपाल सिंह बनाम मोहम्मद साहिल, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय का शादाब अहमद बनाम नौधाद, सीजे जे.डी. एफटीसी द्वितीय का वाद अर्शी बनाम अजीम, स्पेशल एससी/एसटी न्यायालय का वाद शैली सिंह बनाम श्यामवीर आदि वादों को मध्यस्थता अभियान के तहत आपसी समझौते के आधार पर निस्तारित किया गया है।

## मनोनयन



**अमरोहा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत मेरठ प्रांत का वरूण त्रिवेदी को क्षेत्रीय संगठन मंत्री लखन सिंह ने जिलाध्यक्ष मनो. नित किया है।

# मधुबन फार्म हाउस पर धूमधाम से मनाया गया नंदोत्सव

**आई एम खान शाह टाइम्स**

**बिसौली।** श्री जगन्नाथ सेवा समिति एवं कृष्ण प्रेमी भक्तों ने मिलकर नगर के मधुवन फार्म हाउस पर नंदलाल जी का नंदोत्सव एवं लड्डू गोपाल मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें सभी भक्त अपने लड्डू गोपाल को अपने साथ लाए।



इस्कॉन गाजियाबाद एवं इस्कॉन बरेली से आए भक्तों के द्वारा किए गए हरे कृष्ण महामंत्र कीर्तन पर सभी भक्त मंत्रमुग्ध होकर झूमते रहे। पंचामृत से सभी भक्तों ने लड्डू गोपाल जी का अभिषेक किया। बिसौली के भक्त आदित्यराम प्रभु, लक्ष्मीरूपा माता जी, शिवांग अग्रवाल, जय शर्मा, और मेघा महाजन द्वारा हरिनाम की महत्ता को बताते हुए एक ड्रामा प्रस्तुत किया गया। भगवान को पालने में झुलाया। सभी ने भगवान की आरती की एवं प्रसाद ग्रहण किया।

इस्कॉन से आए मुख्य अतिथि श्री मान दामोदर लीला प्रभु जी ने सभी भक्तों को भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का श्रवण पान कराया। इस अवसर पर गाजियाबाद से गोविंद मिश्रा प्रभु, बरेली से भीम अर्जुन प्रभु, अनुपम वार्ष्णेय, आंचल वार्ष्णेय, अंजली अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, अनमोल गर्ग, शिव शंकर रस्तोगी, अर्पित वार्ष्णेय, कृष्णा गुप्ता, मनोज यादव आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे। अंत में प्रवीन अग्रवाल नादान ने जगन्नाथ सेवा समिति की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया।

# डीएपी खाद की किल्लत पर भाकियू चढूनी ने जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुधवार को भाकियू चढूनी की मासिक पंचायत बिसौली तहसील प्रांगण में आयोजित हुई जिसमें डीएपी की कालाबाजारी पर भाकियू चढूनी रोष प्रकट कर कृषि अधिकारी के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। बिसौली तहसील अध्यक्ष रजनेश उपाध्याय ने सम्बोधित करते हुए कहा के बिसौली तहसील क्षेत्र में सेंटरों पर किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रहा है महिला बच्चे बुजुर्ग सुबह से ही खाद की लाइन में लगे रहने बावजूद भी किसान खाली हाथ लौट जाता है। खाद माफिया जमकर कालाबाजारी कर रहें हैं। खाद माफियाओं पर कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। तहसील अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती



अनीता देवी ने कहा क्षेत्र के ग्राम वसई में श्री ठाकुर जी महाराज मंदिर की जमीन पर राजेश चंद्रपाल मौर्य व अन्य अराजक व्यक्तियों द्वारा कुछ जिम्मेदार व्यक्तियों की मदद से जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। अराजक व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। भूपेंद्र कुमार जिला उपाध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा खुर्रमपुर भमोरी के माजरा जूलेहपुरा से बेहटरा तक कच्चा मार्ग ध्वस्त है सारे रास्तों पर खड़ंजे का निर्माण अभी तक नहीं हुआ। जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा भरपुरा मे गौशाला का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है जिसमें गांव के कुछ दबंग व्यक्ति जिसमे अपने जानवर बाध रहे हैं। इस गौशाला मे दबंग लोगों ने कब्जा कर लिया है दबंगों द्वारा गौशाला को मुक्त कराया जाए। ग्राम भरपुर में होरीलाल पाली के घर से हर जन्म के मकान पर सालों से रोड टूटा पड़ा हुआ है तमाम शिकायतों के बाद भी प्रशासन ने सुध नहीं ली ग्राम वासी किसान सड़क सही नहीं होने से निराश है। यदि प्रशासन ने अब अनदेखा किया तो आंदोलन होगा। पंचायत के बाद भाकियू चढूनी ने उपजिलाधिकारी को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इस अवसर पर सोनू, बोवी, तहसील अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती अनीता देवी, भूपेंद्र कुमार, रजनेश उपाध्याय, राजेंद्र कुमार पाठक, हरनारायण, रामकिशोर पाठक, रामनाथ वर्मा, बृज किशोर, कुमारपाल, सर्वेश कुमार, सत्यपाल पाल, नूरुद्दीन, अजय सैनी, साजिद सिद्दकी, मनोज उपाध्याय, शरीफ अब्बासी, कल्लू, गुड्डू, आदि लोग मौजूद रहे।

# वजीरगंज में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्राा, शहीद हरिओम सिंह को किए गए पुष्प अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** बुधवार 20 अगस्त को ब्लॉक प्रमुख वजीरगंज के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा वजीरगंज से सैदपुर वगरैन होती हुई शहीद हरिओम सिंह इटऊआ के शहीद स्मारक पर पुष्प समर्पित करने के उपरांत समापन किया गया इस मौके पर राष्ट्रवादी प्रताप सेना के जिला संरक्षक ओमपाल सिंह ददा एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जिला प्रभारी राष्ट्रवादी प्रताप सेना के ठाकुर मुकेश कुमार सिंह एवं एडवोकेट सुनील कुमार सिंह, एवं तेजपाल सिंह, एवं दीपक ठाकुर गोलू चौहान लवकुश



शर्मा लवकुश यादव सनी प्रताप सिंह संजय सिंह कौशलेंद्र प्रताप सिंह विकास सिंह दीपक सिंह आदि दिसौलीगंज के लोगों ने आदर्श पार्क दिसौलीगंज में बिजली पानी जैसी बुनियादी व्यवस्था के लिए एक प्रार्थना पत्र ब्लॉक प्रमुख को सोंपकर सैकड़ो लोगों के साथ तिरंगा यात्रा की हजारों की संख्या में उपस्थित होकर कुमर प्रताप सिंह उर्फ शिवम ब्लाक प्रमुख बेटे को शुभकामनाएं दी इस मौके पर हजारों लोग उपस्थित रहे।

# रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई-बसई में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध सामूहिक संकल्प, शपथ तथा भाषण प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में व्याप्त विभिन्न प्रकार के नशे से दूर रहकर अच्छा जीवन जीने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है, अपितु मानसिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। इसलिए नशा मुक्ति के लिए हम सभी के द्वारा मिलकर प्रयास किए जाने चाहिए। वरिष्ठ प्रवक्ता रामाधार शर्मा ने कहा कि नशे की लत का शिकार



होकर युवा अपना भविष्य खराब कर रहे हैं, साथ ही गुनाह की राह पर भी आगे बढ़ रहे हैं जो हमारे लिए चिंता का विषय है। हमें इनसे दूर रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सुधाकर शर्मा, प्रकाश वीर, विश्वेश पाठक, मनोज कुमार, आनंद सिंह, राकेश कुमार शर्मा, विपिन शर्मा, रऊफ अहमद, अंकित सिंह, कामेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, रेनू, शिवानी, साक्षी, अंशिका, अमित पाराशरी, आशीष आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरदीप सिंह ने किया।

# मुंसिफ कोर्ट के अधिवक्ता को मिली जान से मारने की धमकी



अधिवक्ताओं ने दिया प्रार्थना पत्र

**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** मुंसिफ कोर्ट के अधिवक्ता प्रदीप कुमार उपाध्याय को एक पक्ष की पैरवी करने पर कोर्ट परिसर में आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी है। सिविल कोर्ट में वकालत कर रहे अधिवक्ता प्रदीप उपाध्याय मंगलवार को जब अपने वरिष्ठ अधिवक्ता राज. ेंद्र सिंह के साथ प्रेम शंकर पुत्र जीवन राम की तरफ से केश की पैरवी करने जा रहे थे तभी प्रदीप उपाध्याय एडवोकेट के गांव सीकरी निवासी आरोपी ने कोर्ट परिसर में ही अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली, और कहा कि तूने मेरे खिलाफ केश में पैरवी की तो तुझे एससी एसटी एक्ट का मुकदमा लगवाते हुए जान से मार दूंगा। अधिवक्ता प्रदीप उपाध्याय ने बुधवार को अपने साथी अधिवक्ताओं के साथ कोतवाली में प्रेमपाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया है। अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। इस दौरान सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष योगेश भारद्वाज, सेंट्रल बार के सचिव अनिल सक्सेना, सिविल बार के सचिव गंगा लहरी उपाध्याय, राजेंद्र सिंह, सतेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, बार कौंसिल के आमंत्रित सदस्य नितिन पाठक, राज. कुमार पाल, अजीत यादव, दीपक साहनी, बलबीर मिश्रा, राजवीर सिंह, मनबीर यादव, शकील खान, नवनीत यादव, सोनू शर्मा, कमल हसन, विकास शर्मा, संजीव यादव, कुलदीप सिंह, महेंद्र सिंह यादव, विपिन यादव सहित सिविल बार एसोसियन एवं सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ता साथी उपस्थित रहे।

# श्री देवराह बाबा पब्लिक स्कूल में पदभार ग्रहण समारोह सम्पन्न

**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** श्री देवराहा बाबा पब्लिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का पदभार ग्रहण समारोह बड़े हर्ष और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू बत्रा तथा निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने नव-निर्वाचित छात्र परिषद को शुभकामनाएँ एवं आशीर्वचन प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन उप-प्रधानाचार्या शारदा बवेजा ने किया। इस अवसर पर हेड बॉय आयुष माथुर, वाइस हेड बॉय प्रियांक ठाकुर, हेड गर्ल शिवी गुप्ता, वाइस हेड गर्ल खुशी वार्ष्णेय, प्रार्थना स्थल प्रमुख श्रुति शर्मा, सह-प्रमुख राधिका वार्ष्णेय, सांस्कृतिक गतिविधि प्रमुख याशी वार्ष्णेय, सह-प्रमुख नमामी गिल, क्रीड़ा प्रमुख कृष्णा वार्ष्णेय, सह-प्रमुख मेहुल, अनुशासन प्रमुख अनामिका, सह-प्रमुख खुशी, गंगा





सदन प्रमुख पारिधि, सह-प्रमुख वृंदा, यमुना सदन प्रमुख सृष्टि यजुर्वेदी, सह-प्रमुख राबिया, ध्रुव सदन प्रमुख नव्या, सह-प्रमुख हर्षिका वार्ष्णेय, प्रह्लाद सदन प्रमुख तोहा खानम तथा सह-प्रमुख काशिका जैन को प्रतीक चिह्न एवं पट्टिका प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी ने शपथ ग्रहण कर अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा और समर्पण भाव से निभाने का वचन लिया। गंगा सदन प्रभारी पारुल तथा सह-प्रभारी गौरी, यमुना सदन प्रभारी प्रिया तथा सह-प्रभारी गायत्री, ध्रुव सदन प्रभारी कविता तथा सह-प्रभारी गुंजन, तथा प्रह्लाद सदन प्रभारी श्वेता तथा सह-प्रभारी सुंदरी के मार्गदर्शन में समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभी पीजीटी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रही।

# मोबाइल टावर में चोरी करते पकड़ा गया चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मंगलवार को देर शाम नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास लगे टावर में चोरी कर रहे एक चोर को पकड़ा एक चोर हुआ फरार सूचना पर पहुंची पुलिस हम आपको बता दे कि कस्बा बिसौली में मंगलवार को रात लगभग 8:00 बजे बिसौली कस्बा चौकी से चंद कदमों की दूरी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के करीब लगे हुए टावर पर दो चोर चोरी करने की कोशिश कर रहे थे तभी टावर संचालक ने पकड़ लिया वही एक चोर मौका देखकर वहां से फरार हो गया वही टावर संचालक ने 112 पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोर को अपनी हिरासत में ले लिया है वही टावर संचालक ने बताया कि चोरों द्वारा चोरी करते समय अचानक आहत हुई



तो पता लगा कि दो चोर चोरी करने की कोशिश कर रहे हैं वही 112 पुलिस ने पकड़े गए चोर को बिसौली कोतवाली पुलिस को सौंप दिया है वहां मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि पूर्व में भी कई बार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है वहीं बिसौली कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# निर्वाचक नामावली का विस्तृत पुनरीक्षण प्रारम्भ

01 जनवरी तक 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नागरिक दर्ज कराएं नाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अरूण कुमार ने जानक. ारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्य 19 अगस्त, 2025 से प्रारम्भ हो रहा है, जिसके अन्तर्गत घर-घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली में परिवर्धित, संशोधित एवं विलोपित होने वाले नामों तथा नये मकानों व वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुये मकानों के निर्वाचकों के नामों की जाँच और परिवर्धन का कार्य प्रारम्भ होगा। प्रदेश के सभी अर्ह भारतीय नागरिक, कृपया उक्त कार्य की अवधि में ही अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराना सुनिश्चित कर लें। ऐसे भारतीय नागरिक जो किसी ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सामान्य रूप से निवास कर रहे हैं, दिनांक 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर लिए हो. अपने निवास स्थान से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए अर्ह होंगे बशर्ते वह अन्यथा अनर्ह न हो। उन्होंने इसकी अनर्हताओं के बारे में बताया कि भारत का नागरिक न हो, या विकृत चित्त हो और उसके ऐसा होने की किसी सक्षम न्यायालय की घोषणा विद्यमान हो, या निर्वाचन सम्बन्धी भ्रष्ट आचरण और अन्य अपराधों से सम्बन्धित किसी विधि के उपबन्धों के अधीन मत देने के लिए तदसमय अनर्ह हो। त्रुटि रहित निर्वाचक नामावली लोकतंत्र का आधार है और इसका सही बनना प्रत्येक नागरिक के सक्रिय सहयोग पर निर्भर है। अपना और अपने परिवार के सभी अर्ह सदस्यों के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज है अथवा नहीं, की जाँच कर लें। यदि दर्ज नहीं है तो अवश्य दर्ज करायें और इस हेतु घर पर पहुँचने वाले बी०एल०ओ० को वांछित सूचना दिये बिना कदापि वापस न करें। यदि आप के अथवा आप के परिवार के किसी नाम व प्रविष्टि में कोई सशोधन होना है या किसी नाम व प्रविष्टि को विलोपित किया जाना है तो उसे घर पर पहुँचने वाले बी०एल०ओ० को अवश्य अवगत करा दें। यदि सम्बन्धित बी०एल०ओ० अपने आबंटित मतदान केन्द्र पर घर-घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली के परिवर्धित, संशोधित एवं विलोपित होने वाले नामों तथा नये मकानों / वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जाँच और परिवर्धन का कार्य प्रारम्भ किये जाने की तिथि से 07 दिनों तक न पहुँचे या कोई शिकायत हो तो आप तत्काल जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय), निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपने क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा खण्ड विकास अधिकारी से टेलीफोन पर अथवा व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### जायंट्स ग्रुप महिला समृद्धि द्वारा 22 को ब्लड डोनेशन कैंप, रिकार्ड की तैयारी पूरी

**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप बिसौली महिला समृद्धि द्वारा 22 अगस्त को तृतीय ब्लड कैंप का आयोजन किया जाएगा। ग्रुप की पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों



से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने की अपील की है। वही रक्तदान शिविर से जुड़ी टीम लगातार लोगों के बीच पहुंचकर रक्तदान शिविर का प्रचार प्रसार कर रही है। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा, नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह को रक्तदान शिविर के लिए आमंत्रित किया। ग्रुप की अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, सचिव आंचल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष ऋतु साहनी, रूपम गुप्ता के साथ-साथ कंचन सक्सेना, पिंकी वार्ष्णेय, स्वाति गुप्ता, पारुल अग्रवाल, सरिता वार्ष्णेय, राखी वार्ष्णेय ,रोजी अग्रवाल, मानसी गर्ग, शिवानी अग्रवाल, रूबी अग्रवाल, अनुष्का गर्ग, ममता यादव, स्मिता यादव, रुचि वार्ष्णेय, सपना वार्ष्णेय, प्रीति वार्ष्णेय, रोचन अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, सिम्मी साहनी, राधिका अग्रवाल आदि सदस्यों ने मौजूद रहे।

# महिला अस्पताल में प्रसूताओं से अवैध वसूली, 6500 रुपये लेने का डॉक्टर पर आरोप

**सुनील कश्यप,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** जिला महिला अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर की अवैध वसूली की एक शिकायतें सामने आई है उसके बावजूद अस्पताल प्रशासन ओटी स्टॉफ पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। मामला जांच तक समिट कर रह जाता हैं ओटी स्टॉफ बिना सुविधा शुल्क के हाथ भी नहीं लगता है। सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा रही है महिला अस्पताल में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, और जिम्मेदार नाकाम साबित हो रहे हैं। जिसकी सजा प्रसूताएं और तीमारदार भुगत रहे हैं। अस्पताल में प्रसूताएं पहुंचने पर तुरंत भर्ती नहीं किया जाता है। पहले प्रसूताओं को इंतजार कराया जाता है, उसके बाद डिलीवरी की सौदेबाजी होती, फिर भर्ती किया जाता है। ओटी स्टॉफ के इस व्यवहार से प्रसूताएं भी परेशान हो चुकी हैं। जिशान ने अपनी पत्नी नाजिमा को प्रसव पीड़ा होने पर 11 अगस्त को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया जिशान का आरोप है कि डिलीवरी के नाम पर डॉक्टर ने छह हजार रुपए मांगे थे छह हजार रुपए डॉक्टर ने लिए हैं पांच सौ रुपए स्टॉफ को दिए हैं जिसकी शिकायत सीएमएस डॉक्टर शोभा अग्रवाल से की है। सीएमएस ने जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए है। सूत्रों की मानें तो महिला अस्पताल भ्रष्टाचार का एक अड्डा बन गया है। खासकर एसएनसीयू,लेबर रूम, ओटी में डाक्टर- कर्मचारियों ने डिलीवरी का रेट खुला कर दिया है, बिना सुविधा शुल्क के प्रसूताओं को भर्ती तक नहीं किया जाता है।अस्पताल में अव्यवस्था फिर चरम पर पहुंच गई है। प्रसव कराने के नाम पर वसूली शुरू हो रही है। ऑपरेशन थिएटर,लेबर रूम के स्वास्थ्य कर्मी तीमारदारों से अच्छी-खासी रकम ऐंठ रहे हैं। रकम नहीं देने पर गर्भवती को सीरियस बताकर स्टॉफ रेफर करने में संकोच नहीं कर रहे हैं।

हाल में ऐसे दो मामले सामने आ चुके हैं।पांच हजार रुपये से लेकर आठ हजार रुपए तक गर्भवती के तीमारदारों से मांगे गए हैं। नहीं देने पर रेफर कर दिया गया। महिला अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर,लेबर रूम का बुरा हाल है। ऐसा नहीं कि अधिकारियों की नजर नहीं पड़ रही है मगर वह अनदेखी कर रहे हैं। और डॉक्टर, स्टॉफ बेलगाम हो रहे हैं जिम्मेदार अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

# तहसील प्रशासन ने बड़े बकायेदारों को दिया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बिसौली ( बदायूं ) - हाल ही में बीते दिन बुधवार को बिसौली क्षेत्र के विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव नूर नगर कौड़ियां में कृषक रामकृष्ण पुत्र को. मिक सिंह सहित एक अन्य बड़े बकाएदार पर विधिक कार्यवाही करने से पूर्व नोटिस चस्पा किया गया । इस दौरान नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव ने राजस्व टीम के साथ गांव के दो बड़े बकायेदारों को सार्वजनिक नोटिस चस्पा कर उन्हें अपना बैंक ऋण नियत समय से चुकाने के लिए आगाह किया । अन्यथा की स्थिति में बकायेदारों की अचल संपत्ति कुर्क करने की विधिक चेतावनी दी है । इस दौरान नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव , पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक प्रभाष कुमार द्विवेदी , लोन अधिकारी देव रस्तोगी , लेखपाल मोहित शर्मा , संग्रह अमीन आराम सिंह , रिकवरी एजेंट प्रदीप कुमार सिंह , रामकुमार सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने बड़े बकायेदारों की अचल संपत्ति को चिन्हित कर बैनर तले लाल झंडी गाड़ दी जिससे बड़े बकायेदारों के लिए यह विधिक कार्यवाही गांव में चर्चा का विषय है । यह जानकारी बिसौली नायब तहसीदार गिरिजा शंकर यादव ने दी।

लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन /सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।

| | | |
|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी |
| 9411010546 | | |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर |
| 9458213331 | | |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उगती |
| अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222 | बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 94 12 30 2152 | बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500 110 219 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078 | अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759 55 8639 | |
| आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786 | | |

# डीडीएमएस ऐप बना पुलिसिंग का नया हथियार

■ भीड़ नियंत्रण से ट्रैफिक तक एआई सुपरकॉप का डीडीएमएस ऐप ने दिखाया करिश्मा, बरेली मॉडल पूरे यूपी में हो सकता है लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप बरेली में क्राउड कंट्रोल का जो मॉडल अपनाया गया, उसने सुरक्षा व्यवस्था को एक नए स्तर पर पहुँचा दिया। आईपीएस अंशिका वर्मा द्वारा विकसित हाईटेक डायनेमिक ड्यूटी मैनेजमेंट सिस्टम (डीडीएमएस) ऐप का प्रयोग पहली बार आला हजरत के उर्स और गंगा महारानी शोभायात्रा में किया गया। नतीजा यह रहा कि लाखों जायरीन के बीच भी भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट और सुरक्षा ड्यूटी पूरी तरह स्मार्ट और पारदर्शी बनी रही।

सभी पुलिसकर्मियों को इस ऐप से लॉगिन आईडी और पासवर्ड दिए गए। बाहर से आई पुलिस और पीएसी फोर्स को भी अलग लॉगिन प्रदान किए गए। पुलिसकर्मी ऐप में मौजूद मैप नेविगेशन से सीधे अपने ड्यूटी प्वॉइंट तक पहुँच सके। ड्यूटी कार्ड अब क्यूआर कोड बेस्ड है, जिसे स्कैन करते ही प्रभारी और सहकर्मी की पूरी जानकारी सामने आ जाती है। यह ऐप अब डेटाबेस की तरह भी काम करेगा। किसी भी आयोजन में एक क्लिक पर पता चल सकेगा कि किस जगह कितना फोर्स तैनात था। डीडीएमएस ने अफसरों को एक सुपर स्मार्ट मॉनिटरिंग टूल दिया है। अधिकारी डैशबोर्ड से सभी ड्यूटी प्वॉइंट लाइव मॉनिटर कर सकते हैं। किसी भी समय सभी कर्मियों या किसी विशेष पुलिसकर्मी को अलर्ट जारी किया जा सकता है। मूविंग ड्यूटी की लाइव ट्रैकिंग से शोभायात्रा और जुलूस की लोकेशन लगातार मॉनिटर होती रही। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि करीब 1300 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी इसी सिस्टम से चेक की गई।

परिणाम यह हुआ कि उर्स और शोभायात्रा जैसे बड़े आयोजनों में भीड़ नियंत्रण और ट्रैफिक व्यवस्था पहले से कहीं आसान और सुरक्षित रही।

# शरारती तत्वों ने विधायक और सम्राट की फोटो को किया क्षतिग्रस्त

■ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सही कराया, पुलिस जांच में जुटी




शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम गरी. बपुरा में लगे स्मृति द्वार में बहेड़ी विधायक अताउर्रहमान और महान सम्राट अशोक मौर्य की फोटो लगी है। शरारती तत्वों ने सम्राट अशोक की फोटो को कालिख से खराब कर दिया। यह घटना सुबह उस समय सामने आई जब लोग स्मृति द्वार के पास से गुजर रहे थे। फोटो खराब होने की जानकारी मिलते ही वहां हंगामा हो गया।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया। पुलिस ने फोटो को साफ करवाया, और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। इस घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। बहेड़ी कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि मामले में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

बहेड़ी से सपा विधायक अताउर्रहमान ने बताया कि स्मृति द्वार लोगों की मांग होने पर लगाया गया है, एक नारायण नगला पर सरदार फौजा सिंह द्वारा लगाया गया है। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, यह जिसने भी किया है गलत किया है।

## एक नजर

# एक भाई कल्ब का माहिर तो दूसरा गंभीर बीमारियों की परख करने वाला

शाह टाइम्स संवाददाता



**सेंथल।** यूं तो अल्लाह ने तमाम तरह की मखलूक को पैदा किया, अल्लाह ने फरिश्तों को पैदा किया और उनसे इच्छा शक्ति छीन ली और अक्ल अता कर दी। अल्लाह ने हैवान पैदा किए जिनसे अक्ल छीन ली, और ख्वाहिश अता कर दी। अल्लाह ने इंसानों को पैदा किया उन्हें ख्वाहिश और अक्ल दोनों अता की, और साथ ही अशरफुल मखलूकात होने का तमगा भी गले में डाल दिया।

इंसानी मखलूक का एक हिस्सा डॉक्टर मोहम्मद कलीम व उनके छोटे भाई डॉक्टर मोहम्मद उवैस के रूप में अल्लाह ने हमें अता किया। लेकिन ये दोनों भाई न सिर्फ एक इंसान हैं, बल्कि लोग उनको फरिश्ता सिफत कहते हैं। डॉक्टर मोहम्मद कलीम दिल के बेहतरीन जानकार हैं, व डॉक्टर मोहम्मद उवैस एमआरआई सीटी स्कैन अल्ट्रासाउंड करके गंभीर बीमारियों का पता लगाते हैं। दिल की बीमारियों को संजीदगी से देखना डॉ. कलीम के हुनर को बखूबी दर्शाता है और संजीदगी से जिंदगी गुजारना दोनों भाईयों का अपना तरीका है। बरेली के एक नामचीन अस्पताल में दोनों भाई अपनी सेवाएं अवाम तक पहुंचा रहे हैं। इन दोनों डॉक्टर्स से जब कोई मरीज मिलता है तो वो न सिर्फ खुश होता, बल्कि उनका चुम्बकीय व्यक्तित्व लोगों को अपनी तरफ खींच लाता है। काबलियत इतनी कि हजारों लोगों के दिल का सुकून बन चुके हैं।

कस्बा सेंथल के निकट गांव टांडा सादात में रहने वाले मोहम्मद अकबर के यहां इन दोनों होनहार बच्चों ने आंखें खोलीं, परवरिश हुई और जब सिने शऊर को पहुंचे तो खघ्वाब को मंजिल तक पहुँचाने के लिए अपना सफर तय करना शुरू किया। खघ्वाब को पूरा करने के लिए मंजिल की तरफ दौड़ पड़े। दोनों भाइयों ने अपनी 10 वीं क्लास को सेंथल के आजाद नौरंग इंटर कॉलेज से पास किया, फिर डा. कलीम ने 12वीं बरेली जीजीआईसी कॉलेज से व डा. उवैस ने मनोहर भूषण कॉलेज से की, और डा. कलीम निकल पड़े अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, और एमबीबीएस एमडी की डिग्री हासिल की, लेकिन सफर और जुनून अभी खघ्म नहीं हुआ तो मुजफ्फरनगर पहुंच कर डीएम कार्डियोलॉजी की डिग्री हासिल की।

वहीं डॉक्टर उवैस को 2010 में ऑल इंडिया 1000 रैंक के साथ सैफई यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस में सिलेक्शन मिला।डीएमआरडी रेडियोडायग्नोसिस की शीर्ष शाखा एमएलबी मेडिकल कॉलेज झांसी से मिली। 5 साल मुजफ्फरनगर और मेरठ में अपनी सेवायें जनता को दी, और भारत गुड टाइम्स अवार्ड से सम्मानित हुए। वहीं कोरोना काल में जहाँ डॉक्टर अपने घरों में दुबके बैठे हुए थे तो सैल्यूट है डॉक्टर मोहम्मद उवैस को उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर कोरोना जैसी महामारी में लोगों की खघ्दिमात को अंजाम दिया। अब बरेली के एक नामचीन अस्पताल में लोगों तक अपनी सेवाएं पहुंचा रहे हैं। कहते हैं कल्ब अपना काम बंद कर दे और धड़कन बंद हो जाए तो इंसान आखघ्रिी सांसें ही ले पाता है, लेकिन इसी कघ्ल्ब को सही भी किया जाता है। वहीं डॉक्टर कलीम जब घर से हॉस्पिटल अपने चैम्बर की तरफ पहुंचते हैं तो लोगों का हुजूम अपने दिल की बीमारियों के लिए उनके चौम्बर के बाहर नजर आता है। कार्डियोलॉजी की दुनिया के बेताज बादशाह डॉक्टर मोहम्मद कलीम न सिर्फ लोगों से मोहब्बत से पेश आते हैं, बल्कि उनका मीठा लहजा लोगों के दिलों में मोहब्बत भी पैदा कर देता है। लोगों के दिलों में डॉक्टर कलीम के लिए इतना विश्वास भरा है कि दिल की कोई भी बीमारी हो बे झिझक उनके पास पहुंच जाते हैं।

# राजनीति दबाव के चलते नहीं हो सका मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा की ग्राम पंचायत मर्गापुर मरगईया में आज दूसरे दिन भी कोई बीएलओ ग्राम नहीं पहुंचा। इस मामले को लेकर बुधवार को ग्राम प्रधान निशा गंगवार के पति पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरोत्तम गंग. वार उर्फ मुन्ना ने प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयोग को एक्स पर शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। विकास क्षेत्र भदपुरा की इस ग्राम पंचायत में बीएलओ को लेकर जमकर राजनीति हो रही है। पहले इस गांव की मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के लिए 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम माधौपुर के टीचर अभिलाष चन्द की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसने अपनी घरेलू मजबूरी बताते हुए ग्राम से ड्यूटी काटे जाने की गुहार लगाई थी, जिसपर उसे हटाते हुए दूसरे ग्राम के शिक्षा मित्र रामकुमार को लगाया गया था। लेकिन खास बात यह है कि अभी तक रामकुमार को तहसील से सामग्री नहीं दी जा सकी है, तहसील के बीआरसी मोहित मिश्रा के मुताबिक उनके रिकॉर्ड में आज तक अभिलाष चन्द ही बीएलओ हैं। खास बात यह है कि 19 अगस्त से पंचायत चुनाव की मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य शुरू किया जाना था, लेकिन आज बुधवार को दो दिन गुजर गए लेकिन अभी तक गांव में कोई भी बीएलओ नहीं पहुंचा है। बुधवार को ग्राम प्रधान निशा गंगवार के पति पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरोत्तम गंगवार उर्फ मुन्ना ने प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयोग को ट्यूट कर इसकी शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस मामले में बीआरसी मोहित मिश्रा को फोन लगाकर जानकारी करने की कोशिश की लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# आला हजरत के कुल में उमड़ा लाखों अकीदतमंदों का जनसैलाब

■ विश्व में सूफी सुन्नी विचारधारा ही शांति स्थापित करने का कर रही है कार्य: मुफ्ती सलीम बरेलवी
■ आला हजरत के कुल साथ उर्स-ए-रजवी का समापन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** 107 वें उर्स-ए-रजवी के आखिरी दिन बुधवार को आला हजरत फाजिले बरेलवी के कुल शरीफ की रस्म देश-विदेश के लाखों अकीदतमंदो, उलेमा, सज्जादगान की मौजूदगी में अदा की गई। इस मौके पर विश्व के नाम. चीन उलेमा ने दुनिया भर के मुसलमानों के नाम खास पैगाम दिया। दो बजकर अड़तीस मिनट पर कुल शरीफ के रस्म बाद तीन रोजा उर्स का समापन हो गया। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने मुल्क-ए-हिंदुस्तान समेत दुनिया भर में अमन-ओ-सुकून व खुशहाली की खुसूसी दुआ की। आज की महफिल का आगाज दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत व सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में हुआ। मुफ्ती जईम रजा ने कुरान की तिलावत की। हाजी गुलाम सुब्हानी व आसिम नूरी ने मिलाद का नजराना पढ़ा। इसके बाद नबीरे आला हजरत सुल्तान रजा खान, अल्हाज शोएब रजा खान, सय्यद सैफी मियां, कारी रजा ए रसूल, महशर बरेलवी ने नात-ओ मनकबत का नजराना पेश किया। मारहरा शरीफ के सज्जादानशीन हजरत मौलाना नजीब हैदर (नजीब मियां) नबीरे आला हजरत अल्लामा तौसीफ रजा खां (तौसीफ मियां), मौलाना सय्यद सैफ मियां, मुफ्ती अर्सलान रजा खान ने कहा कि मसलक आला हजरत ही मसलक अहले हक है। अहले हक ही जन्नती है। मिस्र, तुर्की, शाम, जॉर्डन, अफ्रीका, अमेरिका के मुसलमानों का अकीदा भी मसलक ए अहले सुन्नत और मसलक ए आला से बावस्ता है। बरेलवी कोई फिरका नहीं बल्कि ये पैगम्बर ए इस्लाम का मिशन, शिक्षा और ताल. ीमात का नाम मसलक ए आला हजरत है। इन लोगों ने कहा कि जो लोग नबी की शान में गुस्ताखी कर रहे हैं वो काफिर हैं। मुफ्ती सलमान अजहरी ने अपनी तकरीर शुरू करते हुए कहा कि आला हजरत के आप भी दीवाने और मैं भी दीवाना हूं। इस वक्त आप लोग अपनी दीवानगी पर काबू रखते हुए मसलक ए आला हजरत की तालीमात पर अमल करते हुए इस मिशन को दुनिया भर तक पहुंचायें।

मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि देश विदेश के उलेमा ने तकरीर का सिलसिला शुरू करते हुए मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने अपने खिताब में कहा कि मौजूदा दौर में विश्व में शांति स्थापित सुन्नी सूफी खानकाही विचार धारा से की जा सकती है। हमारा मुल्क विश्व का सबसे शांतिपूर्ण देश है, यहां नफरतों को कोई जगह नहीं। हमारा मुल्क एक खूबसूरत गुलदस्ता है जिसके फूल हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई हैं। हम सब को मुल्क की तरक्की के लिए मिलकर काम करना होगा। आला हजरत फाजिले बरेलवी और उनके पूरे कुनबे ने अंग्रेजों से नफरत और मुल्क से वफादारी का पैगाम दिया।

मुफ्ती तौहीद संभली ने बेटियों को बहकते कदम पर फिक्र जाहिर करते हुए कहा कि हर बाप और भाई अपनी बेटियों की अच्छी परवरिश करें, और कौम के अमीर इनके लिए स्कूल कॉलेज खोलें। मौलाना इरफान उल हक कादरी ने कहा कि आवाम और ख्वास आज मजहबी मसले में बरेली के ही फतवे पर अमल करती है। बरेली कल भी हमारा मसलक (केंद्र) है आज भी है। मुफ्ती इमरान हनफी ने कहा कि मसलक आला हजरत ही वफा ए रसूल का रास्ता है। ये वही रास्ता है जो हमारे नबी, हजरत अबू बकर सिद्दीक, हजरत उमर फारूक आजम, हजरत उस्मान गनी, हजरत मौला अली, हजरत इमाम हुसैन और गरीब नवाज का रास्ता है।

संचालन करते हुए कारी यूसुफ रजा संभली ने सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां का पैगाम देते हुए कहा कि इस साल दुनिया भर में पैगंबर ए इस्लाम का 1500 साला जश्न ए यौमे विलादत मनाया जाएगा। मुसलमान इस मौके पर खुशियां मनाएं। घरों, बाजारों और शहरों को सजाएं। महफिल और सेमिनारों में गैर मुस्लिमों को बुलाकर इस्लाम की सही तस्वीर रखें, और अपनों के साथ हम वतन भाईयों को मिठाई और फूल बांटकर खुशियां मनाएं। मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी ने कहा कि दरगाह की सज्जादगी पर सबसे ज्यादा वक्त पर कघयम रहने वाली जात का नाम मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) है। इस स्टेज से आज नारा दिया जा रहा है, श्श्आंखों का तारा दिल की जान, शाह सुब्हान या सुब्हानश्श। मौलाना जाहिद रजा बरेलवी ने अपने खिताब में कहा कि मुस्लमान अल्लाह की रस्सी को मजबूती से पकड़ लो, और उसकी ही बंदगी करो, इबादत के लायक सिर्फ मेरा रब है। मॉरीशस से आए मुफ्ती नदीम अख्तर ने अपने खिताब में कहा कि आला हजरत ने अपने खिताब में आला हजरत ने मजहब ओ मिल्लत के लिए जो अजीम खिदमात अंजाम दी, आज दुनिया हैरान है। जहाँ एक तरफ फतावा आलमगीरी जिसे उस वक्त के 500 उलेमा मिलकर 2 जिल्दों में तैयार करते हैं। वही वक्त के इमाम इमाम अहमद रजा तन्हा फतावा रजविया 12 जिल्दों में लिख देते हैं, जिससे दुनिया भर में आज भी शरई मसले हल किये जा रहे हैं।

मुफ्ती अख्तर हुसैन ने कहा अल्लाह फरमाता है कि हक आया और बातिल मिट गया। आला हजरत के हर हर फतवे हक है। आपने जितने भी फतवे लिखे कुरान और हदीस से पूरी रिसर्च करके लिखे। लाखों फतवों में एक भी फतवे में रद्दोबदल की जरूरत पेश नहीं आई। मुफ्ती अय्यूब ने देहात में नमाज ए जुमा व लाउडस्पीकर पर नमाज को लेकर चर्चा की। कारी सखावत नूरी और मौलाना मुख्तार बहेडवी ने मुसलमानों के जुलूस में बजते डीजे पर सख्त मजम्मत करते हुए आने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी व मुसलमानों के घरों में खुशी के मौके पर डीजे पर सख्ती से रोक लगाने को कहा। पटना से मुफ्ती डॉक्टर मुमताज आलम ने कहा कि आला हजरत ने हमारे ईमान और अकीदे की हिफाजत फरमाई। मुफ्ती जीशान रजा ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के बहकते कदम की बड़ी वजह शादियों में फिजूलखर्ची है। मजहब ए इस्लाम ने हमें जिस का हुक्म दिया है, उसपर अमल करने का तरीका भी बता दिया है। अल्लामा सगीर अख्तर जोखनपुरी ने कहा जो पैगंबर ए इस्लाम को आखिरी नबी माने वो मिर्जा गुलाम कादयानी की तरफ काफिर है।

ठीक 2 बजकर 38 मिनट पर कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। कारी रजा ए रसूल, मुफ्ती जईम रजा, सय्यद मुफ्तफा मियां ने फातिहा शिजरा शीरान रजा खान पढ़ा। आखिर में खुसूसी दुआ मुफ्ती अहसन मियां ने की। खानकाह ए तहसीनिया के सज्जादानशीन मौलाना हस्सान रजा खान, मुस्तहसन रजा खान, मुफ्ती फैज मियां, सूफी रिजवान मियां, शीरान रजा खान, इकान रजा खान, मुकर्रम रजा खान, मौलाना जिक्रउल्लाह, मुफ्ती मुजीब, कारी अब्दुल रहमान कघदरी, मुफ्ती माहिर उल कादरी आदि खुसूसी तौर से मौजूद रहे।

## नौजवानों की भीड़ हुई बेकाबू

मुफ्ती सलमान अजहरी की स्टेज पर आने से नौजवानों की भीड़ बेकाबू हो गई। हर कोई उनको करीब से देखना चाहता था। तुरंत ही मारहरा शरीफ के सज्जादानशीन हजरत मौलाना नजीब मियां, दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हानी मियां, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां, हजरत मौलाना तौसीफ मियां, मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती सलीम नूरी, संचालन कर रहे कारी यूसुफ रजा संभली खुद मुफ्ती सलमान अजहरी ने भीड़ से अपील कर भीड़ को काबू किया। नासिर कुरैशी ने बताया कि शिद्दत की गर्मी और उमस से कोई लोगों की तबियत बिगड़ी, जिन्हें टीटीएस रजाकारों ने पानी मुहैय्या कराकर सुरक्षित जगह पहुंचाया।

## अहसन मियां ने की अमन ओ सुकून की दुआ

कुल शरीफ के बाद सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने मुल्क ए हिंदुस्तान में अमन ओ सुकून के साथ मिल्लत और फिलिस्तीन के मुसलमानों के लिए भी खुसूसी दुआ की। इसके बाद जो लोग अभी तक मुरीद नहीं हुए थे, उनको हजारों की संख्या में दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) ने मुरीद किया। वहीं मुफ्ती अहसन मियां और सय्यद आसिफ मियां ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मीडिया के अलावा सभी लंगर कमेटियों और उर्स में शिरकत करने वाले सभी रजाकारों का शुक्रिया अदा किया। वहीं इस बार जायरीन को लंगर के साथ ही मरकज ऐड सेल की ओर से बाहर से आई फोर्स के लिए भी तीनों दिन जलपान की व्यवस्था की गई।

# 107 वें उर्स-ए-रजवी में काजी-ए-हिन्दुस्तान का पैगाम कौमे मुस्लिम के नाम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** हुजूर काईद ए मिल्लत मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खान कादरी की सरपरस्ती व सरदार में सुन्नी बरेलवी मसलक के पेशवा आला हजरत इमाम अहमद रजा खान कादरी का 107 वें उर्स-ए-रजवी के मौके पर मथुरापुर स्थित इस्लामिक स्टडी सेण्टर जामिआतुर्रजा में काजी-ए-हिन्दुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजाघ खां काघ्दरी का पैगाम पूरी दुनिया के मुसलमानों के नाम और यह पैगाम हिदायत करता है कि अपने बच्चों और बच्चियों में बचपन ही से दीनी माहौल जैसे नमाज रोजा की अदायगी, औरादो वजाइफ का इल्तिजाम, तिलावते कुरआन और दीनी कुतुब के पढ़ने का जौक पैदा करें, और इनको कुफ्रो गुमराही और हलालो हराम के मसाइल से वाकघ्फि कराएं, ताकि वो सही व गलत के माबेन फर्कघ् कर सकें, और बच्चियों पर खघस निगाह रखें कि वो अघ्सरी तालीम के नाम पर फितना-ए इरतिदाद का शिकार बनाई जा रही हैं, और पहरा-ए कुफ्रो इल्हाद के दल-दल में फंसकर हर तरह से बर्बाद हो रही हैं।

हालात व वाकघ्आित और मुआशरे में रोनुमा होने वाले फसादात ने यह बता दिया है कि बच्चियों के फितना-ए इरतिदाद में मुब्तिला होने की तीन बुनियादी व जहीं मालूम होती हैं जिनका सद्दे बाब जरूरी है। सोशल मीडिया का कसरत के साथ इस्तेमाल। लड़के लड़कियों की मख्लूत तालीम। शादी ब्याह में बेजा अख्राजात व मुतालबात।

लिहाजा सोशल मीडिया के नुकसानदेह इस्तेमाल से बच्चे और बच्चियों को दूरो-नुफूर रखा जाए, साथ ही इनको पाकीजा और साफ सुथरी तालीम दी जाए, नीज शादी ब्याह में गैर जरुरी और नाजाइज अखघ्राजात से मुकम्मल गुरैज किया जाए।

इस्लाम ने औरतों को पर्दे में रहने और और इसकी पाबंदी करने का हुक्म दिया है, जिसपर कघ्रुआनी-आयात और अहादीसे मुबारका शाहिद हैं, लेकिन अफसोस! आज हमारी मुस्लिम बहनें इससे काफी दूर नजर आ रही हैं, और इसके गलत नताइज देखने को मिल रहे हैं। यकीनन घरों में बरकत के बजाए लअनत होती है, जिन घरों की औरतें बे-पर्दा फिरें, लिहाजा मुसलमान होने का तकघजा है कि अपने घर की औरतों में इस्लामी पर्दे का माहौल काइम करें, और इनको हरगिज-हरगिज बे-पर्दा न निकलने दें।

बातिनी पाकीजगी और रूहानियत को जिन्दा रखने के लिए रिज्क का हलाल व पाक होना बहुत जरूरी है, चुनांचे हदीस में है कि अल्लाह तआला पाक है और पाक चीजों को ही पसन्द करता है, इसलिए जरूरी है कि रिज्के हलाल ही कमाएं, और औलाद को यही खिलाएं ताकी उनका बातिन पाको साफ रहे।

मुस्लिम मुआशरे पर नजर रखने वाले बा-खूबी जानते हैं कि इस वक्त अहले सुन्नत को खघरजी फितनों के साथ-साथ दाखघ्लिी फितनों ने भी अपने चंगुल में जकड़ लिया है, जिसके सबब हमारी नई नस्ल का एक भारी तबकघ हमारे हाथों से निकलता जा रहा है, चूंकि उसके जहनों फिक्र को तारीख व सीरत के गैर मुअतबर व शाज वाकघ्आित सुनाकर बिगाड़ा जा रहा है जो आयाते कुरआनिया, अहादीसे मुबारका और इज्मा-ए उम्मत के खघ्लिाफ हैं।

इनके अलावा मुफ्ती अफजल रजवी साहब ने आला हजरत के तकवे व फतवों पर बयान किया। उन्होंने बताया कि आला हजरात ने जिन्दगी भर गुस्ताखे रसूल का रद किया और लोगों को इसके रसूल का दर्स व लोगो के दिलों में इसके रसूल की शाम जलाते रहे, जिससे आपको दुनियाभर में लोग आशिके रसूल से जानते हैं। मौलाना शकील और बहार से आये उलेमा किराम ने बयानात किये। उर्स के बाद काजी ए हिन्दुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजाघ खां काघ्दरी ने मुरीद किया।

जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उर्स प्रभारी सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने बताया कि उर्से आला हजरत में देश-विदेश आये उलेमा किराम ने शिरकत फरमायी, और आला हजरत की बारगाह में खिराजे अकीदत पेश किया। उन्होंने बताया कि कारी शरफुद्दीन रजवी साहब ने कुरआन ए पाक की तिलावत से उर्स के प्रोग्राम का आगाज किया, और मौलाना गुलजार रजवी साहब ने प्रोग्राम की निजामत की, उर्स में शरीक नातखां ने नात-ओ-मनकबत का नजराना पेश किया।

फरमान मियां ने कहा कि बाहर से आये जायरीन के लिए लंगर व ठहरने का बड़े पैमाने पर इंतेजाम किया गया, उर्स की मुबारकबाद पेश की, और उन्होंने बताया कि देश में अमनो अमान के लिए दुआ की गई।

उलेमाओं ने जो तकघ्रीर की है उसपर अमल करें, दीनी पढ़ाई के साथ दुनायवी पढ़ाई भी करे देश का नाम रोशन करें। उर्स का प्रोग्राम मरकज से ऑडियो लाइव प्रसारण किया गया। जिससे आपके अकीद. तमंदों ने उर्से रजवी दुनियाभर में खासकर दुबई, यू0के0, अमरीका, हॉलेंड, मलावी, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, आदि देशो में सुना गया।

# तहसील क्षेत्र की दो नाबालिग पुत्रियों को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** पहला मामला नगर का है, नगर के एक मजदूर की नाबालिग पुत्री को क्षेत्र के गांव बरखन के बड़े का पुत्र आविद दो दिन पहले उस समय बहला फुसलाकर भगा ले गया था, जब किशोरी घर पर अकेली थी, उसकी मां कस्बे में समान लेने गई थी जबकि उसका पिता बाहर मजदूरी करता है।

आरोप है किशोरी अपने साथ आभूषण भी ले गई है। घटना की नामजद रिपोर्ट किशोरी की मां ने थाना नवाबगंज में दर्ज कराई है। पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही थाना क्योलड़िया के एक गांव के किसान की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया। परिजनों ने अपने गांव के ही तुलाराम के पुत्र रामचंद्र पर पुत्री को भगा ले जाने का शक जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस दोनों किशोरियों की बरामदगी करने में जुटी है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक:- 1127 /न०पा०प०ब०/2025-26 दिनांक:- 20.08.2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बहेड़ी स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में डी श्रेणी में कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सभी कार्यों के लिए निविदा मूल्य तथा धरोहर धनराशि पृथक-पृथक जमा करना अनिवार्य होगा। कार्य विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | 10 प्रतिशत धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | नगर पालिका परिषद बहेड़ी सीमान्तर्गत 25 वार्डों में कूड़ा पृथक्कीकरण एवं विकेन्द्रीयकरण अवधारणा के अन्तर्गत एवं वार्डवार प्रत्येक घरों को प्रशिक्षण दिये जाने, एम०एस०डब्लू० के कार्यों को आई०ओ०टी० आधार पर निगरानी करने, नगर क्षेत्र के अन्तर्गत जनजागरूकता प्रचार-प्रसार आदि कार्य। | 4137528 | 413760 | 4890 | एक वर्ष |

| | |
|---|---|
| E-Tender Publish Date and Time | 22-08-2025 at 11:00 AM |
| Last Date and Time for Submission of e bid | 02-09-2025 up 05:00 PM |
| E-Tender opening Date | 03-09-2025 from 11: 00 AM |
| Place of opening of E-bid | Nagar Palika Parishad Baheri (Bareilly) |
| E-Tender Document Procecing | टेण्डर हेतु आवश्यक प्रपत्रों हेतु अपलोड निविदा में देखें। |
| E-Tender Tender Fee | टेण्डर मूल्य/शुल्क हेतु अपलोड निविदा देखें। |
| E-Tender Security | 10 प्रतिशत |

नोट:- सम्बन्धित निविदा शर्तें व विस्तृत विवरण एवं समस्त कार्यवाही ई-टेण्डर वेवसाइड http//etender.up.nic.in की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| (अहमद हसन) | (शशि प्रभा चौधरी) | (रश्मि जायसवाल) |
| सफाई एवं खाद्य निरीक्षक | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली) | नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली) | नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली) |

# मोर को कुत्ते-बन्दरों ने किया घायल



**कोसीकलां।** नरसी विलेज में एक मोर को बंदर-कुत्तों ने दबोच लिया। इससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। कालोनीवासियों ने मोर को बचाकर पशु चिकित्सालय में उपचार कराकर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। पृथ्वी से पक्षी नदारत होते जा रहे है अगर कोई विचरण करने जमीन पर आ जाते है तो आवारा जानवर नही ठहरने देते इसी के कारण मोर चिड़िया गोरिया की प्रजाति खत्म होती जा रही है मामला बुधवार की सुबह का है। नरसी विलेज कॉलोनी में एक पेड़ के नीचे राष्ट्रीय पक्षी मोर बैठा था। लोगों के मुताबिक तभी बंदर-कुत्तों ने उसे पकड़ लिया और बुरी तरह जख्मी कर दिया। वही कुछ बंदर मोर को चारों ओर से घेरे थे। मोर को घ्घिरता देख आसपास रहने वाले दीपक अग्रवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, ध्रुव, वृषभान पाण्डेय, पप्पू हतानिया आदि मौके पर पहुंच गए। लोगों ने जख्मी मोर को पशु चिकित्सालय ले जाकर इलाज कराया। सूचना पर वन विभाग की टीम ने पहुंचकर मोर को अपनी सुपुर्दगी में लिया।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**पीलीभीत।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष में फोटोग्राफर्स एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने पौधारोपण किया। वरिष्ठ फोटोग्राफर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदस्यता प्रमाण पत्र और आई कार्ड वितरित किए गए। शहर के एकता सरोवर पार्क में विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटोग्राफर्स एसोसिएशन पीलीभीत की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। बरेली से आए फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के ज़ोन प्रभारी अरविंद आनंद, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, अखिलेश कश्यप व अरविंद शर्मा और जनपद के पदाधिक. रियों ने पार्क में वटवृक्ष लगाया। वरिष्ठ फोटोग्राफर शाहीन खां और महेंद्र सरीन को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ फोटोग्राफरों ने अपने अनुभव साझा किए। जनपद




के छायाकारों को सदस्यता प्रमाण पत्र और पहचान पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर फोटोग्राफर्स एसोसिएशन पीलीभीत के अध्यक्ष दिलीप थापर, मीडिया प्रभारी साकेत सक्सेना, कोषाध्यक्ष लवित सोहल, सचिव अंशुल गौड़, संगठन मंत्री मनीष भारद्वाज, सक्रिय सदस्य पंकज शर्मा, पंकज मौर्या, मोहम्मद हारून, वरिष्ठ फोटोग्राफर, महेंद्र सरीन, शाहीन खान, गंगा विष्णु, प्रेम शंकर, मोहम्मद नावेद अंसारी,सूर्य प्रकाश शर्मा, प्रवेश कुमार, राहुल राठौर, सुरेंद्र पाल, शिवम शर्मा, मोहम्मद अफसर अंसारी, रवि राठौर, सुनील कुमार, करन सिंह, नंदकिशोर ,जयप्रकाश, नेतराम,विभांशु, अंकुर लोधी,इजहार, अमन, अंशु,राज भारद्वाज, मोहम्मद नूर, ज्ञानप्रकाश, अमन सक्सैना, अनूप राजपूत, प्रदीप कुमार, रमेश चंद, सोनू, सौरभ,विशाल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# बाबा मिश्री नाथ आश्रम में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव, निकाली शोभा यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** ग्राम भिखारीपुर स्थित बाबा मिश्री नाथ आश्रम में जन्माष्टमी के अवसर पर धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान सिंहासन के साथ भागवत कथा की शोभा यात्रा पूरे गांव में निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। शोभा यात्रा में प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सतेन्द्र मौर्य, जिला महासचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ राहुल कश्यप और जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महेश कश्यप भी उपस्थित थे। बाबा मिश्री नाथ आश्रम से निकाली गई शोभा यात्रा में भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना की गई और उनकी कृपा की कामना की गई। शोभा यात्रा के दौरान भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भाग लिया और भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान किया। जन्माष्टमी के अवसर पर जगह-जगह मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सतेन्द्र मौर्य ने शोभा यात्रा में भाग लिया और भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद लिया। जिला महासचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ राहुल कश्यप और जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महेश कश्यप भी शोभा यात्रा में उपस्थित रहे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी द्वारा मेडिकल परामर्श शिविर का आयोजन




शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** नगर के दिनेश हॉस्पिटल में रोटरी क्लब ग्रीन के सहयोग से घुटना एवं कूल्हा रोग विशेषज्ञ द्वारा मेडिकल परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में बरेली राम मूर्ति अस्पताल की शाखा गुड लाइफ से घुटना एवं कूल्हा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ध्रुव गोयल आमंत्रित रहे इस दौरान लगभग 60 मरीजों को इस कैंप में निशुल्क निरीक्षण किया गया। रोटरी क्लब ग्रीन द्वारा स्वास्थ्य संबंधी शिविर प्रतिवर्ष लगवाया जाता है। शिविर में रोटरी क्लब ग्रीन के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश गुप्ता का विशेष योगदान रहा। क्लब अध्यक्ष नीरज गुप्ता, सचिव राजेश रस्तोगी , सदस्य संदीप गुप्ता (बन्नू) और दीपक अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे। इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी की अध्यक्ष कल्पना गुप्ता, चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता, मिताली गुप्ता, रिंकी गुप्ता, प्रीति अग्रवाल और विजेता प्रधान आदि सदस्यों ने डॉक्टर ध्रुव को उनके इस कार्य के लिए सम्मानित किया।

# चार घंटे तक धूं धूं कर जला केमिकल व टैंकर



**मथुरा।** बरेली जयपुर हाइवे पर मथुरा में चार घंटे दहशत भरे रहे। महावन क्षेत्र में सड़क हादसे में हाइवे पर केमिकल से भरा टैंकर पलट गया। इसके बाद टैंकर में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि लपटें 20 फीट ऊंची थीं। एक किलोमीटर तक आग की लपटें देखी जा सकती थीं। रात का समय होने के चलते आसपास लोग नहीं थे और कोई जनहा. नि नहीं हुई, बताया जा रहा है कि टैंकर चालक ने भी कूदकर जान बचा ली। इसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जिससे टैंकर के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। घटना सुबह करीब चार बलदेव क्षेत्र में गांव मनोहरपुर के पास हुई। आग लगने की सूचना पर महावन थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। रिफाइनरी से भी दो फोम टैंडर बुला लिये गये थे। ज्वलनशील केमिकल के आग पकड़ने की वजह से आसपास दहशत का माहौल हो गया। पुलिस ने एहतियाती कदम उठाये और लोगों को घटनास्थल से दूर किया। आग पर दमकल विभाग की छह गाड़ियों ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। इस दौरान दमकल विभाग के एफएसएसओ, एक फायरमैन व एक होमगार्ड झुलस गये। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टैंकर में कुल चार टैंक थे, जिनमें से एक टैंक फट गया। केमिकल सड़क पर फैल गया इसके बाद आग और भड़क गई। टैंक धमाके के साथ फटा आसपास के इलाके में धमके की आवाज से लोग जग गये। बाहर निकले तो हाइवे पर आग की तेज लपटें उठती हुई दिखाई दीं। आग पर काबू पाने के लिए मांट, भूतेश्वर और रिफाइनरी दमकल विभाग की चार गाड़ियों मौके पर पहुंची। मांट फायर स्टेशन के एफएसएसओ (फायर स्टेशन सेकेंड ऑफिसर) किशन सिंह व फायरमैन शाकिर के उपर केमिकल आकर गिर गया जिससे दोनों झुलस गये। दोनों को स्वर्ण जयंती में भर्ती कराया गया है। मौके पर टेक्निकल टीम को भी बुला लिया गया था। केमिकल का सैंपल लेकर रिफाइनरी लैब के भेजा गया। जिससे मालूम पड़ सके कि कौन सा केमिकल परिवहन कर ले जाया जा रहा था। इस दौरान यातायात भी बाधित रहा।

# जिलाधिकारी ने की जनप्रतिनिधियों संग बैठक

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में जनप्रति. निधियों के प्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। राज्यमंत्री संजय गंगवार के प्रतिनिधि द्वारा नगर में सड़कों के गढ्ढे भरवाने की मांग की गई। उन्होंने चैराहों व सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर किए जाने की मांग की। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा निर्माणाधीन हरदोई नहर के पुल निर्माण के कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने हेतु कहा ताकि आमजन को जाम से निजात मिल सके। विधायक पूरनपुर प्रतिनिधि ऋतुराज पासवान द्वारा आजाद नगर, श्रीनगर, नहरोसा, राणाप्रताप नगर आदि गांव में शारदा नदी द्वारा भूमि कटान की समस्या से अवगत कराया गया तथा कटर लगाकर समस्या के समाधान की मांग की। तहसील कलीनगर में रजिस्ट्री आफिस बनावाये जाने की मांग रखी गई। बैठक में राज्यमंत्री संजय गंगवार के प्रतिनिधि सुनील मिश्रा, विधायक पूरनपुर प्रति. निधि, विधायक बरखेड़ा प्रति. निधि डॉ बांके लाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ दलजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अपर जिला अधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया, नगर मजिस्ट्रेट विजय, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नहर में मिला युवक का शव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कोतवाली क्षेत्र के मुंडाखेड़ा स्थित नहर में बुधवार की दोपहर उतराता हुआ युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार की दोपहर ग्रामीणों ने मुंडाखेड़ा स्थित नहर में उतराता हुआ युवक का शव देखा। नहर में युवक का शव मिलने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के सबको नहर से बाहर निकलवा कर शिनाख्त का प्रयास किया। लेकिन युवक के सब की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि बुधवार की दोपहर मुंडा खेड़ा नहर में एक तैरता हुआ युवक का शव मिला है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया। लेकिन अभी शिनाख्त नहीं हो सकी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# काली नदी में मिला अधेड़ का शव

**बुलंदशहर।** नगर क्षेत्र स्थित काली नदी में संदिग्धावस्था में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। खेतों में काम कर रहे लोगों की सूचना पर नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। मृतक पक्ष ने नगर के ही एक व्यक्ति पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत होना बताया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपते हुए जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहनकुटी निवासी पीड़िता गायत्री के अनुसार उसके पति धर्मपाल नगर के मोहल्ला सरायधारी निवासी एक व्यक्ति के यहां करीब 10 साल से नौकरी कर रहे थे। आरोप है कि कुछ साल तक आरोपी ने वेतन दिया, किंतु बीते काफी समय से आरोपी ने वेतन देना बंद कर दिया। धर्मपाल को शराब पीने का आदी बना दिया गया। जब भी धर्मपाल वेतन की मांग करता था तो उसको शराब पिला दी जाती थी।

बीते दिनों आर्थिक तंगी के कारण धर्मपाल ने काम पर जाना बंद कर दिया। आरोप है कि इसके बाद 18 अगस्त को आरा. पी उनके घर पहुंचा और धर्मपाल को फिर से नौकरी पर बुलाकर ले गया। जब पुराने वेतन की मांग की तो आरोपी ने कहा कि जल्द ही पूरा भुगतान कर देगा। 19 अगस्त की शाम को पीड़ित परि. जनों को सूचना मिली कि धर्मपाल का शव काली नदी में पड़ा हुआ है। मौके पर जाकर देखा तो आरोपी की ट्यूबवेल के पास ही धर्मपाल का शव काली नदी में पड़ा था। नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने ही शराब पिलाकर धर्मपाल की हत्या कर शव काली नदी में फेंकने का आरोप लगाया। हालांकि नगर पुलिस प्रारंभिक जांच के आधार पर व्यक्ति की डूबने से मौत होने का दावा कर रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में व्यक्ति की डूबने से मौत होने का पता चला है। एसएपी ऋजुल ने बताया कि घटना के संबंध में जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेसियों को याद आए स्व. राजीव गांधी




**मथुरा।** आज महानगर के सेठवाड़ा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर की अध्यक्षता में भारत के पूर्व युवा प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी की 81 वीं जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुकेश धनगर कहा कि आज हमारे बीच राजीव गांधी जी नहीं है अगर वह होते तो जो देश में कुछ सिरफिरे लोग जातिवाद सांप्रदायिकवाद व आतंकवाद फैला रहे हैं वह लोग इस देश में नहीं रह पाते। राजीव गांधी के कुशल नेतृत्व में जब विश्व युद्ध की लहर बन रही थी और ईरान, इराक और अमेरिका लड़ रहे थे तथा उन्होंने युद्ध बंद कराकर विश्व शांति का संदेश भारत से दिया। भारत को 21वीं सदी में महान राष्ट्र की कल्पना संजोए स्व. राजीव गांधी जी ने पंचायती राज की स्थापना कर ग्राम पंचायतों को मजबूत किया। राजीव गांधी की विघटनकारी शक्तियों ने षड्यंत्र के तहत हत्या कर दी उनके बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। जिला कांग्रेस के प्रभारी महासचिव वैद्य मनोज गौड़ ने कहा कि आज भारत इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कंप्यूटर मोबाइल ऊर्जा क्षेत्र में स्वरोजगार आदि में अग्रणी है जो कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी की देन है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने किया। स्व. गांधी को पुष्पांजलि देने वालों में डॉ. आशुतोष भारद्वाज, महेश चौबे, संदीप चौधरी, रवि वाल्मीकि, रमेश कश्यप, दीपक दीक्षित, अरनव चौधरी, शैलेंद्र चौधरी, सतीश राजोरिया, धर्मेंद्र सिकरवार, मोहित कुमार, बलराम यादव, अनिल खरे, दिलशाद, हर्ष कुमार, जितेंद्र दिवाकर, राजेश सिंह, सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दूध में मिलावट की शिकायत पर कार्यवाही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** थाना कोतवाली देहात के जसनावली कलां में एक डेयरी पर मिलावटी दूध और ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बेचने की शिकायत मिली। डीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पुलिस बल के साथ ग्राम ततारपुर निवासी तेजवीर सिंह की डेयरी पर छा डेयरी से दो कैन में रखा लगभग 55 लीटर दूध मिला। साथ ही एक कैन में बिना लेबल की 24 सीलबंद शीशियां प्रत्येक 100 मिलीलीटर बरामद हुई। पूछताछ में डेयरी मालिक तेजव. ीर ने बताया कि यह भैंसों को लगाया जाने वाला ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन है। मौके पर औषधि निरीक्षक बुलंदशहर को बुलाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दूध का नमूना और औषधि निरीक्षक ने ऑक्सीटोसिन का नमूना जांच के लिए लिया। जांच रिपोर्ट आने के बाद तेजवीर सिंह के खिलाफ खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 और ड्रग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम मिलन राना, मनीषा शर्मा, महेश कुमार, औषधि निरीक्षक अनिल कुमार आनंद और सैनेटरी सुपरवाइजर बिहारी लाल शुक्ला शामिल रहे।

# डीआईओएस कार्यालय पर शिक्षकों का प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बुधवार को माध्यमिक शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली समेत 31 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया। सैकड़ों शिक्षकों ने कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। शिक्षकों का कहना है कि सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लंबे समय से आंदोलन चल रहा है। लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। धरना स्थल पर शिक्षकों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने कहा कि उनकी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। लेकिन कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। शिक्षकों ने चेता. वनी दी है कि अगर मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज होगा। शिक्षकों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें सरकार तक नहीं पहुंचाई जातीं, तब तक धरना जारी रहेगा। फिलहाल सैकड़ों शिक्षक डीआईओएस कार्यालय पर डटे हुए हैं।

# जवान से 12 हजार-सोने की चेन लूटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** खुर्जा में थल सेना के एक अग्निवीर जवान के साथ लूटपाट की घटना सामने आई है। कश्मीर में तैनात जवान अमन प्रताप सिंह बुधवार को बाल कटवाने जा रहा था। इस दौरान कुछ बदमाशों ने उसे घेर लिया। बदमाश जवान को जबरन घर के अंदर ले गए। उन्होंने जवान की जेब से 12 हजार रुपए व उसके गले से सोने की चेन भी लूट ली। जवान के विरोध करने पर बदमाशों ने लाठी-डंडों से उनके सिर पर हमला कर दिया। हमले में जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। बदमाश उसे बेहोश हालत में घर के बाहर छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद घायल जवान ने खुर्जा कोतवाली में नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने जवान का मेडिकल करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मांगों को लेकर भाकियू का धरना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने मक्का खरीद केंद्र की स्थापना की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राजेबाबू पार्क से कलेक्ट्रेट तक पहुंचकर धरना दिया। भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी ने कहा कि जिला मक्का उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है। प्रदेश सरकार के आदेश के बावजूद अभी तक मक्का खरीद केंद्र नहीं खोला गया है। जिससे किसान बिचौलियों और दलालों को अपनी फसल बेचने को मजबूर हैं। मंडी में दलाली चरम पर है। युवा जिलाध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने अधिकारियों पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि तत्काल कांटे नहीं लगवाए गए तो वे सड़कों पर मक्का बिखेर देंगे।

# मच्छर से करें बचाव, डेंगू-मलेरिया से रहें दूर

**मथुरा।** विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मच्छरों से फैलने वाले रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने व बचाव और नियंत्रण के उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार, जिला प्रशास. निक अधिकारी डॉ. अनुज यादव, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अनुज चौधरी और मलेरिया इकाई के कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अनुज चौधरी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व मच्छर दिवस प्रतिवर्ष 20 अगस्त को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य मच्छरों से फैलने वाले रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना साथ ही मच्छरों बचाव और नियंत्रण के उपायों को प्रोत्साहित करना है।

जिला मलेरिया अधिकारी बताया कि ने बताया कि बारिश आने से मौसम में बदलाव होता है। इस स्थिति में तापमान, वर्षा होने से जलवायु परिस्थितियां मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल हो जाती हैं। ऐसे में मच्छर जनित रोग जैसे- डेंगू, चिकनगुनियां इत्यादि बढ़ने लगते हैं। इससे बचाव के लिए इन मच्छरों को पनपने से रो. कना जरूरी है। ऐसे में विभाग की ओर से जिला अस्पताल में दस बेड और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पांच-पांच बेड डेंगू के मरीजों के लिए आरक्षित हैं। जिससे कि डेंगू के मरीजों को समय से उपचार दिया जा सके।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने अध्यक्षता करते हुए समस्त कर्मियों से माइक्रोप्लान के क्षेत्र भ्रमण कर गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही गोष्ठी में विश्व मच्छर दिवस के आयोजन के विषय में और मच्छर जनित रोगों से बचाव और उपचार के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मच्छरों से बचाव हेतु जनता से अपील की कि वे पानी के बर्तनों को ढक कर रखें, सप्ताह में एक बार पानी के बर्तनों को खाली कर लें और मच्छरों से बचने के लिए मच्छर रोधी क्रीम, नीम का तेल, कडवा तेल का उपयोग करें।

उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रस्वास्थ्य कार्यकर्ता से खून की जांच करानी चाहिए और दवा नियमित और पूरी खानी चाहिए।

मच्छरों से बचाव के लिए ध्यान रखने योग्य बातें

क्या करें

पानी के बर्तनढ्ढमटकी आदि ढक कर रखें।

सप्ताह में एक बार पानी के बर्तनों को खाली कर लें।

जिन स्थानों में पानी का इकट्ठा होना रोका न जा सके, वहां पानी में कुछ बूंदें मिट्टी का तेल या ट्रैक्टर का जला मोबि. बल ऑइल डाल दें।

मच्छरों से बचने के लिए सोते समय मच्छर रोधी क्रीमध्नीम का तेलध्कडवा तेल शरीर पर मलें/लगायें।

# बूँदाबाँदी ने बढ़ाई उमस वाली गर्मी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिले में सूरज के तल्ख तेवरों से लगातार गर्मी का असर बढ़ रहा है। बारिश के बीच धूप निकलने से उमस में लोग पसीनों से तर-बतर हो रहे हैं। बुधवार को सुबह से तेज धूप के चलते जनजीवन बेहाल हो गया। गर्मी के चलते पंखा-कूलर में भी राहत नहीं मिली। तेज धूप के चलते सड़कों पर आवागमन भी कम हो गया। दोपहर के समय बूंदाबांदी के चलते उमस और बढ़ गई। अधिकतम तापमान बढ़कर 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम 27 डिग्री पर स्थिर रहा। मौसम में हर दिन बदलाव देखने को मिल रहा है। पिछले कई दिनों से धूप-छांव के बीच बारिश का मौसम बना है। इससे गर्मी में राहत नहीं मिल पा रही है। बुधवार को सुबह से तेज धूप निकलने के चलते गर्मी में लोग परेशान हो गए। दिन बढ़ने के साथ ही गर्मी का असर तेज होता गया। दोपहर के समय बादल छा गए। कुछ देर के लिए बूंदाबांदी भी हुई, लेकिन गर्मी में कोई राहत नहीं मिल सकी। इसके बाद फिर तेज धूप निकली।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुर्खी टोला शाहजहांपुर रोड बरेली, उप्र.
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0581-2562222 (बरेली)
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शादीनगर में रामपुर पार्क के नाम से दर्ज शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**■ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में वृहद स्तर पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई के साथ ही इस दौरान अतिक्रमण मुक्त जमीन पर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पालिका द्वारा विकास से जुड़े अनेक कार्य कराये जा रहे हैं।

रामपुर सिविल लाइंस क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शादीनगर, निकट अहमदनगर स्थित रामपुर पार्क के नाम से अभिलेखों में दर्ज शासकीय भूमि से उप जिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाया गया। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने भी अतिक्रमण स्थल का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि रामपुर-बरेली राजमार्ग के किनारे स्थित यह अत्यंत मूल्यवान जमीन है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 100 करोड़ रुपये से अधिक है। पूर्व में इस भूमि पर अवैध रूप से वाणिज्यिक गतिविधियां संचालित की जा रही थी, जबकि रामपुर विकास प्राधिकरण से कोई भी वैध नक्शा पास नहीं कराया गया था।



इसके अतिरिक्त कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से शासकीय अभिलेखों में फर्जी प्रविष्टियां दर्ज कराई गई थी, जिसे न्यायालय द्वारा विधिक कार्यवाही के उपरांत निरस्त करते हुए भूमि को शासकीय भूमि में दर्ज की गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त करायी गयी शासकीय भूमि पर नगर पालिका द्वारा शीघ्र ही विकास कार्य प्रारंभ कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अभिलेखों में जालसाजी और धोखाधड़ी जैसे गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया भी की जा रही है।

इसके अतिरिक्त प्रशासन द्वारा जनपद की अन्य शासकीय भूमियों को भी चिन्हित किया जा रहा है जिनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री पर हुए हमले की बैठक में हुई निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ कायराना हमला न सिर्फ निंदनीय है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रहार है। दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। रेखा गुप्ता सदैव जनसेवा को सर्वोपरि रखा उनके साथ हुई यह घटना अत्यंत निंदनीय है। उक्त विचार कंचन सक्सेना वरिष्ठ समाज सेविका जिला प्रमुख श्री चित्रगुप्त पीठ रामपुर प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ ने अपने आवास पर बैठक में बोलते हुए व्यक्त किए।

मीटिंग में संजय शर्मा जिला अध्यक्ष (रा.हिंदू.जागृति संघ, रेनू सक्सेना, चित्रगुप्त पीठ, गीता अरोड़ा और



सीमा अग्रवाल मंडल प्रभारी विशाल गुप्ता, वेद आहूजा, संगीता अग्रवाल वीरांगना, दीपा गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपराधी के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो और इसमें पीछे कौन-कौन शामिल है उन सब की गिरफ्तारी की माँग होनी चाहिए। यह पूरे देश की महिलाओं के लिए बहुत ही शर्मनाक घटना है की महिला मुख्य मंत्री पर इस तरह से प्रहार हुआ। उन्होंने कहा कि श्री चित्रगुप्त पीठ और राष्ट्रीय हिंदू जागृति महासंघ इस घटना की कठोर शब्दों में निंदा करता है और उचित कार्यवाही की माँग करता है।

# सात दिवसीय रासलीला का हुआ समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** श्री सनातन धर्म सभा विश्वनाथ मढ़ी मंदिर टांडा में चल रही रासलीला के अंतिम दिन मथुरा वृंदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा कंस वध तथा सुदामा चरित्र घटना का पाठ किया गया। इस क्रम में श्री कृष्ण ने गोकुल से मथुरा आकर अपने मामा कंस के अत्याचारों को खत्म करके उसका वध कर दिया। उसके बाद श्री कृष्ण के परम मित्र सुदामा अपनी दरिद्रता को लेकर भगवान श्री कृष्ण के नगरी द्वारिका धाम में आए, जहां भगवान श्री कृष्ण ने उनका बहुत आदर सत्कार किया और उन्हें धन-धान्य से परिपूर्ण कर दिया तथा अपनी मित्रता को सिद्ध किया इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा टांडा के सभापति रामस्वरूप सैनी, केवल राम सैनी, दयाराम सैनी, निलेश वर्मा और राम चरन सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# फतेहपुर मकबरे में की गई तोड़ फोड़ के खिलाफ एआईएमआईएम ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम द्वारा फतेहपुर प्रकरण को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा गया। जैसा कि दिनांक 11अगस्त 2025 को दिन सोमवार को फतेहपुर के अब्दुल समद खान मकबरा पर सैंकड़ों में रस विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल,हिंदू महासभा, भारतीय जनता पार्टी, एवं समाजवादी पार्टी द्वारा मंसूबाबंद साजिश के तहत पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए उनकी निगरानी में मकबरे के चारों तरफ लगी बैरिकेटिंग को तोड़कर मकबरे के अंदर पहुंचकर मुसलमानों के खिलाफ भद्दे अपमान. जनक असहनीय शब्दों का प्रयोग करते हुए वहां बने हुए मकबरों को भीड़ तंत्र द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया। शिखर पर चढ़कर ध्वजों को स्थापित कर लहराया गया।इस घटना से मुस्लिम समाज की मार्मिक अंतभवनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई गई !इस घटना से साफ परिलक्षित होता है कि उत्तर प्रदेश सरकार मुस्लिम समाज के विरुद्ध अभियान चलाकर उनके पवित्र धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर प्रदेश में धार्मिक उन्माद फैलाकर सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते हुए प्रदेश में अराजकतत्वों की खुली छूट देते हुए शांति सौहार्द आपसी अमन चौन के माहौल को खत्म करना चाहती है जिसकी ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन उत्तर प्रदेश पुरजोर आपत्ति



दर्ज कराते हुए ऐसी घटनाओं की भर्तसना और निंदा करती है।

एआईएमआईएम सरकार से ये मांग करती है दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कदम उठाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त आदेश पारित करे ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से लोग उपस्थित थे। अंसार अली जिला मुख्य महासचिव मोहम्मद रफीक महासाचिव मौलाना आशिफ अली जिला सचिव प्रदीप सिंह यासीन युवा प्रदेश सचिव मेसर खान ब्लॉक अध्यक्ष मिलक अरबाज अली ब्लॉक मुख्य महासचिव बिलासपुर मोहम्मद आशिफ मुकीम, रामपुर विधानसभा अध्यक्ष जनाब दानिश गुल जुनैद।

# रविवार को आयोजित होगी बेस्ट माही इंस्टिट्यूट की प्रवेश परीक्षा

**परीक्षा के माध्यम से छूट या नि:शुल्क प्रशिक्षण ले सकेगा परीक्षार्थी**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शाहबाद क्षेत्र में संचालित बेस्ट माही इंस्टिट्यूट कोतवाली के सामने शाहबाद में है उसकी परीक्षा इसी रविवार को आयोजित होने जा रही है। परीक्षा में कक्षा 6 से ऊपर के सभी विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बेस्ट माही इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर सुमित कुमार ने बताया कि वह परीक्षार्थी को उसकी एजुकेशन बेस पर प्रवेश लेते है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र को छूट में या नि:शुल्क कंप्यूटर, पार्लर, सिलाई, मेंहदी में से कोई भी एक प्रशिक्षण ले सकता है। यह सेंटर ओर सुविधा केवल लड़कियों के लिए है। यह परीक्षा इसी रविवार को क्षेत्र के विद्यालय जनहित कमला ईडन गार्डन इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। परीक्षा में क्षेत्र की ज्यादा से ज्यादा बालिकाएं सम्मिलित होंगी।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने धमोरा स्थित कांग्रेस के केम्प कार्यालय पर आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा देश को विकास और प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाने में आपका योगदान अविस्मरणीय है। राजीव गांधी जी ने देश के लिए बहुत कुछ किया है उन्होंने आईटी और कंप्यूटिंग को भारत में बढ़ावा दिया है।

राजीव गांधी जी को भारत में सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति का अगुवा माना जाता है। उन्होंने कंप्यूटर और माइक्रो-प्रोसेसर आधारित तकनीक को नीतिगत स्तर पर स्वीकृति दी. आयात-उन्मुख बाधाओं को कम किया और घरेलू निर्माण को प्रोत्साहित किया. विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों में कंप्यूटर शिक्षा और डेटा प्रोसेसिंग पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया. इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि बाद में भारत आईटी सेवाओं का वैश्विक केंद्र बन पाया. आज बैंकिंग, बीमा, डाकघर और सरकारी दफ्तरों में



डिजिटल सेवाओं का उपयोग उनकी नींव का ही नतीजा है आपके इस योगदान के लिये भारतवासी सदैव आपके ऋणी रहेगा

इस मौके पर पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खान, मिलक नगर अध्यक्ष कौशल सक्सेना, ब्लॉक अध्यक्ष जिवेन्द्र गंगवार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अकरम सुलतान,जिला महासचिव वेदराम यादव,पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र यदुवंशी,पूर्व कोषाध्यक्ष जगदीश अवस्थी, रामपाल कश्यप, कोमल सिंह, चुन्नीलाल, सुखन लाल, रईस अहमद, इरफान अली,कहार सिंह सहित, वंश अवस्थी, हसीब खान, रियाज अहमद सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# युवती के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी एक परिवार ने अपनी युवा बेटी के अपहरण का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, गांव का ही एक युवक, युवती को डरा-धमकाकर और बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया, और अब उसके परिवार और रिश्तेदार पीड़ित परिवार को धमकियां दे रहा है। पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित परिवार के अनुसार, 8 अगस्त की देर रात ग्राम निवासी दानिश पुत्र अमीन कथित तौर पर युवती को डरा-धमकाकर और बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। युवती अपने साथ घर से 5,000 रुपये नकद, एक तोला सोना, और एक मोबाइल फोन भी ले गई। शिकायत में कहा गया है कि दानिश के परिवार, जिसमें उसके पिता अमीन पुत्र वहीद, भाई तालिब, आसिफ, मां जेबुल निशा, बहनें शबनम, सेबी, रिजवी, सायबा, और ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) निवासी उसके ताऊ यासीन पुत्र वहीद, नसीम, और वसीम शामिल हैं, ने युवती को अपने पास रखा हुआ है और उसे परिवार को सौंपने से इनकार कर रहे हैं।

परिवार का आरोप है कि उक्त लोग न केवल युवती को वापस करने से मना कर रहे हैं, बल्कि उनके साथ मारपीट करने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां भी दे रहे हैं।

पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी हो सकती है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

# जमीन कब्जा करने के प्रयास में मारपीट, महिला से छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** थाना टाण्डा क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जे और परिवार के साथ मारपीट व छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित एहसान के अनुसार, 16 अगस्त को उसने अकरम पुत्र अब्दुल हसन के साथ जमीन का सौदा किया था। लेकिन, जाबिर पुत्र बुनियाद, शकील, फैजान, तय्यब, आसिम, कलुआ, इरफान, शहादत, रिजवान, कुर्बान, वसीम, शाहिद, माजिद और बुनियाद पुत्र तुल्लन ने उसकी जमीन पर नाजायज कब्जा करने की कोशिश की।

18 अगस्त को दोपहर करीब 1 बजे उक्त लोग ग्रामीण के घर पहुंचे और उसकी जमीन पर ईंटें रखकर कब्जा करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने वादी को गंदी-गंदी गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बचाने आई वादी की पत्नी के साथ भी मारपीट और छेड़छाड़ की गई। पीड़ित का आरोप है कि जाबिर ने उसकी पत्नी के साथ अश्लील हरकतें कीं और जाबिर, तय्यब, इरफान व शकील ने उसे कमरे में खींचने की कोशिश की।

शोर-शराबे पर जावेद पुत्र हामिद और अरसाद पुत्र अब्दुला समेत ग्रामीणों की भीड़ ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित और उसकी पत्नी को बचाया। पीड़ित ने उसी दिन थाना टाण्डा में शिकायत दर्ज करने की कोशिश की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद, उन्होंने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपा।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच तेज कर दी गई है।

# प्लाई बोर्ड पर जीएसटी पांच प्रतिशत की जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से जी एस टी की दरों में राहत देने एवं भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था दीवाली तक देने की घोषणा से उद्योग व्यापार जगत एवं जनता में उत्साह की लहर है।

आई आई ए चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने आई आई ए के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर सुझाव भेजा कि सरकार को संगठन की ओर से सुझाव भेजे जाएं जिससे कि उन पर सरकार,वित्त मंत्रालय, एवं जी एस टी कॉउंसिल विचार करके उन पर सही निर्णय ले सके।

रामपुर चौप्टर की ओर से कुछ सुझाब भेजे गए है

आई आई ए के सदस्य भामाशाह पुरुस्कार से सम्मानित वीरेंद्र जिंदल ने सुझाव दिया है कि प्लाईवुड इंडस्ट्री



पर जी एस टी 18%की जगह 5 %किया जब चाहिए। लकड़ी विला. सिता की वस्तु नही जनसामान्य की आवश्यकता की वस्तु है। पूर्व चेयरमैन विपिन कुमार ने सेक्शन 16ए हटाई जानी चाहिए का प्रस्ताव भेजा।

जरी उद्योगपति सुनीत गुप्ता ने रामपुर के ओ डी ओ पी उत्पाद जरी, पैचवर्क को हथकरधा उद्योग होने के कारण जी एस टी से मुक्त किया जाना चाहिए।

रामपुर होटल एवं वेंकेट एसोसिएशन के नरेश सिंघल ने सुझाव भेजा है कि होटल इंडस्ट्री में विवाह आदि पर 18%जी एस टी है उसे 5%के दायरे में लाना चाहिए ,इससे कर दाता उत्साहित होंगे ओर टैक्स देने को प्रेरित होंगे ।इस से टैक्स कम भी नही होगा। सचिव मनोज गर्ग ने एम एस एम इ उद्योगों को 3 बर्ष के लिए जी एस टी के सर्वे छापो से मुक्त होना चाहिए।इसे इंस्पेक्टर राज से मुक्त कराने की दिशा में कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

आई आई ए रामपुर चौप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने बरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट राज कुमार अग्रवाल ,अंकित अग्रवाल सी ए एवं राजीव अग्रवाल सी ए से इस संबंध में सुझाब मांगे है जिससे कि तकनीकी कमियों को दूर किया जा सके और जी एस टी अधिक लोकप्रिय हो सके।

### साहब 20 दिन से थाने के चक्कर काट रहा हूं मेरी बेटी को ढूंढ दो

# पिता ने एसपी से लगाई मदद की गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पटवाई।** पटवाई के एक गांव का युवक जो शाद. ।शुदा है और तीन बच्चों का पिता भी है। लेकिन तीन बच्चों के पिता की हरकतों को देखकर आप भी हैरान हो जाएंगे। अपनी ही बेटी जैसी एक नाबालिक किशोरी को अपने साथ उसे बहला फुसलाकर भगा कर ले गया। यह सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। तीन बच्चों का पिता किसी दूसरे गांव से अपने ही बेटी जैसी नाबालिक किशोरी को भगाकर ले जाने की चर्चा हर किसी के बूढ़े बुड्ढे जवान के जुबान पर है। हर कोई इस सूचना सुनकर शर्मसार है। पटवाई थाना क्षेत्र की एक गांव की लड़की जो एक तारीख को इसी थाना क्षेत्र की अपनी सहेलियों के साथ और चाचा ताऊ के साथ हरिद्वार गंगा स्नान करने के लिए गई थी आरोप है कि पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक जो तीन बच्चों का पिता है आए दिन किशोरी के घर आया जाया करता था। बल्कि किशोरी के माता-पिता से भी घुल मिलकर रहता था। क्या पता था जिस युवक को घर में खाने के लिए भोजन दिया वही उसी थाली में छेद कर देगा। एक तारीख को किशोरी अपने चाचा ताऊ के साथ गंगा स्नान करने के लिए हरिद्वार गई वही दोनों के बीच बातचीत हो गई। और किशोरी को तीन बच्चों के पिता ने अपने जाल में फंसा लिया। बड़ी बात यह रही कि किशोरी अपना फोन अपनी सहेली को दे गई यह पिता ने बताया। पीड़ित पिता के पास चाचा ताऊ का फोन आया की बेटी रास्ते में से गायब हो गई पता चला कि जिसे खाना खिलाया वही उसकी बेटी को बेला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित पिता ने 5 अगस्त को पटवाई थाने पहुंचकर इसी थाना क्षेत्र के डोहरिया गांव निवासी पप्पू उर्फ डोरीलाल पर आरोप लगाया कि मेरी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। पीड़ित पिता ने बताया 15 दिन से थाने के चक्कर काट रहा हूं। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। पीड़ित पिता ने मंगलवार को रामपुर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर अपनी बेटी को बरामद करने की मांग की है।

# पारिवारिक विवाद में बीच बचाव करने आए फुफेरे भाई को ईंट मारकर किया घायल

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव मंसूरपुर में आपसी विवाद को लेकर चचेरे तहेरे भाई भिड़ गए बीच बचाव में फुफेरे भाई के ईंट मारकर घायल कर दिया। इस मामले में दोनों के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी गई है लेकिन देर शाम दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। बुधवार को चौकी क्षेत्र के गांव मंसूरपुर में शमशेर सिंह और बबलू के परिवार के बीच जो दोनों लोग एक ही परिवार के थे मामूली बात को लेकर विवाद हो गया विवाद के तहत दोनों पक्षों में लात घुसे चल पड़े और मारपीट हो गई इसी दौरान फुफेरा भाई जो सुल्तानपुर पट्टी का निवासी है प्रदीप कुमार बीच बचाव में गया तो उसे ईंट मार कर घायल कर दिया।

हंगामा बढ़ता देख प्रदीप कुमार घायल अवस्था में अपने रिश्तेदारों के साथ पुलिस चौकी पहुंचा और मामले की नामजद तहरीर पुलिस को सौंप कर कार्रवाई की मांग की। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दूसरे पक्ष को भी अपने साथ ले आई देर शाम तक ग्राम प्रधान विकास कुमार समेत तमाम ग्रामीणों ने समझा बूझकर मामले को शांत किया और समझौता कराकर घरों को वापस कर दिया।

# कृपया हप्पू गांव विकास से वंचित जिम्मेदार बेखबर : शंखधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कृपया हप्पू गांव में पहुंच कर विकास कार्यों की हकीकघ्त जानी और ग्रामवासियों के साथ गांव का भ्रमण किया तो पाया कि गांव में जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से खस्ता हाल है।

गांव के अंदर कई रास्ते गंदगी से पटे पड़े हैं। स्मार्ट आंगनवाड़ी केन्द्र का हाल नाजुक है, प्राथमिक विद्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था भंग है, शौचालय की स्थिति देखी नहीं जा सकती है। यह भी कहने में भी कोई गुरेज नहीं है कि यह गांव विकास से कोसों दूर है। लेकिन जिम्मेदारों की निगाह इस गांव पर बिल्कुल भी नहीं



है। बुधवार को इसी सम्बन्ध में गांव में एक बैठक की गई और एक ज्ञापन तैयार किया गया। जिसमें अति शीघ्र गांव में विकास कार्य कराने का आग्रह किया गया है।

मौके पर पहुंचे जगरूप सिंह सहायक विकास अधिकारी मिलक को ज्ञापन सौंपा गया है। इस मौके पर विशाल दुबे, दीनदयाल मौर्य, अरुण मौर्य, शेर सिंह यादव, सूर्य प्रकाश यादव, गंगाराम, तोताराम, प्रमोद, सोहन सिंह, अतर सिंह, राकेश, उत्तम सिंह, सुभाष, अशोक, संतोष, कुंवर पाल, अरविन्द, ओमदत्त, प्रताप सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# रामपुर में बढ़ रहा रालोद का कारवां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासि. चव रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू अपने कार्यकर्ताओं के साथ नगर पंचायत मसवासी ब्लॉक अध्यक्ष मीडिया प्रभारी मोहम्मद तालिब के आवास पर पहुंचे जहां पर उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक दिल नवाज खान की अनुमति पर मुख्य प्रदेश महासचिव दिलप्रीत कोहली की सहमति पर मोहम्मद तालिब के अनुमोदन पर नगर पंचायत मसवासी के काफी लोगों को राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की सदस्यता ग्रहण कराई। मोहम्मद उस्मान ने कहा पूरे देश के अंदर अगर कोई पार्टी है तो राष्ट्रीय लोकदल ही है जो गरीब मजदूर किसानों का दर्द समझती है राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह बराबर नारी शक्ति को युवाओं



को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं जो बड़े की बात है। हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी को साथ लेकर राष्ट्रीय लोकदल चलता है मुझे जो जिम्मेदारी दिल नवाज खान ने दी है उसे जिम्मेदारी को 7 जिलों के अंदर बड़े स्तर पर निभाऊंगा। कार्यक्रम में मोहम्मद तालिब, महफूज खान प्रदेश महासचिव, फिरोज आलम खान नगर अध्यक्ष, मंजू खान निजी सचिव, मुनाजिर हुसैन, हरनाम सिंह, भोर सिंह, भूरा सिंह, मोहम्मद अहमद मोलाना, शाहिद इमाम आदि लोग मौजूद रहे।

# नि: शुल्क 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 अगस्त से होगा आरम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आरसेटी के निदेशक देशाराज मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर स्बैंथित बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी नैनीताल रोड़ नियर बिजली घर पहाड़ी गेट रामपुर में 18 से 45 वर्ष के युवाओं/युवतियों को 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम 25.08. 2025 से कराया जाना प्रस्तावित है। दिनांक 24-08-2025 तक आवेदन लिए जायेंगे,उक्त प्रशिक्षण में सम्पूर्ण जिले से 35 सीट निर्धारित है अतएव स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवाओं के लिए आवेदन आमंत्रित हैं जल्द करें सीटें सीमित है आवेदन हेतु आधार कार्ड,राशन कार्ड/जॉब कार्ड चार फोटो ,बैंक पासबुक की फोटो कॉपी लेकर संस्थान के समय प्रात: 9:30 से सायं 5:30 बजे तक संस्थान




में आकर आवेदन कर दें। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया नि:शुल्क है जिसमें चाय,नाश्ता,भोजन, यूनिफॉर्म और प्रशिक्षण सामग्री नि:शुल्क दी जाती है। अधिक जानकारी के लिए कृपया निम्न नंबर पर संपर्क कर सकते हैं, 9012183432, 9058382486 ,6397879587 प्रशिक्षण के उपरांत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के आह्वान और दिशा निर्देश पर एक मीटिंग का आयोजन रामपुर जिला अध्यक्ष शाहबाज खान के आवास पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुरादाबाद बरेली मंडल अध्य्क्ष प्रभात भारद्वाज ने की और संचालन प्रदेश संगठन मंत्री परवेज खान ने किया।



जिसमें बरेली मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष प्रभात भारद्वाज ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष वीरेश तरार 24 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे ट्रेन से रामपुर पहुंचेंगे, रामपुर के पदाधिकारीयों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। बाद में एक निजी होटल में रामपुर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह होगा उसमें पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई जाएगीघ् वह उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष मेरठ के लिए रवाना हो जाएंगे। वहीं उन्होंने आगे कहा कि पत्रकारों पर जो सरकार और प्रशास. निक अफसर पुलिस के अफसर होते हैं उनका चोली और दामन का साथ होता है। हमें पूरी उम्मीद है रामपुर जिला प्रशासन पत्रकारों के साथ होगा। जहां भी पत्रकारों पर अत्याचार जुल्म हो रहे हैं उन पर हम लोगों को लगाम लगानी होगी, क्योंकि प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री ने जो पत्रकारों को लेकर अहमियत और ताकत दि है वह काबिले तारीफ है। पुलिस प्रशासन के अफसरों को जो गाइडलाइन दी है उनकी बातों का पूरा पालन किया जाएगा।

हम चाहते हैं हमारे रामपुर संगठन से ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े, हमारे संगठन का मेन मुद्दा है कि किसी पर कहीं कोई जुल्म हो रहा है या ज्यादती हो रही है। किसी के द्वारा किसी को धमकी दी जा रही है कोई गुंडागर्दी करता है उस पर हम लोगों का कर्तव्य बनता है कि हम उस पर निगाह रखें और पुलिस प्रशासन के लोगों को हर चीज से रूबरू कर अवगत कराये।

वही संगठन के रामपुर संरक्षक मेराज अहमद निजामी ने आगे कहा कि हम 24 तारीख को एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम करने जा रहे हैं उसमें हम सब लोग सफल होंगे, आज हम लोगों ने बैठक करके आगे होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनाई है।

वहीं आगे संगठन के संदीप शर्मा रामपुर उपाध्यक्ष ने बैठक का समापन करते हुए कहा कि मुझे हर्ष हो रहा है जिला अध्यक्ष जी ने बहुत अच्छी बैठक का आयोजन किया है मैं सभी लोगों का मन से अपने हृदय से आभार प्रकट करता हूं मुझे आशा है कि संगठन आगे जनहित के मुद्दों पर बात करेगा और कार्य करेगा, जो राष्ट्रीय स्तर से दिशा निर्देश होंगे उनका पूरा पालन किया जाएगा। बैठक में इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री परवेज खां, संरक्षक मेराज अहमद निजामी, उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष आजम खान, उपाध्याय हरपाल सिंह यादव, उपाध्यक्ष फवाद खान, उपाध्यक्ष शारीक खां, जिला सचिव इमरान खां, महासचिव सैयद नदीम मियाँ, मीडिया प्रभारी मोहम्मद नवाज खां, जिला सचिव अलीम खां, सदस्य रूप किशोर आदि लोग मौजूद रहे।

# जोतबही से अधिक यूरिया की बिक्री पर 07 उर्वरक विक्रेताओं के प्राधिकार पत्र निरस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरकों की बिक्री कृषकों को उनकी जोतबही के अनुसार करने के निर्देश दिये गये हैं। इस हेतु जिला कृषि अधिकारी ने माह जुलाई के टॉप-20 यूरिया बायर्स की जांच की।



जांच में पाया गया कि मैसर्स शाहनवाज पेस्टीसाइड-भोट, मैसर्स अलीम खाद भंडार मिलक खानम, पंजाब फर्टिलाइजर एंड पेस्टीसाइड, ज्योतिपथ पिपलिया मिश्र, मैसर्स हैप्पी एग्रीकल्चर स्टोर, मैसर्स हिंदुस्तान किसान सेवा केंद्र और गुरुनानक ट्रेडर्स के द्वारा कृषकों को यूरिया की बिक्री उनकी जोतबही से अधिक मात्रा में की गयी है, जिसके लिए उनका उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया है।

इसके साथ ही जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अनुरोध किया है कि उर्वरकों का क्रय अपनी जोतबही एवं फसल की संस्तुति के अनुसार ही करें।

इसके अतिरिक्त यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक की बिक्री निर्धारित दरों से अधिक पर की जाती है या उर्वरक के साथ अन्य कम प्रचलित उत्पादों की टैगिंग की जाती है तो कृषक अपनी शिकायत जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के कण्ट्रोल रूम नंबर 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते है। शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# पंचायत लेकर आए ससुर की दामाद ने गोली मारकर की हत्या

■ **रिश्तो के हुए खूनी संघर्ष में सास सहित तीन अन्य भी हुए घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** पति-पत्नी के विवाद में पंचायत लेकर आए ससुराल वालों पर दामाद पक्ष ने हमला कर ससुर को मौत के घाट उतार दिया जिसमें तीन अन्य लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलई बड़ा गांव निवासी नदीम पुत्र सीतार अहमद की शादी लगभग 2 वर्ष पूर्व जनपद मुरादाबाद के ग्राम सिरस खेड़ा थाना मुंडा पांडे निवासी इस्लाम की पुत्री अरमाना के साथ हुई थी। उसकी ढाई साल की बेटी भी है दोनों का पारिवारिक रिश्ता पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रहा था जिसको लेकर कई बार पंचायत का दौर भी चल चुका है आज करीब शाम 7:00 बजे नदीम के ससुर इस्लाम, सास मुखतरी, इस्लाम की बहन शन्नो और बहनोंई अफसर अली नदीम के घर पहुंचे और अपनी लड़की को ले जाने को कहने लगे। इस पर दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई बात गाली गलौज से मारपीट तक पहुंच गई जो बाद में खूनी संघर्ष में बदल गई दोनों ओर से एक दूसरे पर हमला शुरू हो गया। जिसमें नदीम के ससुर इस्लाम सास मुख्तरी और इस्लाम की बहन शन्नो और बहनोई अफसर अली गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर भेजा जहां पर डॉक्टरों ने इस्लाम को मृत् घोषित कर दिया और घायलों को बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गंभीर रूप से घायल अफसर अली ने बताया कि हम लोग पंचायत करने के लिए गए थे कि वहां पहुंचते ही नदीम, कदीम सितार अहमद और उमर पुत्र अली अहमद, नूरजहां पत्नी अली अहमद निवासी मुंडिया ने एक राय होकर हम सभी पर हमला बोल दिया तमंचे से फायर किए और और फावड़ा से हमला कर घटना को अंजाम दिया है।



# हसनपुर उत्तरी में शौचालय बना शोपीस

■ **बंद पड़े शौचालय को चालू कराने की ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के गाँव हसनपुर उत्तरी में काफी समय से बंद पड़े शौचालय को जल्द चालू करने की मांग ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से की है। क्षेत्र के गाँव हसनपुर उत्तरी में वर्षों से बंद पड़े सामुदायिक शौचालय को लेकर ग्रामीणों का अचानक गुस्सा फूट गया।

ग्रामीणों ने शौचालय के रख-रखाव में भारी लापरवाही का आरोप लगाए है ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय का निर्माण स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई साल पहले किया गया था।




लेकिन आज तक उसका उपयोग संभव नहीं हो सका है,गांव के ही स्थानीय निवासी मनोज वाल्मीकि ने बताया कि "शौचालय बन तो गया, लेकिन उसमें पानी की सुविधा नही है। सामुदायिक शौचालय शोपीस बनकर रह गया है जो की आज तक इसका उपयोग किसी भी ग्रामीण ने नही किया है गाँव की महिलाओं को शौचालय के बंद होने से हो रही परेशानियों को गंभीर बताते हुए कहा कि विशेष कर रात के समय उन्हें असुविधा और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक तक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई यदि जल्द ही शौचालय को चालू नहीं किया गया, तो वह धरना प्रदर्शन कर अधिकारियों से शिकायत कर कार्यवाही की मांग करेंगे। शौचालय पर तैनात महिला कर्मचारी ने भी खामियाँ मानी है।

शौचालय की जिम्मेदार महिला कर्मचारी ने भी माना कि शौचालय में पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे इसका संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणो ने जिला अधिकारी से शिकायत कर शौचालय चालू कराने की मांग की है। इस मौके पर मनोज वाल्मीकि, अशोक मौर्य, रोहित मौर्य, नौशाद अंसारी, विनय मौर्य, आकाश दिवाकर, पवन मौर्य, और अर्जुन वाल्मीकि सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में किसान दिवस का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उप कृषि निदेशक राम किशन की अध्यक्षता में धमौरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में किसान दिवस का आयोजन में किया गया।

जिसमें गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण से किसानों को अवगत कराया गया।

इसके उपरांत प्रगतिशील कृषक बलविंदर सिंह मल्ली द्वारा धान की फसल में संतुलित उर्वरक का प्रयोग करने एवं श्री खूब चरण द्वारा प्राकृतिक खेती के विषय में कृषकों को जानकारी दी गयी।

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं के विषय में कृषकों अवगत कराया गया।



इस दौरान जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से यथाशीघ्र फार्मर रजिस्ट्री करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भविष्य में उर्वरकों का वितरण फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही कराया जायेगा। उपजिलाधिकारी मिलक द्वारा खनन की स्वीकृति ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

किसान दिवस में सुरेन्द्र सिंह ग्राम किरा कृषक द्वारा भिसोर वाला नर्सरी से लाभान्वित कृषकों की सूची उपलब्ध कराए जाने, भानु प्रताप गंग. वार द्वारा ग्राम गदईया हरसू नंगला में खनन की परमिशन एवं धान का उचित मूल्य दिलवाने के सम्बन्ध में शिकायत की गयी।

इसके अतिरिक्त प्रदेश महासचिव भारतीय किसान यूनियन हसीब अहमद ने कोसी राम गंगा बाढ़ से प्रभावित कृषकों की फसल का सर्वे कराकर उसका मुआवजा दिलाये जाने, ग्राम अहमदाबाद तहसील टांडा में नलकूप संख्या 29 बीजी का ग्राम आबादी के मध्य आ जाना, जनपद में पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग की रोकथाम करने, सैदनगर साधन समिति पर एन०पी०के० उर्वरक की उपलब्धता कराये जाने, ग्राम अजीतपुर में मशरूम उत्पादक कृषक का बिजली संयोजन काटने, धमौरा-रठौंडा मार्ग पर नाली का कार्य पूर्ण न होने एवं ग्राम कमोर में पंचायत घर के पास नाले की पुलिया पटने आदि समस्याओं से अवगत कराया।

उप कृषि निदेशक ने सम्बन्धित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान उप कृषि निदेशक द्वारा कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वित. रित किया गया।

किसान दिवस में अधिशासी अभियंता विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, भूमि संरक्षण अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला उद्यान अधीक्षक, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र सहित अन्य अधिकारी व कृषक मौजूद रहे।

# सर्राफ से लूट करने वाला ईरानी गैंग गिरफ्तार, 304 ग्राम आभूषण बरामद

## दो आरोपियों की नौचंदी पुलिस से हुई मुठभेड़, सरगना फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 12 जुलाई को नौचंदी थाना क्षेत्र के सोहराब गेट के पास सर्राफा कारोबारी से लाखों की लूट करने वाले ईरानी गैंग का पदार्फाश हो गया। दो आरोपी विश्वजीत सिंह और मोहम्मद फिरोज खान मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए, जबकि एक साथी दुर्गेश भी गिरफ्तार हुआ है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि छह सदस्यों का एक गैंग है, जो ईरानी परिवार से ताल्लुक रखते हैं, जिसमें से हबीब पूरे गैंग का मास्टर माइंड है, जो अभी फरार है।

हबीब समेत गैंग के चार सदस्य अभी फरार हैं। साथ ही बताया कि दुर्गेश इस गैंग का सर्राफ साथी था, जो लूटे हुए माल को बिकवाने में मदद करता है। गैंग ने अपना अड्डा देहरादून में बनाया हुआ था। फिरोज और विश्वजीत मंगलवार रात सर्राफ दुर्गेश की मदद से कारोबारी से लूटे गए सामान को बेचने के लिए आए थे, जिनकी मुठभेड़ नौचंदी थाना पुलिस से हो गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 304 ग्राम पीली धातू के आभूषण, जिसमें झूमर, कानों के झुमके, गले का हार, मंगलसूत्र, चैन और अंगूठी शामिल हैं, इसके साथ ही 50 हजार रुपए नगदी, दो तमंचे, दो मोटरसाइकिल बरामद की है।



# बहसूमा पुलिस ने फायरिंग मामले में 9 के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मंगलवार की शाम क्षेत्र के गांव रहावती से कौल गांव को जाने वाले रास्ते पर पुरानी रंजिश के चलते व अपना वर्चस्व दिखाने के लिए दो बदमाशों के गुटो में जमकर फायरिंग हो गई थी।

फायरिंग सूचना पर पुलिस एवं क्षेत्रधिकारी पुलिस टीम को लेकर मौके पर पहुंचे थे। और आसपास के लोगों से पूछताछ की गई थी। घटना स्थल पर एक गुट की दो बाइकों में आग लगा दी थी। पुलिस ने दोनों बाईकों को कब्जे में लेकर थाने ले आई थी। पुलिस जांच करते हुए दोनों बदमाशों के गुटो के नो बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि फायरिंग में 6 खोखे 32 बोर के तथा एक खोखा 315 बोर का तथा एक खोखा 12 बोर का बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गोलू गैंग तथा विकल धामा गैंग के बीच अपना वर्चस्व जमाने के लिए रंजिशे चली आ रही है। थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि बीते मंगलवार की शाम करीब चार-पांच बजे रहावती से कौल जाने वाले रास्ते पर गोलू गैंग के सदस्य थाना फलावदा क्षेत्र के गांव देदूपुर में चाव लेने के लिए गए थे। जहां रोज 25 सौ से 3 हजार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहां पर भंडारा भी चल रहा है। गोलू गैंग के सदस्य भी वहां पर चाव लेने के लिए गए थे। रहावती कौल मार्ग पर गोलू गैंग एवं विकल गैग के बीच जमकर फायरिंग हुई थी। सूचना पर ग्रामीण घटना स्थल की तरफ दौड़ लिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने फूंकी गई बाइको को कब्जे में लेकर नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कस्बा सिवाल खास में करीब एक महीने पहले एक व्यक्ति के घर में घुसकर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था जिसमें पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया और घटना ने सिवाल खास में मोहल्ले में बवाल हो गया था। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। वहीं पुलिस ने एक आरोपी को लोहे की पाइप बरामद कर जेल भेज दिया। सिवाल खास में रिजवान पुत्र कोशिश में अपने साथियों के साथ मिलकर फैजान के घर में लाठी डंडों से उसके घर पर हमला बोल दिया था हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ की और उनकी बाइक व गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी थी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी पर कार्रवाई की।

# आधा दर्जन बदमाशों ने किसान पर हमला कर किया घायल

## पीड़ित ने थाने में दी तहरीर, खेतों में काम करने जा रहा था किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला काकडोवाला निवासी किसान अपने खेतों पर काम करने के लिए गया था काम करके वापस घर लौट रहा था रास्ते में कार में सवार आधा दर्जन बदमाशों ने उसे रोक लिया और उसको लाठी डंडों एवं धारदार नोकिलो हथियारों से हमला बोल दिया। किसान को अधमरा कर छोड़कर फरार हो गए। जब किसान घर नहीं पहुंचा तो परिजन खेत की ओर दौड़ लिए तो किसान को लहु-लुहान अवस्था में देख होश उड़ गए। पीड़ित किसान को एक कार में बैठाकर थाने ले आए। पुलिस ने घायल की डाक्टरी के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है हालांकि इस मामले में पीड़ित ने तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी। बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे नगर के मोहल्ला काकडोवाला निवासी जितेंद्र गिरी बाबूगिरी अपने खेत पर काम करने के लिए गया था। जब वह वापस लौट रहा था तो आधा दर्जन बदमाशों ने उसको घेर लिया और लाठी डंडों एवं धारदार नोकिले हथियारों से हमला बोलकर घायल कर दिया है। जब किसान घर नही पहुंचा तो परिजन जंगल की और दौड़ लिए। किसान रास्ते में लहुलुहान अवस्था में पड़ा मिला। पीड़ित किसान घायल अवस्था में थाना ले आये। पुलिस ने घायल की डाक्टरी परिक्षण कराने के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। थाना प्रभारी भुपेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने अज्ञात बदमाशो के खिलाफ तहरीर दी है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# भाकियू जिलाध्यक्ष ने कमिश्नर से की मुलाकात, 15 दिन का मिला आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में एक दर्जन पदाधिकारी मंडलायुक्त हृस्केश भास्कर यशोद से मिले और 12 अगस्त में कमिश्नरी घेराव आंदोलन स्थगित करते समय किए गए वायदे और समस्याओं के निस्तारण में लिए गए समय अनुसार निस्तारित करने और अपने स्तर समस्याओं के समाधान एवं समस्या का सर्वेक्षण करने का निवेदन किया जिस पर मंडलायुक्त ने सभी समस्याओं पर स्वयं सर्वेक्षण करते हुए सभी का तय समय पर निस्तारण करने का आश्वाशन दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने पूर्व की 4- 5 समस्याओं के समाधान गलत बताते हुए शासन संबंधी सभी समस्याओं पर मंडलायुक्त द्वारा पैरवी करने की अपील की। इस दौरान शताब्दी नगर , गंगानगर, वेदव्यासपुरी के जमीन अधिग्रहण संबंधी विवादों का भी निपटारा करने की अपील की।

# राजीव गांधी की 81वीं जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कांग्रेस कमेटी मेरठ द्वारा राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाते हुये महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में उनके बताये रास्ते पर चलने कि शपथ ली। बुढ़ाना गेट पर सभी कांग्रेस जनों ने राजीव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के भविष्य के लिए समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ ली। इसके बाद सभी कांग्रेस कार्यकर्ता इकट्ठा होकर लाल कुर्ती स्थित प्रेम निवास पहुंचे वहां पर फल वितरित किए उसके बाद सभी कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अस्पताल प्यारेलाल पर पहुंचे वहां सर्जिकल वार्ड में फल वितरित किए, अस्पताल सुपरिंटेंडेंट सुदेश कुमारी कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी जी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे जिन्होंने भारत को 21वीं सदी के लिए तैयार किया। उन्होंने देश में सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की नींव रखी, जिससे आज भारत डिजिटल युग में अग्रणी है।



## जिला कांग्रेस कमेटी ने किया रक्तदान

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृम्व में कार्यकर्ताओं ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने बढ़चड़ भाग लेते हुए रक्तदान किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत के युवा को आगे बढ़ाने का काम राजीव गांधी ने किया है। अपने कार्यकाल में उन्होंने कंप्यूटर की कीमते घटाकर युवाओं को तोहफा देने का काम किया।

# गंगनहर में डूबा किशोर परिजनों में मचा कोहराम

■ **गोताखोरों ने किया तलाश, नहीं लगा सुराग, लोगों में मचा कोहराम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गंगनहर में नहाते समय मुल्हेड़ा निवासी एक किशोर डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने गोताखोरों की मदद से किशोर को काफी तलाश कराया, लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया। उधर, घटना के बाद परिजनों में को. हराम मचा गया। मिली जानकारी के अनुसार मुल्हेड़ा गांव निवासी 14 वर्षीय नकुल पुत्र विक्रम बुधवार को अपने दोस्तों के साथ सरधना गंग. नहर पर घूमने आया था। गर्मी अधिक थी, जिसके चलते वो गंग. नहर में नहाने लगा। इस दौरान वह पानी के तेज बहाव के कारण संत. ुलन नहीं बना पाया और गंगनहर में डूब गया। यह नजारा देख उसके साथ रहे दोस्तों ने शोर मचा दिया। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने किशोर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह डूब चुका था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से किशोर को काफी तलाश कराया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। उधर, हादसे के बाद से किशोर के परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। खबर लिखे जाने तक किशोर का कोई सुराग नहीं लग पाया था। उसकी तलाश जारी थी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों से खिलवाड़ कर रहा है डूडा और नगर निगम: शिवसेना

■ **2016 के तैयार मकान हो रहे हैं जर्जर, प्रशासन मौन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शिवसेना महानगर प्रमुख मोहित त्यागी के नेतृत्व में छीपी टैंक स्थित शिवसेना से जुलूस निकाल कर प्रधानमंत्री आवास योजना में डूडा व नगर निगम द्वारा किए गये गरीबों से खिलवाड़ के विरोध में कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर ने कहा कि सन् 2016 में प्रधानमंत्री आवास योजना में डूडा व नगर निगम द्वारा तैयार किए गये गरीबो के आवास आज तक भी गरीबो को उपलब्ध नही कराए गये जबकि वे सभी मकान अब जर्जर हालत में है और डूडा व नगर निगम अधिकारी गरीबो से हुऐ इस खिलवाड़ पर मौन है। शिव सेना ने मांग की है कि मेरठ को शीघ्र ही झुग्गी-झोपड़ी मुक्त करते हुए सभी झुग्गी-झोपड़ियो वालो को पक्के आवास उपलब्ध कराएं जाएं। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में अवनीश आर्य, यासीन खान, मुजाहिद, रजत सिंह, मोहन देव, अमित भारती, दीपक कुमार, विशाल वैशोनी, कलाकार मुकेश शर्मा, कमल प्रजा. पति, सिद्धार्थ बोस, हरीश कुमार सोनू रवि, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।



# रैंकिंग से रोहित-कोहली के नाम गायब

**वनडे बैटर्स रैंकिंग**

## पिछले हफ्ते टॉप-5 में शामिल थे दोनों भारतीय बल्लेबाज, शुभमन गिल टॉप पर कायम



**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप के लिए उपकप्तान नियुक्त किए जाने से यह तो तय हो गया है कि इस बल्लेबाज ने ऊंची छलांग लगाई है।

एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा के समय चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर से पूछा गया कि क्या शुभमन गिल की सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में ताजपोशी शुरू हो चुकी है, प्रेस कॉन्फ्रेंस में अगरकर के साथ सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी में यह सवाल थोड़ा अजीब लग रहा था, लेकिन फिर यही हकीकत लगती है, या यूं कहें कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य। भारतीय क्रिकेट में गिल युग की अच्छी और सही शुरुआत हो गई है, भले ही वह वर्तमान में केवल ट्वेंटी-20 प्रारूप में ही उप-कप्तान हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा के बाद, चयनकर्ताओं के अध्यक्ष ने इस युवा खिलाड़ी की जमकर सराहना करते हुए कहा कि हमें उनमें नेतृत्व के गुण नजर आते हैं, और इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन वैसा ही रहा जैसी हमें उम्मीद थी। उन्होंने हमारी सभी उम्मीदों को पार कर दिया। एक कप्तान के तौर पर जब आप पर इतना दबाव होता है, तब उन्होंने अपने बल्ले से जिस तरह का प्रदर्शन किया, वह एक बेहतरीन संकेत है। गिल ने आखिरी बार एक साल से भी ज्यादा समय पहले (जुलाई 2024 में श्रीलंका में) टी-20 मैच खेला था, और मंगलवार (19 अगस्त) को चयन बैठक से कुछ घंटे पहले तक ऐसा लग रहा था कि वह एशिया कप में नहीं खेलेंगे। फिर भी, वह टीम के उप-कप्तान हैं, सूर्यकुमार के बाद टीम के दूसरे सबसे महत्वपूर्ण सदस्य हैं, और टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं जो अहम फैसले लेगा। अब यह तय लग रहा है कि गिल शीर्ष क्रम पर-पहले, दूसरे या तीसरे नंबर पर-बल्लेबाजी करेंगे, जिससे संजू सैमसन (अभिषेक शर्मा के साथ मौजूदा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज) और तिलक वर्मा (तीसरे नंबर पर बल्लेबाज) की जगह खतरे में पड़ जाएगी। अगरकर ने संकेत तो दिए, लेकिन यह पुष्टि नहीं की कि टेस्ट कप्तान, जो आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए ओपनिंग करते हैं, एशिया कप में भी ऐसा ही करेंगे या नहीं। चयन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि संजू इसलिए खेल रहे थे क्योंकि शुभमन और यशस्वी उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि वह (गिल) पिछली बार टी-20 क्रिकेट खेलते समय उप-कप्तान थे। अब जब वह उपलब्ध हैं, तो बल्लेबाजी क्रम चुनना उनका सिरदर्द है। 15 खिलाड़ियों को चुनना हमारा सिरदर्द है। हमारे पास काफी गहराई है। अगरकर ने आगे स्पष्ट किया कि अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अछूते हैं। अभिषेक के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें बाहर रखना मुश्किल है। आईपीएल में सलामी बल्लेबाज के तौर पर 650 रन बनाने वाले गिल के शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने की पूरी संभावना है। सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी क्रम का खुलासा नहीं किया।

# केशव महाराज वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में फिर बने नंबर-1

- **महाराज केर्न्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच में पहली बार पांच विकेट लेने के बाद रैंकिंग में टॉप पर पहुंचे**



**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे केशव महाराज पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में एक बार फिर से नंबर एक गें. दबाज बन गए है। महाराज मंगलवार को केर्न्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच में पहली बार पांच विकेट लेने के बाद एक बार फिर से शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। बाए हाथ के स्पिन गेंदबाज महाराज ने दो स्थान की छलांग लगाकर श्रीलंकाई स्पिनर महेश दीक्षाना (दूसरे) और भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव (तीसरे) को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराज ने पहली बार नवंबर 2023 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के हालिया संस्करण के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पछाड़ते हुए नंबर वन एकदिवसीय गेंदबाज रैंकिंग हासिल की थी। तब से वह स्पिनर रैंकिंग में शीर्ष पांच स्थानों में अपनी जगह बनाए हुए है। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में सीरीज के दौरान 10 विकेट लेकर 15 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर जगह बनाई है, जबकि पाकिस्तान के अबरार अहमद तीन मैचों की सीरीज के दो मेचों में तीन विकेट लेकर 15 पायदान ऊपर चढ़कर 39वें स्थान पर है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी एडन मारक्रम (चार स्थान ऊपर 21) और टेम्बा बावुमा (पांच स्थान ऊपर 23) दोनों ने ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रही श्रृंखला के शुरुआती मैच में अर्द्धशतक लगाने के बाद एकदिवसीय बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में बढ़त हासिल की है।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### जैनिक सिनर ने यूएस ओपन मिश्रित युगल से नाम वापस लिया

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर बीमारी का हवाला देते हुए सिनसिनाटी ओपन के फाइनल मैच से रिटायर होने के बाद यूएस ओपन मिश्रित युगल से अपना नाम वापस ले लिया है। यूएस ओपन 2025 ने मंगलवार को पुष्टि की कि जैनिक सिनर ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ अपने निर्धारित मिश्रित युगल के पहले दौर से नाम वापस ले लिया है। सिनर और सिनियाकोवा की जोड़ी को लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में बेलिंडा बेनसिक व ज्वेरेव की मिश्रित युगल जोड़ी से मुकाबला करना था लेकिन सिनर के इस टूर्नामेंट से हटने के बाद अब उनकी जगह वैकल्पिक टीम में डेनियल कॉलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को जगह दी गई है।

### टाटा मुंबई मैराथन 2026 के लिए पंजीकरण अब शुरू

**मुंबई, वार्ता।** अपने 20वें संस्करण की ऐतिहासिक सफलता के बाद, एशिया की सबसे प्रतिष्ठित टाटा मुंबई मैराथन, देश को एकजुट करने वाली अजेय 'मुंबई स्पिरिट' का जश्न मनाने के लिए नए जोश के साथ लौट रही है।

प्रवर्तक प्रोकैम इंटरनेशनल ने घोषणा की है कि 21वें संस्करण के लिए पंजीकरण आज, बुधवार, 20 अगस्त 2025 को शुरू हो गए हैं। 389,524 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस, रविवार, 18 जनवरी, 2026 को छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से शुरू होगी। टाटा मुंबई मैराथन सिर्फ एक दौड़ से कहीं ज्यादा, भारत का सबसे बड़ा सहभागी खेल मंच है,जहां हर क्षेत्र के लोग अपनी सीमाओं को पार करने, नई शुरुआत करने और एकजुट होकर दौड़ने के लिए एक साथ आते हैं।

# हीरो एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने बुधवार को आगामी हीरो पुरुष एशिया कप के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जायेगा। एफआईएच हॉकी विश्वकप बेल्जियम-नीदरलैंड 2026 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत को जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ करेगा, उसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाकिस्तान से भिड़ेगा। इस टूर्नामेंट के लिए अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भारतीय टीम की कप्तान करेंगे। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी भरोसेमंद कृष्ण बी पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे।

डिफेंस में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अमित रो. हिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह भी शामिल होंगे, जो रक्षात्मक पंक्ति को मजबूती प्रदान करेंगे। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह शामिल हैं। आक्रमण की अगुवाई मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह करेंगे, जो विपक्षी डिफेंस को परेशान करने के लिए भरपूर क्षमता प्रदान करेंगे।

# सौरभ-सुरुचि ने मिश्रित टीम में जीता ब्रॉन्ज

**एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप**

- **भारत के सौरभ और सुरुचि की जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हरा कर यह उपलब्धि हासिल की**



**श्यामकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के श्यामकेंट शहर में चल रहे एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले मंगलवार को भारत की स्टार निशानेबाज और दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। क्वालिफिकेशन राउंड में पांचवें स्थान पर रहे सौरभ और सुरुचि ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 578 अंक हासिल किए और पां. चवें स्थान पर रहकर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। सुरुचि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली सीरीज में परफेक्ट 100 अंक स्कोर किए। हालांकि, दूसरी सीरीज में उनका स्कोर 94 रहा, लेकिन तीसरी सीरीज में उन्होंने 98 अंक बनाकर वापसी की। दूसरी ओर, सौरभ ने तीनों सीरीज में क्रमशः 95, 96 और 95 अंक बनाए। दोनों ने मिलकर क्वालिफिकेशन राउंड में 578 अंकों के साथ आठ टीमों के मेडल राउंड में जगह बनाई। मनु ने सुरुचि सिंह और पलक गुलिया के साथ मिलकर टीम इवेंट में भी भारत को ब्रॉन्ज दिलाया। 17 साल की सुरुचि इस सीजन में शानदार फार्म में हैं।

उन्होंने इस साल चार वर्ल्ड कप मेडल जीते हैं और इस चैंपियनशिप में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया मेडल राउंड में सौरभ और सुरुचि ने चीनी ताइपे की लियू हेंग-यू और सिंएह सियांग-चेन की जोड़ी को 17-9 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने एशियाई निशानेबा. जी चैंपियनशिप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

### इंग्लैंड श्रीलंका के साथ सीमित ओवर मुकाबले में भिड़ेगा

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरुआत में टी-20 विश्व कप से पहले सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने श्रीलंका के साथ तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों वाले दौरे के कार्यक्रम की घोषणा कर दी हैं। श्रीलंका के दौरे पर इंग्लैंड 22,24 और 27 जनवरी को तीन एकदिवसीय मैच खेलगा। इसके बाद इसके बाद 30 जनवरी, एक फरवरी और तीन फरवरी को टी-20 मैच खेले जाएंगे। मैचों के स्थल अभी तय नहीं हुए हैं। यह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले विश्वकप की तैयारी का हिस्सा होगी।

# एडम जम्पा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार

- **एडम जम्पा को खिलाड़ियों और सहयोग स्टाफ के लिए आचार संहिता का उल्लंघन करते पाया गया**



**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम जम्पा को मंगलवार को केर्न्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। जम्पा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-3 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान सुनाई देने वाली अश्लीलता के प्रयोग' से संबंधित है। इसके अलावा, जम्पा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 37वें ओवर में हुई, जब जम्पा ने अपनी गेंद पर मिसफील्ड और ओवरथ्रो के बाद अनुचित भाषा का प्रयोग किया, जिसे स्टंप के माइक्रोफोन पर रिकॉर्ड किया गया और प्रसारित किया गया। जम्पा ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर रिचर्ड इललगवर्थ और चौथे अंपायर डोनोवन कोच ने आरोप लगाए। स्तर 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

**● खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव**

# शीर्ष राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय एथलीट करेंगे प्रतिस्पर्धा

- **देश के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय एथलीट डल झील पर आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव में दांव पर लगे 24 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**श्रीनगर, वार्ता।** देश के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय एथलीट यहां प्रतिष्ठित डल झील पर आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव में दांव पर लगे 24 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

तीन दिवसीय इस आयोजन में 400 से अधिक एथलीट नौकायन, कैनोइंग और कयाकिंग जैसे पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव 2025 पहली समेकित ओपन-एज श्रेणी चैंपियनशिप होगी, जिसमें सभी 14 कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धाएँ और 10 नौकायन स्पर्धाएं ओलंपिक स्पर्धाएं होंगी। जल खेलों के रोमांच को और बढ़ाने के लिए, तीन प्रदर्शनी स्पर्धाएं होंगी - वाटर स्कीइंग, शिखर बोट स्प्रिंग और ड्रैगन बोट रेस। केआईडब्ल्यूएसएफ में 36 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा लेंगे। इनमें उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और केरल के एथलीटों पर सबकी निगाहें होंगी। प्रतियोगिता प्रबंधक, पूर्व विश्व कप विजेता कैनोइस्ट और ओलंपिक जज, बिलकिस मीर ने कहा कि चूँकि सर्विसेज इन खेलों में एक टीम के रूप में हिस्सा नहीं लेगी, इसलिए यह देखना अच्छा होगा कि राज्य कैसे प्रतिस्पर्धा करते हैं और कैसा प्रदर्शन करते हैं।

कोर्स को सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और हम पूरी तरह तैयार हैं। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल, खेलो इंडिया कैलेंडर में एक नया आयोजन है। 2025 में, दो नए कार्यक्रम जोड़े गए हैं। खेलो इंडिया बीच गेम्स मई में दीव में हुए थे। खेलो भारत नीति के अनुसार, वाटर गेम्स और बीच गेम्स दोनों का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और पर्यटन को आकर्षित करना है। मध्य प्रदेश की वाटर स्पोर्ट्स एथलीट सुहानी मीना, जो नौकायन में भाग लेंगी, ने कहा कि वह कश्मीर आकर बहुत खुश हैं।

उन्होंने कहा कि यह जल-क्रीड़ा एथलीटों के लिए एक शानदार अवसर है क्योंकि हमें राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में भाग लेने के लिए साल भर में बहुत कम अवसर मिलते हैं। अब खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 हमें उत्कृष्टता हासिल करने का मौका देगा। कयाकिंग और कैनोइंग के लिए, पिछली राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं नवंबर में टिहरी (उत्तराखंड) में आयोजित की गई थीं, जिन्हें क्वालीफायर के रूप में वर्गीकृत किया गया था। एकल और युगल में शीर्ष 15 और शीर्ष आठ चार खिलाड़ी केआईडब्ल्यूएसएफ में भाग लेंगे। नौकायन में, इस वर्ष मार्च में भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शीर्ष आठ खिलाड़ी भाग लेंगे।

इसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का भी तड़का होगा। दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले सेना के नौकायन खिलाड़ी अर्जुन लाल जाट मुख्य आकर्षणों में से एक होंगे। 28 वर्षीय जाट ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया है और हांगझाऊ में 2022 एशियाई खेलों में लाइट-वेट डबल स्कल्स में रजत पदक जीता है। जाट ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया इवेंट है और मैं पुरुषों की सिंगल स्कल्स स्पर्धा में भाग लूंगा। मुझे उम्मीद है कि इसमें भाग लेने वाली प्रत्येक टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

# चौथा कैप्टेंस कप: अनबू कॉम्बैट क्लब बना चैंपियन

- **भारत के सबसे व्यापक मार्शल आर्ट्स आयोजनों में से एक बन गया है, हर दिन लगभग 7 फाइटर्स खेल रहे**

**कोलकाता, वार्ता।** माइक्स मार्शल आर्ट्स द्वारा राष्ट्रीय कॉम्बैट स्पोर्ट्स फेडरेशन के सहयोग से आयोजित चौथी कैप्टेंस कप मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप कोलकाता में सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। यह चार दिवसीय प्रतियोगिता (15 से 18 अगस्त) देशभर से आए फाइटर्स, डोजो और मार्शल आर्ट्स प्रेमियों को एक मंच पर लेकर आई, जिसने मुकाबले के जज्बे और अनुशासन की असली भावना को दर्शाया। चैंपियनशिप में काटा (फॉर्म्स), फुल कॉन्टैक्ट कराटे, किकबॉलक्सग, और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु/ ग्रैपलिंग जैसी विधाओं को शामिल किया गया, जिससे यह भारत के सबसे व्यापक मार्शल आर्ट्स आयोजनों में से एक बन गया। हर दिन लगभग 60 फाइटर्स ने 80 से अधिक कैटेगरीज में मुकाबला किया। कुल मिलाकर 14 डोजो-केरल, महाराष्ट्र, असम और पश्चिम बंगाल से-इस प्रतियोगिता का हिस्सा बने। महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जो कुल प्रतिभागियों का 39प्रतिशत थी, यह संकेत है कि कॉम्बैट स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रतियोगिता में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख रहीं ऋषिका बनर्जी, जो वर्तमान में यूथ यूरोपियन ओपन फुल कॉन्टैक्ट कराटे चैंपियन हैं, और स्नेहा सामंता, जो आगामी कराटे वर्ल्ड कप (जापान, नवंबर) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# वापसी के लिए तैयार हैं उमरान मलिक

**उमरान तमिलनाडु में चल रहे बुची बाबू टूर्नामेंट से ऐक्शन में वापसी करने के लिए तैयार है**



**चेन्नई, वार्ता।** चोट और बीमारी के कारण 2024-25 का घरेलू सीजन और आईपीएल 2025 छूटने के बाद तेज गेंदबाज उमरान मलिक, तमिलनाडु में चल रहे बुची बाबू टूर्नामेंट से ऐक्शन में वापसी करने के लिए तैयार हैं। 25 साल के मलिक बुची बाबू टूर्नामेंट के पहले राउंड में नहीं खेल रहे हैं, जो 18 अगस्त को चेन्नई में शुरू हुआ। लेकिन वह दूसरे राउंड में जम्मू कश्मीर की ओर से बड़ौदा के खिलाफ 22 अगस्त से खेलेंगे। मलिक आखिरी बार आईपीएल 2024 में खेलते दिखे थे। हैमस्ट्रिंग और कूल्हे की चोट से उबरने के बाद उन्हें लगता है कि उनका शरीर घरेलू क्रिकेट की कठिनाईयों को झेलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लग रहा है। मैंने लंबे समय से क्रिकेट नहीं खेला है। मैं सात-आठ महीने चोटिल भी था। वह एक मुश्किल दौर था। लेकिन अब वापसी करके बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने हाल ही में कश्मीर में काफी लाल गेंद की क्रिकेट और टी-20 मैच खेले हैं। वह हमारा रजिस्ट्रेशन कैंप था। हम बुची बाबू (टूर्नामेंट) के लिए चेन्नई आए। मैं अभी जितने मैच खेल सकूं, उतना अच्छा है। यह मेरे शरीर के वर्कलोड के लिए अच्छा है। मैं वापसी कर चुका हूं और इस सीजन अच्छा करूंगा। यही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि निशांत (बोर्डोलोई, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच) मेरी मदद कर रहे थे। तुलसी (राम युवराज, फिजियो ) सर और सुरेश (राठौड़, फिजियो सर और (वीवीएस, लक्ष्मण (सीओई प्रमुख) सर ने मुझे वह सब कुछ दिया, जिसकी जरूरत थी। बीसीसीआई का शुक्रिया। चोट किसी भी स्पोर्ट्समैन की लजदगी का हिस्सा है। यह होना ही है। उस समय मैंने खुद को मजबूत रखा, अपना माइंडसेट सही रखा। अब सब ठीक है। मलिक ने पहली बार 2022 आईपीएल में सबका ध्यान खींचा था, जब उन्होंने 156-9 किमी/घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए 14 मैचों में 22 विकेट लिए। उसी साल उन्हें भारत की सीमित ओवर टीमों में जगह मिली, लेकिन इसके बाद से चोटों ने लगातार उनके करियर को प्रभावित किया है।

# खिलाड़ियों की देखभाल और प्रदर्शन को लेकर हरियाणा स्टीलर्स और फ्रिडो ने की साझेदारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग 2025 में खिलाड़ियों की देखभाल और प्रदर्शन को नये स्तर पर ले जाने के लिए हरियाणा स्टीलर्स और फ्रिडो के बीच साझेदारी हुई है। भारत के अग्रणी डी2सी एर्गोनॉमिक ब्रांड फ्रिडो ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की टीम हरियाणा स्टीलर्स के साथ साझेदारी का ऐलान किया है। अब 29 अगस्त से शुरु हो रही प्रो कबड्डी लीग 2025 में फ्रिडो टीम का आधिकारिक साझेदार होगा। यह साझेदारी केवल स्पॉन्सरशिप नहीं है, बल्कि इसमें फ्रिडो के एडवांस ऑर्थोटिक सॉल्यूशन्स को खिलाड़ियों के प्रदर्शन और वापसी से सीधे जोड़ा गया है। कबड्डी जैसा तेज-तर्रार और हाई-कॉन्टैक्ट खेल हर रेड, टैकल और स्प्रिंट में खिलाड़ियों के घुटनों और जोड़ों पर भारी दबाव डालता है। ऐसे में चोट से बचाव और तेजी से वापसी ही तय करती है कि खिलाड़ी मैदान पर टिके रहेंगे या बाहर बैठेंगे। फ्रिडो के नीकैप सपोर्ट्स, पोस्टचर करेक्टर्स और रिस्ट ब्रेसेज खिलाड़ियों को अतिरिक्त सुरक्षा, स्थिरता और आत्मविश्वास के साथ पूरे सीजन खेलने में मदद करेंगे।



# निशाने पर पीएम-सीएम

केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद में एक बिल पेश किया है, जिसमें गिरफ्तारी या 30 दिन हिरासत पर पीएम-सीएम का पद समाप्त हो जाएगा। यह 5 साल से अधिक सजा वाले अपराध में लागू होगा। सरकार ने इस बिल को जेपीसी को भेज दिया है, वहीं विपक्ष ने विरोध किया है। जैसे ही गृहमंत्री अमित शाह ने इस बिल को पेश किया, तो विपक्षी सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया।

विपक्ष का तर्क है कि इस बिल के बहाने मोदी सरकार देश की न्याय व्यवस्था को कमजोर करना चाह रही है, जिसे वे नहीं होने देंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में इससे संबंधित तीन बिल पेश किए। तीनों विधेयकों के खिलाफ लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की। ये तीनों बिल अलग-अलग इसलिए लाए गए हैं, क्योंकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित राज्यों के लीडर्स के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं। विपक्ष ने इस बिल को महा-आपातकाल से भी बढ़कर बताया और कहा कि यह भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त करने वाला कदम है। यह कठोर कदम भारत में लोकतंत्र और संघवाद के लिए मृत्यु-घंटी है। आखिर इस बिल में ऐसा क्या है, जिसका विपक्ष विरोध कर रहा है।

केंद्र शासित प्रदेश सरकार विधेयक 2025 के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए सीएम या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे मामलों में केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 की धारा 45 में संशोधन करने की जरूरत है। वहीं संविधान विधेयक, 2025 के उद्देश्यों के अनुसार, संविधान के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239एए में संशोधन की जरूरत है। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2025 के उद्देश्यों के अनुसार, जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में सीएम या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करने हेतु जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन की जरूरत है। विपक्ष का कहना है कि ऐसे बिलों की आड़ में सरकार संविधान बदलना चाहती है, जिसे किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

## पुलिस स्टेट बन जाएगा देश



संविधान संशोधन विधेयक संविधान में निहित शक्ति-विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है और जनता के जरियें चुनी हुई सरकारों के अधिकार को कमजोर करता है, इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज और जल्लाद दोनों बन जाएं, यह सरकार किसी भी कीमत पर देश को पुलिस स्टेट में बदलने पर तुली हुई है, यह कदम चुनी हुई सरकारों पर सीधा हमला है और लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाला है, अगर इन विधेयकों को लागू किया गया, तो यह भारत के लोकतंत्रपर डेथ नेल (अंतिम वॉर) साबित होगा।

**-असदुद्दीन ओवैसी**
**सांसद, एआईएमआईएम**

# जननायक राहुल गांधी का एक दांव और एनडीए की धड़कनें तेज





**तसलीम कुरैशी**

देश की सियासत बहुत तेजी से करवटें बदल रही है साथ ही जननायक की भूमिका में आए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की स्वीकार्यता देश में बहुत तेजगति से बढ़ती जा रही है। नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी की सियासी गुगली में मोदी की भाजपा सहित एनडीए भी फंसता दिखाई दे रहा है। उपराष्ट्रपति के चुनाव का मुकाबला रोचक हो गया है, क्योंकि यह मुकाबला दक्षिण के दो नेताओं के बीच होने की संभावना बढ़ गई है। उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर राजनीति में बड़ा धमाका हो चुका है।

एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को हराने के लिए नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी ने मोदी स्टाइल में ही मास्टर स्ट्रोक चल दिया है उसका सियासी तोड़ मुश्किल नजर आ रहा है एनडीए खेमे में काफी बेचैनी महसूस की जा रही है। जननायक जब यह कहते हैं कि भाजपा ने बिहार में चुनी हुई सरकार चोरी की। 20 सालों से युवाओं का भविष्य चोरी किया। अब यहां के गरीबों से उनका वोट चोरी कर रहे हैं। बिहार के लोग ये चोरी रोकेंगे, 2 दशक का हिसाब भी लेंगे और वोट से जवाब भी देंगे तो जनता एक सुर में आवाज मिलाती नजर आती है। नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी मोदी सरकार को शुरू से ही घेरने का काम कर रहे हैं। वोट चोरी को लेकर वह एक बड़े आंदोलन को देश में खड़ा करने की ओर बढ़ रहे हैं।

इसकी शुरुआत वह बिहार से कर चुके हैं और उन्हें वहां अच्छे पैमाने पर समर्थन मिल रहा है। इस आंदोलन को जनता के मिल रहे सहयोग की बिहार की सड़कें गवाही दे रही है कि राहुल गांधी अब सिर्फ राहुल गांधी नहीं रहे अब वह जननायक बन गए हैं और यह बात नरेन्द्र मोदी सहित आरएसएस को परेशान कर रही है। राहुल गांधी को लेकर देशभर में प्रोपेगेंडा किया गया था कि शहजादे है पप्पू है पता नहीं क्या-क्या संघियों ने प्रचारित किया था, लेकिन हकीकत उसके उलट थी और है वह बहुत ही सिद्धांतवादी इंसान हैं इंसान मतलब इंसान।

इंसान के रूप में हैवान नहीं जैसा कि आज लोग हैं इंसान नहीं हैवानियत रूप धारण किए हुए हैं जबकि राहुल गांधी सभ्यताओं से भरपूर हैं जिसको देख मन सुखी हो उठता है। उनके द्वारा किए जा रहे आंदोलन में आ रही अपार भीड़ इसका प्रमाण है कि राहुल गांधी अब सिर्फ राहुल गांधी नहीं रह गए हैं वह जननायक बन गए हैं। बच्चे हों बड़े बुजुर्ग हों या जवान महिला हों या पुरुष सब एक झलक पाने को आतुर रहते हैं यही नहीं उनके द्वारा वोट चोरी को लेकर जो बातें की गई हैं या की जा रही हैं उसे वह सही मान रहे हैं और उसका समर्थन कर रहे हैं जो नरेन्द्र मोदी के लिए खतरे की घंटी है जिसको नरेन्द्र मोदी सहित पुरा संघ परिवार समझ चुका है कि अब सत्ता की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अब सबसे ज्यादा मुश्किल में पहले चंद्रबाबू नायडू हैं जो एनडीए का हिस्सा होकर भी अपने ही आंध्र प्रदेश से उतरे विपक्षी उम्मीदवार को कैसे नकारें?

दूसरा नाम उसी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी हैं जो कि राजनीति में अपने अस्तित्व को बचाने की जुगत में हैं लेकिन वोट देने में फंसा दुविधा जाल और तीसरे तेलंगाना राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) हैं जो कि तेलंगाना की सियासत के बेताज बादशाह कहे जाते थे या है, अब खुद को किस ओर जाएं की दुविधा में पाते हैं। विपक्ष ने चतुराई दिखाते हुए बी. सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है, जिनका ताल्लुक आंध्र प्रदेश से यानी दक्षिण से ही है। यानी उपराष्ट्रपति के चुनावी खेल में दक्षिण का मुकाबला दक्षिण से ही होगा सियासत भी कितनी अजीबोगरीब होती है कभी कैसे तो कभी कैसे रंग बदल लेती है, जिससे एनडीए के सहयोगियों को सबसे ज्यादा असहज होना पड़ेगा। यहां एक सवाल सबसे बड़ा यह भी है जबसे नरेन्द्र मोदी ने तीसरा कार्यकाल शुरू किया था तबसे ही मुंह बाएं खड़ा है जब 2024 के चुनावी परिणाम घोषित हो गए और यह तय हो गया था कि भाजपा की ही सरकार बनेगी, तो भाजपा ने पार्टी की संसदीय दल की बैठक क्यों नहीं बुलाई थी।

क्या नरेन्द्र मोदी को इस बात खतरा था कि कहीं आरएसएस खेला ना कर दे क्यों एनडीए के संसदीय नेताओं की बैठक में ही नरेन्द्र मोदी ने अपने नाम पर मुहर लगवाई थी क्या नरेन्द्र मोदी और आरएसएस के बीच चल रही रस्साकशी वजह तो नहीं थी। अगर थी तो क्या अब वह सियासी चिंगारी भड़केगी या वैसे ही फुसफुसा कर ही रह जाएगी जैसे 2024 में रह गई थी क्योंकि उपराष्ट्रपति पद के एनडीए प्रत्याशी संघ की पृष्ठभूमि से ही आते है। यह दांव सिर्फ उपराष्ट्रपति चुनाव का नहीं है, बल्कि एनडीए की एकजुटता की असली परीक्षा है। हो सकता है कि एनडीए की पहली बड़ी दरार इसी चुनाव में खुलकर सामने आ जाए अगर यह आशंका सही साबित हुई तो नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने भी संकट खड़ा दिखाई देगा और इस संकट से निपटना मुश्किल हो सकता है, तो सवाल यह है कि क्या चंद्रबाबू नायडू, जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना के केसीआर पार्टी लाइन पर चलेंगे या फिर अपने ही राज्य की जमीन से उठे उम्मीदवार के खिलाफ जाकर अपनी राजनीति की सियासी कब्र खोदेंगे और अगर ऐसा हुआ, तो क्या एनडीए की मजबूती सिर्फ नाम की रह जाएगी?

क्या नरेन्द्र मोदी को इस बात खतरा था कि कहीं आरएसएस खेला ना कर दे क्यों एनडीए के संसदीय नेताओं की बैठक में ही नरेन्द्र मोदी ने अपने नाम पर मुहर लगवाई थी क्या नरेन्द्र मोदी और आरएसएस के बीच चल रही रस्साकशी वजह तो नहीं थी। अगर थी तो क्या अब वह सियासी चिंगारी भड़केगी या वैसे ही फुसफुसा कर ही रह जाएगी जैसे 2024 में रह गई थी क्योंकि उपराष्ट्रपति पद के एनडीए प्रत्याशी संघ की पृष्ठभूमि से ही आते है। यह दांव सिर्फ उपराष्ट्रपति चुनाव का नहीं है, बल्कि एनडीए की एकजुटता की असली परीक्षा है। हो सकता है कि एनडीए की पहली बड़ी दरार इसी चुनाव में खुलकर सामने आ जाए अगर यह आशंका सही साबित हुई तो नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने भी संकट खड़ा दिखाई देगा और इस संकट से निपटना मुश्किल हो सकता है, तो सवाल यह है कि क्या चंद्रबाबू नायडू, जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना के केसीआर पार्टी लाइन पर चलेंगे या फिर अपने ही राज्य की जमीन से उठे उम्मीदवार के खिलाफ जाकर अपनी राजनीति की सियासी कब्र खोदेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मलेरिया रोकथाम के दो नए प्रयास

**वैज्ञानिक उक्त तकनीकों को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन सतर्क भी हैं। यह सफल रहे तो भी इनका उपयोग मच्छरदानी, दवाइयों और कीटनाशकों जैसी अन्य रोकथाम विधियों के साथ मिलाकर ही करना होगा और कुछ सवाल अभी अनुत्तरित हैं। जैसे, क्या मच्छर या मलेरिया परजीवी इस तरह की सुरक्षा के प्रतिरोधी हो जाएंगे? ऐसे मच्छर प्रकृति में छोड़े गए, तो पर्यावरण व पारिस्थितिकी पर दीर्घकालिक असर क्या होंगे? अनचाहे परिणामों से बचाव कैसे किया जाएगा?**

मलेरिया रोकथाम के दो नए उपाय सामने आए हैं। एक उपाय में इंसानी खून को मच्छरों के लिए जहरीला बनाने का प्रयास किया गया है ताकि काटते ही मच्छर मर जाएं। दूसरे उपाय में कोशिश यह है कि मच्छरों को मलेरिया परजीवी के लिए अनुपयुक्त बना दिया जाए।

पहले उपाय में आइवरमेक्टिन नामक एक दवा का उपयोग शामिल है। यह दवा न केवल कृमियों को मारती है बल्कि जूं जैसे कीटों का भी खात्मा करती है। इसके अलावा जब कोई व्यक्ति इसे गोली के रूप में लेता है, तो उसका खून पीने वाले कीट भी मर जाते हैं। विचार यह आया कि यदि मच्छर ऐसे व्यक्ति को काटें जिसने हाल ही में आइवरमेक्टिन ली हो, तो क्या वे भी मर जाएंगे? और अगर एक साथ पूरा समुदाय यह दवा ले ले, तो क्या मच्छरों की संख्या घट सकती है?

प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे। एक दिन पहले आइवरमेक्टिन लेने वाले लोगों के खून पर पले 73 प्रतिशत मच्छर दो दिन में मर गए, जबकि नियंत्रण समूह में केवल 31 प्रतिशत। लेकिन असली चुनौती वास्तविक दुनिया में इसके असर को साबित करना था। अक्टूबर 2023 में दक्षिण केन्या के क्वाले काउंटी में एक बड़ा परीक्षण बरसात के मौसम की शुरुआत में हुआ, जब मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है। अध्ययन में 84 बस्तियों को शामिल किया गया था। आधी बस्तियों के लोगों को तीन महीने तक, हर महीने आइवरमेक्टिन दी गई और बाकी आधों को परजीवी नाशी दवा अल्बेंडेजोल दी गई, जो मच्छरों पर कोई असर नहीं करती। अगले छह महीनों में आइवरमेक्टिनसमूह में बच्चों में मलेरिया के नए मामलों में 26 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि कई वैज्ञानिक इस नतीजे से सहमत नहीं है। एक तो, 26 प्रतिशत की कमी व्यापक इस्तेमाल के लिए पर्याप्त नहीं है। दूसरा, यह दवा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को नहीं दी जा सकती।


इसके अलावा बुर्किना फासो के दो परीक्षणों और गिनी-बिसाऊ (2024) के एक परीक्षण में कोई खास फायदा नहीं दिखा था। हालांकि, केन्या परीक्षण थोड़ा अलग था - दवा बरसात की शुरुआत में ही दे दी गई थी, जब मच्छर तेजी से बढ़ते हैं, और कई बार दी गई। एक अतिरिक्त फायदा यह हुआ कि खुजली और जुओं का भी सफाया हो गया। फिर भी इसकी कई चुनौतियां हैं। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए यह दवा सुरक्षित नहीं है। हर खुराक के बाद दवा खून में कुछ ही दिनों तक प्रभावी रहती है। लंबे समय तक असर करने वाले संस्करणों पर फिलहाल शोध चल रहा है। मलेरिया के मामलों में महज 26 प्रतिशत कमी लागत और मेहनत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO का नियम है कि जब तक कम से कम दो बड़े और उच्च-गुणवत्ता वाले परीक्षणों में मजबूत सुरक्षा न दिखे, किसी तरीके को बड़े पैमाने पर अपनाने की सिफारिश नहीं की जा सकती। शोधकर्ता भी उपरोक्त शंकाओं को दूर करने की दिशा में और शोध कार्य करने की योजना बना रहे हैं।

दूसरा तरीका मच्छरों को ही मलेरिया के खिलाफ हथियार बनाने का है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में मच्छरों के जीन में बदलाव करके उन्हें मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम का वाहक बनने से रो. कने का प्रयास किया गया है। आगे, जीन ड्राइव नामक तकनीक से इस गुण को तेजी से मच्छरों की आबादी में फैलाया जा सकता है। आम तौर पर मच्छर अपने जीन का आधा हिस्सा ही अगली पीढ़ी को देते हैं। लेकिन जीन ड्राइव एक खास आनुवंशिक तकनीक है, जो इस नियम को बदल देती है।

यह चुने हुए जीन को लगभग सभी संतानों में पहुंचाती है, जिससे वह तेजी से पूरी आबादी में फैल जाता है। यह तरीका कारगर तो है, लेकिन विवादास्पद भी है, क्योंकि इससे किसी प्रजाति में स्थाई और बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं, जिनके पर्यावरण पर अनजाने असर पड़ सकते हैं। इसलिए नए शोध में वैज्ञानिकों ने कृत्रिम जीन बनाने की बजाय, मच्छरों में पहले से प्राकृतिक रूप से मौजूद एक उत्परिवर्तन का सहारा लिया। इस उत्परिवर्तन के चलते कुछ एनॉफिलीज गैंबिया मच्छरों में एक प्रोटीन का थोड़ा बदला हुआ रूप पाया जाता है। यह बदला हुआ प्रोटीन मलेरिया परजीवी को मच्छर के शरीर में अपना जीवन-चक्र पूरा करने में मुश्किल पैदा करता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# वोट चोरी का मुद्दा: तू इधर-उधर की बात न कर...





**निर्मल रानी**

भारत में इन दिनों वोट चोरी का मुद्दा आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में होने वाले चुनावों की हालांकि पूरे विश्व में सराहना की जाती है परन्तु यह भी सही है कि इन चुनावों की पारदर्शिता को लेकर भी दशकों से सवाल उठते रहे हैं। आज यदि ईवीएम से होने वाली कथित धांधली पर सवाल उठाया जाता है तो बैलेट पेपर और मत पेटी के दौर में बूथ कैप्चरिंग व वोट गिनती में धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं परन्तु पिछले दिनों इस सम्बन्ध में उठा विवाद कुछ ज्यादा ही तूल पकड़ गया है।

इस विवाद में एक तरफ भारतीय जनता पार्टी व चुनाव आयोग है तो दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में इण्डिया गठबंधन के सभी दल। यह विवाद दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव व कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद उस समय शुरू हुआ, जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में गड़बड़ियों और वोटर फ्रॉड के गंभीर आरोप लगाए।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने दावा किया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर चुनावों में बेईमानी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और डुप्लिकेट वोटर की प्रविष्टियां बनाई गई हैं। कि कई जगह तो मतदाताओं के नाम सूची से भी हटा दिए गए हैं।

इस संबंध में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग द्वारा ही उपलब्ध कराए गए वोटर लिस्ट के विशाल भंडार के शोध के आधार पर ही विशेष रूप से कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण दिया। उन्होंने अपनी पड़ताल में पाया कि अकेले महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में ही डुप्लिकेट प्रविष्टियों और फर्जी पतों के द्वारा 1,00,250 वोट चुराए गए। विपक्ष के मुताबिक इस तरह की गड़बड़ियों के कारण ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को 2024 के चुनाव में पराजय हुई। विशेष रूप से उन सीटों पर जहां हार का अंतर 50,000 वोटों से कम था। राहुल गांधी ने तो यहां तक दावा किया कि इसी वोटर फ्रॉड की वजह से ही कांग्रेस को लगभग 70 लोकसभा सीटों का नुकसान हुआ। इसी बीच बिहार में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनावों से पूर्व चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण Special Intensive Revision - SIR का काम शुरू कर दिया। इस प्रक्रिया में बिहार की मतदाता सूची से लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिसे विपक्ष ने वोट चोरी का हिस्सा बताया। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए चुनाव आयोग को इन हटाए गए नामों का विवरण और कारण सार्वजनिक करने का निर्देश दिया।

उसके बाद ही चुनाव आयोग ने इन्हें सार्वजनिक किया। एक तरफ तो विपक्ष अर्थात इण्डिया गठबंधन, इस पूरे प्रकरण को लेकर चुनाव आयोग की बीजेपी के साथ मिलीभगत का आरोप लगा रहा है जबकि बीजेपी व चुनाव आयोग इसे विपक्ष की बौखलाहट और अनर्गल आरोप करार दे रहे हैं। पहले भी चुनाव आयोग विपक्ष के इस तरह के आरोपों को बार-बार खारिज करता रहा है, परन्तु कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक ने इस मुद्दे को जनता तक ले जाने के लिए वोट चोरी से आजादी अभियान शुरू किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गत 17 अगस्त, 2025 को चुनावी राज्य बिहार के सासाराम से अपनी 16 दिवसीय मतदाता अधिकार यात्रा शुरू की।

1,300 किलोमीटर की यह यात्रा 1 सितंबर को पटना में एक विशाल रैली के साथ समाप्त होगी, जिसमें विभिन्न भारतीय राजनैतिक दलों के नेता शामिल होंगे। दूसरी तरफ ठीक उसी दिन व उसी समय यानी 17 अगस्त 2025 को ही चुनाव आयोग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि मतदाता सूची की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत है। आयोग ने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की जांच के लिए समय दिया जाता है, लेकिन विपक्ष ने समय पर आपत्तियां दर्ज नहीं कीं। आयोग ने राहुल गांधी से उनके आरोपों के समर्थन में शपथ पत्र मांगते हुए कहा कि यदि उन्होंने एक सप्ताह में अपनी आपत्तियों से सम्बंधित हलफनामा नहीं दिया तो उन्हें देश से मुआफी मांगनी पड़ेगी। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सी सी टी वी फुटेज को लेकर भी चुनाव आयोग ने कई ऐसी बातें कीं जिसे पक्षपातपूर्ण व अतार्किक माना जा रहा है। बहरहाल, विपक्ष व चुनाव आयोग के बीच भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार इस कद्र तल्खी पैदा हुई है। चुनाव आयोग की मनमानी को बेनकाब करने के लिए कांग्रेस ने http://votechori.in के नाम से एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है, जहां लोग वोट चोरी के विरुद्ध अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और डिजिटल मतदाता सूची की मांग का समर्थन कर सकते हैं।

साथ ही कांग्रेस ने टोल फ्री नंबर 9650003420 भी मिस्ड कॉल के लिए जारी किया है। इस पर जनता उन्हें अपना समर्थन व वोट सम्बन्धी अपनी शिकायत दे सकती है। विपक्ष ने इस मुहिम को वोट चोरी से आजादी अभियान का नाम दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि अब वोट चोरी के मुद्दे ने देश की राजनीति में उबाल पैदा कर दिया है। पूरा देश इसे एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दे के रूप में देख रहा है, क्योंकि चुनाव आयोग व भाजपा की जुगलबंदी ने भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़ा कर दिया है। विपक्ष तो सीधे तौर पर इसे लो. कतंत्र पर हमला बता रहा है। देश के मतदाता इस समय चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण रवैये से परेशान होकर यही कहते दिखाई दे रहे हैं कि तू इधर उधर की बात न कर। ये बता कि काफिला क्यों लुटा? मुझे रहजनों से गरज नहीं। तेरी रहबरी का सवाल है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन, फ्रांस यूक्रेन में सैनिक तैनात नहीं करेंगे

**मास्को।** ब्रिटेन और फ्रांस यूक्रेन में अपने हजारों सैनिक तैनात करने का कोई इरादा नहीं है लेकिन तथाकथित 'इच्छुक गठबंधन' यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी के लिए वैकल्पिक तरीकों पर विचार कर रहा है। द टाइम्स अखबार की जारी रिपोर्ट में यह खबर दी गई। जिसके अनुसार 'इच्छुक गठबंधन' यूक्रेन को हवाई और समुद्री हमलों से बचाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। साथ ही वह यूक्रेनी सशस्त्र बलों को फिर से मजबूत करने में मदद के लिए जमीनीस्तर पर सैन्य प्रशिक्षकों को तैनात कर रहा है।

### कराची में बारिश का कहर, 11 लोगों की मौत, 10 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में बारिश जनित हादसों में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भारी बारिश के कारण कई इलाके झीलों में तब्दील हो गए और अनेक उड़ानें बाधित हुईं तथा बिजली गुल हो गई।बारिश के पानी में डूबने और करंट लगने से भी लोगों की मौत हुई है। राहत एंव बचाव विभाग के अनुसार, दक्षिणी सिंध प्रांत की राजधानी कराची में मंगलवार सुबह से हो रही भारी बारिश के बाद बिजली का करंट लगने, डूबने और दीवार गिरने की घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गई।

### नाइजीरिया में मस्जिद पर हमले में तेरह लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कात्सिना में नमाज के दौरान एक मस्जिद पर बंदूकधारियों के एक समूह द्वारा किए गए हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी है। कात्सिना के आंतरिक सुरक्षा और गृह मामलों के आयुक्त नासिर मुआज़ू ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बंदूकधारियों ने मालुमफशी में मुस्लिम बहुल उन्गुवान मंतौ समुदाय पर हमला किया और सुबह की नमाज के दौरान मस्जिद में नमाजियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि हमलावरों के 'प्रतिशोध अभियान' पर होने का संदेह है।

### अफगानिस्तान में बस-ट्रक हादसे में 79 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत हेरात में मंगलवार रात हुए सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 79 हो गई है। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना उस वक्त हुई जब ईरान से हेरात लौट रही बस एक मोटर साईकिल से टकराने के बाद वहां अन्य मिनी ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और यात्रियों को बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिल सका। यह दुर्घटना इतनी भयानक थी कि आग में जले शवों की पहचान भी मुश्किल हो गई है।



नई दिल्ली। संसद में कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी, LOP राज्यसभा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व इंडिया गठबंधन के नेताओं के द्वारा उप-राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी का अभिनंदन किया गया।

## चीनी विदेश मंत्री वांग ई पाकिस्तान के बजाए अफगानिस्तान पहुंचे

**नई दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई अपनी प्रस्तावित पाकिस्तान यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव करते हुए अफगानिस्तान पहुंच गए हैं। वह काबुल में छठी चीन-अफगानिस्तान-पाकिस्तान त्रिपक्षीय विदेश मंत्रियों की वार्ता में भाग लेने वहां गए हैं। इस वार्ता में तीनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। वांग ई की बीते तीन सालों में यह पहली अफगानिस्तान यात्रा है। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार इस बैठक में भाग लेने के लिए काबुल पहुंच चुके हैं। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने काबुल में त्रिपक्षीय वार्ता के लिए वांग ई और डार के आगमन की घोषणा करते हुए कहा कि इस बैठक में तीनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी।

# सुदर्शन रेड्डी लड़ेंगे दमदार चुनाव: राहुल गांधी

## उपराष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस ने कसी कमर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। विपक्ष का दावा है कि यह चुनाव सिर्फ एक पद के लिए नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को रेड्डी के समर्थन में एकजुट होकर यह संदेश दिया कि विपक्ष अब संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने वालों और उस पर हमला करने वालों के बीच की लड़ाई है।

उन्होंने बताया कि रेड्डी ने तेलंगाना में जाति जनगणना पर काम किया और सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस दृष्टिकोण तैयार किया। राहुल ने एक दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए कहा कि जब उन्होंने रेड्डी से बातचीत की, तो उनकी जेब में संविधान की प्रति थी। रेड्डी ने उन्हें बताया कि वे पिछले 52 वर्षों से संविधान अपने साथ रखते हैं क्योंकि किसी भी कानूनी बहस का अंतिम उत्तर संविधान ही होता है। राहुल ने कहा कि यही प्रतिबद्धता आज देश को चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बीते

- लोक सभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने समर्थन में एकजुट होकर संदेश दिया
- यह चुनाव संविधान को बचाने वालों और उस पर हमला करने वालों के बीच की लड़ाई है
- राहुल गांधी ने कहा: जब उन्होंने रेड्डी से बातचीत की, तो उनकी जेब में संविधान की प्रति थी



11 वर्षों में सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी संसदीय बहुमत का बार-बार दुरुपयोग किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जैसी स्वायत्त एजेंसियों को विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल किया है। खड़गे ने कहा कि अब नए विधेयक भी विपक्षी सरकारों को कमजोर करने और उन्हें अस्थिर करने के औजार बना दिए गए हैं। उनके अनुसार, संसद में लगातार विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है और गंभीर जनहित के मुद्दों पर बहस तक नहीं होने दी जा रही। खड़गे ने जोर देकर कहा कि ऐसे समय में बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी विपक्ष की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रेड्डी का जीवन और काम संविधान की आत्मा को दर्शाता है न्याय, करुणा और हर नागरिक को सशक्त बनाने की भावना। विपक्ष का मानना है कि रेड्डी उपराष्ट्रपति पद पर बैठकर न केवल लोकतंत्र की रक्षा करेंगे बल्कि देश को न्याय और एकता की नई दिशा देंगे।

# भारत पर प्रतिबंध का मकसद रूस पर दबाव

## अमेरिका ने कहा: प्रतिबंध से यूक्रेन जंग रोकने में मदद मिलेगी, भारत पर अब तक 50% टैरिफ लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले तक ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प ने भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसमें 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी। लीविट के मुताबिक इसका मकसद रूस पर सेकेंडरी प्रेशर डालना है, ताकि वह युद्ध खत्म करने पर मजबूर हो। लीविट ने दावा किया कि आपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने में ट्रम्प ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रेस सेक्रेटरी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर इस संघर्ष को खत्म कराया। लीविट ने कहा कि ट्रम्प ने अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच पीस डील कराई। साथ ही रवांडा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कान्गो के बीच संघर्ष खत्म करने में मदद की। व्हाइट हाउस के मुताबिक, फिलहाल ट्रम्प का सबसे ज्यादा ध्यान रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास जंग को खत्म कराने पर है। ट्रम्प पहले भी कई बार भारत-पाक संघर्ष को खत्म कराने का श्रेय खुद को दे चुके हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रम्प ने इस बातचीत को सफल बताया। वहीं जेलेंस्की ने कहा कि यह अब तक की उनकी सबसे अच्छी बातचीत रही। हालांकि इस दौरान रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है।

### यूएस ने 6000 स्टूडेंट वीजा रद्द किए स्टूडेंट में से 4000 अपराध और आतंकवाद में शामिल बताए गए

दूसरी ओर अमेरिका ने 6000 से ज्यादा इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के वीजा रद्द कर दिए हैं। जांच में पाया गया कि इनमें से कुछ ने कानून तोड़ा, कुछ वीजा एक्सपायर होने के बाद भी रुके हुए थे, जबकि कुछ गंभीर अपराधों में शामिल थे। अमेरिका में रद्द किए गए 6000 वीजा में से लगभग दो-तिहाई यानी करीब 4000 वीजा धारक अपराधों में शामिल थे। इनमें मारपीट, चोरी और नशे में गाड़ी चलाना शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि कुछ मामले आतंकवाद से भी जुड़े थे। 2023-24 में अमेरिकी कालेजों में 11 लाख से ज्यादा विदेशी छात्र पढ़ रहे थे। सरकार को चिंता है कि कुछ लोग एजुकेशन वीजा का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वजह से वीजा नियमों की जांच को और सख्त किया जा रहा है। अमेरिका ने 200 से 300 स्टूडेंट वीजा आतंकवाद से जुड़े मामलों की वजह से रद्द किए हैं। इन वीजा को इमिग्रेशन और नेशनैलिटी एक्ट की उस धारा के तहत रद्द किया गया, जो आतंकवाद और सुरक्षा से जुड़ी है। इन मामलों की डिटेल जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। अधिकारियों का कहना है कि इन घटनाओं में न सिर्फ अमेरिकी कानूनों का उल्लंघन किया गया, बल्कि कालेज कैंपस और आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया गया। अमेरिकी सरकार इंटरनेशनल छात्रों को वीजा देने की प्रोसेस को लगातार सख्त करती जा रही है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कुछ दिन पहले ही 2 सितम्बर से वीजा की ड्राप बाक्स सुविधा यानी इंटरव्यू वेवर प्रोग्राम (आईडब्ल्यूपी) को बंद करने की घोषणा की है।

### हमारे कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं, अमेरिकी दबाव गलत: रूस





**मास्को/ नई दिल्ली।** रशियन आयल खरीदने के चलते भारत पर बनाए जा रहे अमेरिकी दबाव को रूस ने गलत बताया है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने कहा: भारत इस बात को समझता है कि तेल आपूर्ति को बदलने का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि रूसी तेल भारत के लिए बहुत फायदेमंद है। भारत के लिए रूसी कच्चे तेल पर डिस्काउंट लगभग 5 प्रतिशत है। रोमन बाबुश्किन ने कहा-भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है, लेकिन हमें भारत के साथ अपने संबंधों पर विश्वास है। हमें विश्वास है कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत-रूस ऊर्जा सहयोग जारी रहेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस के दूतावास ने ये भी कहा कि ष्अगर भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में नहीं जा सकते, तो वे रूस की तरफ जा सकते हैं। दरअसल, अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल खरीदने के चलते 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इससे अमेरिका में भारत के सामान महंगे हो जाएंगे।

# फलस्तीन को मान्यता देने पर ऑस्ट्रेलिया-इजरायल में तनाव

## ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने खारिज किए नेतन्याहू के आरोप

**मेलबर्न।** फलस्तीन को मान्यता देने के बाद आस्ट्रेलिया और इजरायल के बीच तनाव बढ़ गया है। इजरायल लगातार आस्ट्रेलिया के इस कदम का विरोध कर रहा है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज पर आरोप लगाया कि वे एक कमजोर राजनेता हैं।

उन्होंने इजरायल को धोखा दिया है। अल्बनीज ने नेतन्याहू के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने नेतन्याहू को जवाब दिया कि मैं अन्य देशों के नेताओं के साथ सम्मान से पेश आता हूं। मैं उनके साथ कूटनीतिक तरीके से बातचीत करता हूं। आस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज ने 11 अगस्त को एलान किया था कि आस्ट्रेलिया भी फलस्तीन को मान्यता देगा।

इसके बाद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इतिहास अल्बानीज को उनके व्यक्तित्व के लिए याद रखेगा। एक कमजोर राजनेता जिसने इजरायल को धोखा दिया और आस्ट्रेलिया के यहूदियों को त्याग दिया। इसके जवाब में आस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने कहा कि मैं इन बातों को व्यक्तिगत रूप से नहीं लेता। वैश्विक चिंता बढ़ती जा रही है क्योंकि लोग हिंसा के चक्र का अंत देखना चाहते हैं। इसे हम बहुत लंबे समय से देखते आ रहे हैं। आस्ट्रेलियाई भी यही देखना चाहते हैं। आस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने आस्ट्रेलिया आ रहे नेतन्याहू के गठबंधन के सदस्य दक्षिणपंथी इजरायली सांसद सिमचा रोथमैन का वीजा रद्द कर दिया। बर्क ने नेतन्याहू पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ वैसा हमला करने का आरोप लगाया, जैसा उन्होंने फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने के मुद्दे पर ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, आयरलैंड, नार्वे और स्पेन के खिलाफ किया था। बर्क ने इस बात से इंकार किया कि अल्बनीज कमजोर हैं।

### मैं अन्य देशों के नेताओं के साथ सम्मान से पेश आता हूं: ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज

# व्हाइट हाउस ने टिकॉट अकाउंट शुरू किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 'व्हाइट हाउस' ने आधिकारिक तौर पर अपना टिकटॉक अकाउंट लॉन्च किया। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा इस सोशल मीडिया ऐप को लगभग सितम्बर तक नए मालिक की तलाश करने या फिर देश में प्रतिबंध का सामना करने की समय सीमा संबंधी धमकी के बीच हुआ है।

इस अकाउंट पर मंगलवार दोपहर को पहला वीडियो पोस्ट किया गया। यह 27 सेकंड की एक क्लिप है जिसमें ट्रम्प को अपने समर्थकों के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया है। इसमें 2016 के रिपब्लिकन नेशनल सम्मेलन में उनके स्वीकृति भाषण का 'ऑडियो' भी है। इस वीडियो के कुछ ही घंटों बाद अकाउंट के 57,000 से जयादा 'फ़ॉलोअर्स' हो गए जबकि पिछले साल अपने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के लिए ट्रम्प द्वारा इस्तेमाल किए गए टिकटॉक अकाउंट पर 1.5 करोड़ से जयादा फ़ॉलोअर्स हैं।

- ट्रम्प द्वारा इस्तेमाल किए गए टिकटॉक अकाउंट पर 1.5 करोड़ से जयादा फ़ॉलोअर्स

## स्लोवेनिया ने गाजा में सहायता की पहली खेप भेजी

**लजुब्लजाना।** स्लोवेनिया ने जॉर्डन के रास्ते गाजा के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप पहुंची है। स्लोवेनिया के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्रालय के भंडार से खाद्य सामग्री और कंबल सहित यह सहायता एक स्पार्टन सैन्य मालवाहक विमान द्वारा पहुंचाई गई है। दो और उड़ानें निर्धारित हैं और सभी आपूर्ति अगस्त के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। मंत्रालय के अनुसार, यह खेप जॉर्डन में अम्मान के पास एक सैन्य हवाई अड्डे पर प्राप्त हुई। रक्षा मंत्री बोरुत साजोविक ने इस अभियान के बारे में बताया कि गाजा में नागरिक लगभग दो वर्षों से संघर्ष झेल रहे हैं।

# ट्रम्प ने वेनेजुएला के पास तीन वॉरशिप भेजे

## ड्रग्स माफिया से निपटना मकसद, वेनेजुएला ने 45 लाख लड़ाके तैनात किए, कहा: अमेरिका पागल हुआ

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने वेनेजुएला के पास तीन वॉरशिप तैनात भेजे है। वॉरशिप अगले कुछ घंटों में वेनेजुएला के तट के पास पहुंच जाएंगे। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को कहा था कि ये तैनाती ड्रग कार्टेल्स (ड्रग्स की तस्करी करने वाले ग्रुप्स) और इससे जुड़ी हिंसा को रोकने के लिए किया जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि वेनेजुएला की सरकार ड्रग तस्करी को बढ़ावा दे रही है।

वहीं, वेनेजुएला ने अमेरिका के इन आरोपों को खारिज किया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने वॉरशिप तैनाती के खिलाफ 45 लाख सैनिकों को तैनात करने का ऐलान किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, यूएसएस ग्रेवली, यूएसएस जेसन डनहम और यूएसएस सैम्पसन नाम के तीन एजिस



- ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि वेनेजुएला की सरकार ड्रग तस्करी को बढ़ावा दे रही है

गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रायर वॉरशिप जल्द ही वेनेजुएला के तट पर पहुंचेंगे। तीनों वॉरशिप हवा, समुद्र, और पनडुब्बी हमलों से रक्षा करने में माहिर है। इनके साथ 4,000 सैनिक, पी-8ए पोसाइडन विमान, और एक हमलावर पनडुब्बी भी शामिल है। यह अगले कुछ महीनों तक इस इलाके में ड्रग तस्करी के खिलाफ अभियान में शामिल रहेंगे। वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका का वेनेजुएला पर ड्रग तस्करी का आरोप उसकी विश्वसनीयता की कमी को दिखाता है। गिल बोले, श्हम शांति और संप्रभुता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका की हर धमकी यह साबित करती है कि वह एक स्वतंत्र देश को झुका नहीं सकता। ट्रम्प प्रशासन मादुरो को दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करों में से एक मानता है। अमेरिका ने 8 अगस्त को मादुरो की गिरफ्तारी के लिए इनाम की राशि को दोगुना करके 435 करोड़ रुपये कर दिया। इससे पहले मादुरो पर 217 करोड़ रुपये का इनाम था।

# इजरायल ने गाजा पर कब्जे को प्लानिंग को दी मंजूरी

## करीब 60 हजार रिजर्व फोर्स को सरकार ने डयूटी पर बुलाया, कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात करेगा

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए उन्होंने करीब 60 हजार एक्स्ट्रा सैनिकों (रिजर्व फोर्स) को डयूटी पर बुलाने का आदेश दिया है।



- सैनिकों को डयूटी जाइन करने से कम से कम दो हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा

इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। इजरायल ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए 1.30 लाख सैनिकों को मोर्चे पर तैनात करने का फैसला किया है। सैनिकों को डयूटी जाइन करने से कम से कम 2 हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितम्बर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाएंगे। दूसरी खेप नवम्बर-दिसम्बर में और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। यह फैसला रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सेना प्रमुख और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक के बाद लिया। गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान को गिदोन'स चेरीअट्स-बी नाम दिया गया है। इस दौरान पहले से डयूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा 30-40 दिन और बढ़ा दी जाएगी। इस कार्रवाई में 5 आर्मी डिवीजन शामिल रहेंगी। इसमें 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट शामिल होंगी। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नार्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा लेंगी। इजरायल यह कदम हमास पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है, क्योंकि गाजा में लगभग दो साल से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए एक नई शांति योजना पर काम हो रहा है। इस नई योजना में 60 दिन तक युद्ध रोकने, बंधकों को चरणबद्ध तरीके से छोड़ने, कुछ फलस्तीनी कैदियों को रिहा करने और गाजा में खाने-पीने की चीजें पहुंचाने पर बात हो रही है। कतर ने कहा कि यह योजना पहले की एक योजना जैसी है, जिसे इजरायल ने मंजूर किया था। मिस्र ने कहा कि अब इजरायल को फैसला करना है। इजरायली सेना ने बताया है कि गाजा सिटी पर कब्जे की तैयारी शुरू हो चुकी है। अभी गाजा सिटी के बाहरी इलाकों में आपरेशन चल रहा है। जैतून इलाके में नहल और 7वीं आर्मर्ड ब्रिगेड आपरेशन चला रही है। वहीं एक दूसरे इलाके, जबालिया में गिवाती ब्रिगेड कफ आपरेशन को अंजाम दे रही है। यह अभियान कई स्टेप में चलेगा।

# नेतन्याहू ने मैक्रों पर यहूदी-विरोधी भावना भड़काने का लगाया आरोप

**तेल अवीव।** इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर यहूदी-विरोधी भावना भड़काने का आरोप लगाया है। पॉलिटिको ने एक पत्र का हवाला देते हुए बताया कि इजराइल ने फलस्तीन राज्य को मान्यता देने की पेरिस की पहल के बाद यह आरोप लगाया है।

मंगलवार को पॉलिटिको में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने मैक्रों को लिखे पत्र में कहा कि फलस्तीन के लिए आपका आह्वान इस यहूदी-विरोधी आग में घी डालने जैसा है-यह कूटनीति नहीं, बल्कि तुष्टिकरण है। यह हमास के आतंक को बढ़ावा देता है, बंधकों को रिहा करने से हमास के इनकार को और मज़बूत बनाता है, फ्रांसिसी यहूदियों को धमकाने वालों को बढ़ावा देता है और यहूदी-घृणा को बढ़ावा देता है, जो अब आपके यहां भी दिखने लगी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि एलिसी पैलेस (फ्रांस के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) ने नेतन्याहू को जवाब दिया कि फ्रांस 'यहूदी धर्म के अपने देशवासियों की रक्षा करता है और हमेशा करता रहेगा' और इज़राइली प्रधानमंत्री से 'भ्रम और छल-कपट की नहीं, बल्कि गंभीरता और ज़िम्मेदारी की माँग करता है।' मैक्रों के कार्यालय ने कथित तौर पर कहा कि नेतन्याहू के आरोप गलत, घृणित हैं और इनका जवाब दिया जाएगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108